✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 27 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 24 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



प्रदेश राजद कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करते लालू प्रसाद यादव

मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर बन रहे छह लेन ग्रीन फील्ड पुल के पहले फेज का किया उद्घाटन

कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से होगा विकास : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। दक्षिण बिहार से उत्तर बिहार के बीच नई लाइफ लाइन का सपना सोमवार को साकार हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगा नदी पर बन रहे छह लेन ग्रीन फील्ड पुल कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल के राघोपुर तक के हिस्से का लोकार्पण किया। एक दशक पहले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास नीतीश कुमार ने ही किया था। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर छह लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये



सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया तथा उत्तर और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया, जिससे आवागमन और सुगम हो गया। पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के हित में हम लगातार काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए हमसे जो बन पड़ेगा वह करेंगे। इस पुल के निर्माण के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुल के बचे हुए कार्य को तेजी से पूरा करें। इस परियोजना का 85 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। पुल के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल को जेपी गंगा पथ से जोड़ने वाले निर्माणाधीन लिंक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जेपी गंगा पथ से कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल की सीधी संपर्कता बहाल करने का काम एक माह के अंदर पूरा करें। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि यह पहला 6 लेन ब्रिज है जो उत्तर और दक्षिण बिहार की सबसे बड़ी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। अभी फर्स्ट फ़ेज का निर्माण कराया गया है। सितम्बर तक सेकेंड फ़ेज का भी निर्माण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्घाटन में स्थानीय विधायक तेजस्वी यादव को भी न्योता दिया गया था पर वो नहीं आए। लेकिन, नेता प्रतिपक्ष को मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहिए। उनके क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री ने बहुत बड़ा काम किया है। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, विधान पार्षद रवींद्र सिंह, पूर्व विधायक सतीश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक व राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह मौजूद रहे।

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू प्रसाद ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के निवर्तमान अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने एक फिर से चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। यह चुनाव राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए होना है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुरोध पर उन्होंने फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। तय है कि वह निर्विरोध पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाएंगे। लालू प्रसाद लगभग तीन दशकों से इस पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, लोग कयास लगा रहे थे 78 वर्षीय लालू बढ़ती उम्र और कई बीमारियों के कारण इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं करेंगे। लेकिन, सारे कयासों पर विराम लगाते हुए वह पार्टी कार्यालय पहुंचे। यहां उनके साथ उनकी पत्नी व पूर्व मुख्यमत्री राबड़ी देवी और छोटे बेटे तेजस्वी यादव समेत राजद के वरिष्ठ



नेता भी साथ थे। इस दौरान राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोग लालू प्रसाद के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। इधर, तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू जी के कार्यकाल के पूर्ण होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है और वे एक बार फिर से चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक हैं। हमें विश्वास है कि उनकी नेतृत्व क्षमता हमें आने वाले दिनों में जीत दिलाएगी। बता दें कि पिछले सप्ताह ही राजद की राज्य परिषद की बैठक हुई थी। इसमें लालू प्रसाद ने राजद कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें। अब्दुल बारी सिद्दकी ने कहा कि लालू यादव ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहें, हमलोगों की यही कामना है। सबलोग यही चाहते हैं। कुछ लोग उनकी स्वास्थ्य की बात कह रहे हैं। लेकिन, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। काम अभी भी हो रहा है और आगे भी लालू यादव के दिशा निर्देश से पार्टी को मजबूती मिलते रहेगी।

संक्षिप्त समाचार

तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)। नाथनगर प्रखंड के किशनपुर बाईपास के पास तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। दोनों बच्ची गांव के पास स्थित तालाब के किनारे बकरी चराने गई थी। इसी दौरान बकरी तालाब के किनारे चली गई, उसे बचाने के दौरान निशा का पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गई। उसे डूबता देख सोनाली ने तुरंत उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी लेकिन दोनों डूब गए। मृतकों में 13 साल की सोनाली कुमारी एवं 12 साल की बेटी निशा कुमारी शामिल हैं।

मां-बेटे की हत्या से सनसनी

खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)। जिले के पसराहा थाना अंतर्गत महद्दीपुर गांव सोमवार की सुबह मां-बेटे की हत्या से सनसनी मच गई। अपराधियों ने 45 वर्षीय फूला देवी और उनके 25 वर्षीय बेटे पंकज सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी। इस वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। इस दोहरे हत्याकांड के पीछे 2014 से चला आ रहा छह बीघे जमीन का विवाद है।

बिहार पॉलिटेक्निक का रिजल्ट जारी

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार पॉलिटेक्निक परीक्षा 2025 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। परीक्षा 31 मई और 1 जून 2025 को आयोजित की गई थी।

पटना में पूर्वी राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन आज

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पटना में पूर्वी प्रक्षेत्र के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ऊर्ज़ा मंत्रियों का सम्मेलन 24 जून को होगा। पहले यह सम्मेलन 17 जून को होना था। सम्मेलन को लेकर सोमवार को ऊर्ज़ा सचिव मनोज कुमार सिंह ने ऊर्ज़ा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव के साथ चर्चा की। इस सम्मेलन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के ऊर्ज़ा मंत्री शामिल होंगे।

पेपर लीक के आरोपित डीएसपी निलंबित

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार लोक सेवा आयोग की 67वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा पेपर लीक के आरोपित डीएसपी रंजीत कुमार रजक फिर निलंबित कर दिए गए हैं। गृह विभाग (आरक्षी शाखा) ने सोमवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी। दरअसल, डीएसपी रजक को करीब एक माह पहले ही निलंबन मुक्त किया गया था।

मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों के चलते 26 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर : जोशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

खगड़िया। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों के चलते लगभग 26 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में नीतियों और कार्यक्रमों का सही अनुपालन हो रहा है। श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों के खाते में तीन लाख 80 हजार करोड़ रुपये सीधे भेजे गए हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने खगड़िया जिले के पसरहा में नव निर्मित 50 हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले अत्याधुनिक साइलो गोदाम का उद्घाटन किया। इसके निर्माण पर 150 करोड़ रुपए की लागत आयी है।



जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश में कम जगह में अच्छे भंडारण की व्यवस्था होनी चाहिए। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने निर्देश दिया कि साइलो को यथासंभव पूरी तरह मशीनीकृत किया जाना चाहिए। वे स्टील से बने होते हैं, पूरी तरह से स्वचालित होते हैं और उनमें मनुष्यों का कोई हस्तक्षेप नहीं होता।

कैमूर में 3700 पीस अवैध कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई में आज सुबह मोहनिया थाना क्षेत्र से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कानपुर से नालंदा कारतूस ले जा रहे थे। समेकित चेकपोस्ट के पास एक ब्रेजा कार से 3700 कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में उत्तर प्रदेश का औरैया जिला के स्वर्गीय रामशरण शर्मा का बेटा शत्रुघन शर्मा (38) और नालंदा के मोरा तालाब गांव के राजेंद्र प्रसाद का बेटा कुमार अभिजीत (25) शामिल है। बरामद किए गए कारतूस पिस्तौल और राइफल में इस्तेमाल होने वाले बताए जा रहे हैं। एसपी हरिमोहन शुक्ला के अनुसार वाराणसी की तरफ से कारतूस की तस्करी की सूचना मिली थी। रविवार की देर शाम को पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया। चालक



भागने की कोशिश में था लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। कार की डिक्की में नट-बोल्ट से कसकर छिपाए गए 64 पारदर्शी प्लास्टिक पैकेट मिले। इनमें कुल 3700 कारतूस थे। आरोपियों के पास इन कारतूसों के कोई वैध कागजात नहीं मिले। आरोपी कुमार अभिजीत के पिता पर भी पहले से अवैध कारतूस की तस्करी का मामला दर्ज है। पूछताछ के बाद नालंदा में की गई छापेमारी में 740 और कारतूस बरामद हुए हैं। दोनों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

5971 प्रधानाध्यापकों का जल्द होगा पदस्थापन

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राज्य में बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित एवं अनुशंसित 5971 प्रधानाध्यापकों का पदस्थापन जल्द होगा। इस माह के अंत तक संबंधित प्रधानाध्यापकों का पदस्थापन नवउत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में होगा। शिक्षा विभाग द्वारा पदस्थापन के लिए प्रधानाध्यापकों का विद्यालय आवंटन साफ्टवेयर के माध्यम से होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रधानाध्यापकों के पदस्थापन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। निर्देश में कहा गया है कि बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित प्रधानाध्यापकों के पदस्थापन को लेकर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। विद्यालय आवंटन होने पर संबंधित प्रधानाध्यापकों द्वारा सप्ताह भर के अंदर योगदान करना आवश्यक है। बता दें कि चयनित प्रधानाध्यापकों की हुई काउंसलिंग में 5,971 अभ्यर्थी ही शामिल हुए, जिनकी अब पदस्थापन होनी है।

सात आइपीएस बदले

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आइपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। राज्य सरकार ने सात आइपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। गरिमा मलिक जहां निगरानी आईजी बनीं हैं वहीं राकेश राठी को पुलिस महानिरीक्षक (विशेष शाखा) बनाया गया है। गृह विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे आईजी जितेंद्र राणा को केंद्रीय क्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है जबकि राकेश राठी को पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा बनाया गया है। वहीं, केंद्रीय क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक गरिमा मलिक को निगरानी विभाग का आईजी बनाया गया है। निगरानी आईजी एस. प्रेमलथा को पुलिस महानिरीक्षक (तकनीकी) की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपराध अनुसंधान विभाग के एसपी मनोज कुमार तिवारी को सिवान का एसपी बनाया गया है जबकि सिवान एसपी अमितेश कुमार को पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) में भेज दिया गया है। इसके अलावे बिहार पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक के. रामदास का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। उनको अपराध अनुसंधान विभाग का एसपी बनाया गया है।

हथियार का बेजा इस्तेमाल करने पर रद्द होगा लाइसेंस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य में विधि-व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कारतूस की ब्लैक मार्केटिंग पर नकेल कसने की ठोस रणनीति तैयार की गई है। हथियारों का बेजा इस्तेमाल करने वालों की पहचान कर उनके हथियारों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। जिन लाइसेंस धारकों का आपराधिक इतिहास रहा है या किसी संदिग्ध गतिविधि या हर्ष फायरिंग के मामले में शामिल रहे हैं अथवा सोशल मीडिया पर अवैधानिक प्रदर्शन या सार्वजनिक स्थानों पर अपना वर्चस्व या भय कायम करने के वैसे आरोपी जिनके पास हथियार के लाइसेंस हैं, इन सभी की पहचान कर इनके लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई शुरू होने जा रही है। इसमें कई लोगों की पहचान कर कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने इससे संबंधित कार्रवाई करने का आदेश जारी कर दिया है। इसके अतिरिक्त अपराधियों या असामाजिक तत्वों तक पहुंचने वाली अवैध गोलियों की सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। अब प्रत्येक लाइसेंस धारकों को प्रतिवर्ष अधिकतम 200 के स्थान पर 50 राउंड गोली ही मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए आयुध नियम, 2016 में संशोधन किया गया है। पुलिस के मुखिया डीजीपी विनय कुमार के दिशा-निर्देश पर एडीजी (एसटीएफ) कुंदन कृष्ण की तरफ से इससे संबंधित प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है। इस पर जल्द ही सरकार के स्तर से अंतिम रूप से आदेश जारी होने जा रही है। अब सभी लाइसेंस धारकों की आर्म्स समेत तमाम बातों की जानकारी एनडीएएल-एएलआईएस पर अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर शस्त्र एवं कारतूस के संबंध में विस्तृत समीक्षा और निरंतर निगरानी करने के लिए स्थाई समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित यह कमेटी प्रत्येक तीन महीने पर लाइसेंसधारी दुकानों की जांच, निर्गत या नवीकरण की विवरणी की समुचित समीक्षा की जाएगी। साथ ही अर्द्धवार्षिक या वार्षित उच्च स्तरीय समीक्षा गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय स्तर पर किया जाएगा।

20 हजार रुपये रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के डीपीओ गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। विशेष निगरानी इकाई ने नालंदा में बड़ी कार्रवाई की है। शिक्षा विभाग के एक घूसखोर अधिकारी को पकड़ा है। गिरफ्तारी के बाद टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार डीपीओ अनिल कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। वह कॉलेज की कमेटी गठन को लेकर रिश्वत की राशि ले रहा था। महंथ विद्यानन्द इंटर कॉलेज की जांच कमेटी गठन के नाम पर 20 हजार रुपए की मांग की गई थी। विजिलेंस की टीम ने हिलसा पहुंच तय राशि 20 हजार रुपए लेते हुए डीपीओ को गिरफ्तार किया है। विशेष निगरानी टीम ने आरोपित अधिकारी को नालंदा के हिलसा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपित अधिकारी को पटना लाया जा रहा है।

चावल आपूर्ति की अंतिम तिथि में करें विस्तार : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कल देर रात पटना पहुंचे केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सहकारिता मंत्री ने राज्य में अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न पैक्सों, व्यापार मंडलों की समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए भारत सरकार से पूर्व में भी पत्राचार किया था तथा इन विषयों पर केन्द्रीय मंत्री से मिलने का प्रयास कर रहे थे। कल देर रात पटना पहुंचे केन्द्रीय मंत्री से मिलकर उन्होंने पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को अधिप्राप्ति में दिए जा रहे कमीशन, मिलिंग दर, परिवहन शुल्क, मंडी श्रम शुल्क और हैण्डलिंग शुल्क की आकस्मिक दरों को 15 वर्षों से असंशोधित बताते हुए उनके पुनर्निर्धारण की मांग की। उन्होंने कहा कि निर्धारित दर बहुत कम है जो वस्तुतः समितियों के वास्तविक व्यय की पूर्ति नहीं



कर पाते हैं जिसका प्रतिकूल असर समितियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। केन्द्रीय मंत्री ने इस बात पर सहमति जताते हुए कहा कि इस आशय की एक कमिटी का गठन उनके द्वारा किया जा चुका है जिसके प्रतिवेदन के आलोक में वांछित संशोधन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त डॉ. प्रेम कुमार द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन मौसम में पैक्सों के पास अवशेष बचे धान के समतुल्य सी.एम.आर. जमा करने की तिथि विस्तार पर भी चर्चा की गई। खरीफ विपणन 2024-25 के अंतर्गत राज्य खाद्य निगम को सी.एम.आर. आपूर्ति करने की अंतिम तिथि 15 जून, 2025 तक निर्धारित थी। इस दौरान राज्य में अधिप्राप्त 39.23 लाख मे. टन के समतुल्य 26.61 लाख मे. टन सी.एम.आर. की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को किया जाना था। निर्धारित तिथि तक 22.06 लाख मे. टन चावल की आपूर्ति की जा सकी है किन्तु तिथि समाप्त होने के कारण 4.55 लाख मे. टन चावल की आपूर्ति ठप्प हो चुकी है। तिथि विस्तारित नहीं करने पर राज्य की लगभग चार हजार समितियों के व्यतिक्रमी होने तथा राज्य सरकार की लगभग 1500 करोड़ रूपये की राशि के क्षति होने का अनुमान है। गत वर्ष सी.एम.आर. आपूर्ति की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2024 तक निर्धारित थी। केन्द्रीय मंत्री ने विषय को गंभीरता से सुनकर इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

कार्य प्रमंडल-शेरघाटी (गया)

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डोभी प्रखंड अंतर्गत निर्मित पुल शीर्ष नाबार्ड योजना अंतर्गत CONSTRUCTION OF 15×24.75 M SPAN HL RCC BRIDGE ACROSS NILANJAN RIVER AT 1ST KM OF NH-99 TO KOTHWARA RAHMAN BIGHA ROAD में अचानक नदी का पानी के तेज बहाव होने के कारण पुल के Pier No.-3, 4, 5, 6 एवं 8 के Expansion Joint में Gap हो गया है। आम जन को सूचित किया जाता है कि तत्काल अगले आदेश तक भारी वाहनों एवं चार पहिया/दो पहिया वाहनों का आवागमन हेतु पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाता है।

ई. ब्रज किशोर प्रसाद
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल-शेरघाटी (गया)

मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनों ने की मुलाकात

सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाये जाने पर जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आज 1 अणे मार्ग में दिव्यांगजनों ने मुलाकात कर सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में ढाई गुणा से अधिक बढ़ोत्तरी किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। मुलाकात के क्रम में सबसे पहले दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं, आप सभी बुलंद रहिए। हमलोग सम्पूर्ण बिहार के विकास और हर तबके के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। आप सभी की जो भी जरूरतें होंगी उसे पूरा किया जाएगा। दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में एक ही फैसले से इतनी अधिक बढ़ोत्तरी कर आपने इतिहास बदलने का काम किया है। हम सब आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। आपके इस फैसले से हम सभी दिव्यांगजनों का मनोबल काफी बढ़ा है, आपका यह निर्णय एक क्रांतिकारी कदम है। हम सभी आपके साथ हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में इजाफा होने से उत्साहित दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री के समर्थन में नारेबाजी भी की। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 21 जून 2025 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में ढाई गुणा से अधिक इजाफा करने का निर्णय लिया। इस फैसले के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांग व्यक्तियों और विधवा महिलाओं को अब 400 रुपये की बजाय 1100 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस निर्णय से 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा, विधायक गुंजेश्वर साह, विधान पार्षद ललन सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व सांसद अनिल हेगड़े, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव संजय कुमार गिरि, जिला परिषद् के पूर्व सदस्य जसवीर कुमार सिंह, बिहार विकलांग अधिकार मंच के राज्य सचिव राकेश कुमार सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित थे।

बिहार में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु 10.30 करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार कृषि क्षेत्र के सतत विकास, किसानों की आय में वृद्धि तथा कृषि विविधिकरण को बढ़ावा देने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत कुल 10.30 करोड़ रुपये की राशि की निकासी एवं व्यय को स्वीकृति दी गई है। इसका उद्देश्य किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर कृषि में परागण की प्रक्रिया को मजबूत करना, मधु उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा किसानों की आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य के सभी जिलों में लागू की जाएगी जिससे व्यापक स्तर पर किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा। योजना के तहत किसानों को तीन प्रमुख घटकों मधुमक्खी बक्सा, मधुमक्खी छत्ता तथा मधु निष्कासन यंत्र एवं फूड ग्रेड कंटेनर पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। मधुमक्खी बक्से की इकाई लागत 4000 रुपये है जिस पर 2000 रुपये का अनुदान मिलेगा। मधुमक्खी छत्ते की लागत 2000 रुपये तय की गई है जिस पर 1000 रुपये का अनुदान मिलेगा। वहीं मधु निष्कासन यंत्र और दो फूड ग्रेड कंटेनर (प्रत्येक 30 किग्रा) की कुल लागत 20000 रुपये है जिसमें किसानों को 10000 रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी उपकरण राष्ट्रीय बागवानी मिशन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होंगे। मधुमक्खी बक्सों में ब्रुड चेंबर, क्वीन एक्सक्लूडर, इनर कवर, हनी चैंबर, टॉप कवर, स्टैंड एवं आठ फ्रेम होंगे। वहीं मधुमक्खी छत्तों में रानी, ड्रोन और वर्कर मधुमक्खियां, मोम और अन्य सहायक उपकरण दिए जाएंगे। इससे किसानों को आधुनिक तकनीकों से लैस किया जाएगा। श्री सिन्हा ने बताया कि यह योजना न केवल मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देगी, बल्कि फसलों की उत्पादकता में सुधार लाकर किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी। मधु एवं इससे संबंधित उत्पादों के प्रसंस्करण से किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। यह पहल आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव को दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन कराकर आरजेडी ने नैतिकता को किया तार-तार : राजीव रंजन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में आरजेडी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सजायाफ्ता लालू प्रसाद को आरजेडी का दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कराकर आरजेडी ने कौन सी नैतिकता पेश की है? उन्होंने आरजेडी से सवाल पूछते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार पर आरोप लगाने वाले नेता प्रतिपक्ष की नैतिकता आज कहां गई? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव लोगों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन हकीकत ये है कि लालू परिवार का पूरी तरह से आरजेडी पर कब्जा है और वो विशुद्ध रुप से एक पारिवारिक पार्टी है। लोगों को संविधान की मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले तेजस्वी यादव ने दरअसल संविधान की मर्यादा की धज्जियां उड़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इतनी व्यापक आलोचना के बाद एक बार फिर से लालू प्रसाद यादव को आरजेडी का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करना ये साबित करता है आरजेडी को राजनीतिक सूचिता की कोई परवाह नहीं है और परिवार के आगे सारे नियम कानून बेमानी हैं। तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की तरफ से यह तय हो गया है कि वो पंचायत का चुनाव तक नहीं लड़ सकते हैं ऐसे में वो किस मुंह से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का सिंबल अपने उम्मीदवार को बांटेंगे।

बिहार में हर 12 में एक व्यक्ति को मिल रहा सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सामाजिक सुरक्षा के लिए पेंशन योजनाएं संचालित करने का मुख्य उद्देश्य, वृद्ध, विकलांग, विधवा और अन्य जरूरतमंद नागरिकों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। बिहार सरकार समाज की पिछली पंक्ति के लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने और सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने के लिए कोई एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन योजनाओं का सफलता से क्रियान्वयन कर रही है। सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी इन योजनाओं के आकार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बिहार में हर 12 में एक व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन योजना से लाभान्वित हो रहा है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी न केवल महान शिक्षाविद, प्रख्यात वक्ता और समाजसेवी थे, बल्कि वे भारत की एकता और अखंडता के सच्चे प्रहरी और राष्ट्रभक्ति के अप्रतिम प्रतीक थे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र भारत के पहले गैर-कांग्रेसी मंत्री बने और उन्होंने चितरंजन रेल इंजन कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज निर्माण संयंत्र तथा बिहार में खाद कारखाना जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थानों की स्थापना में निर्णायक भूमिका निभाई। वे गांधी और नेहरू जी की तुष्टीकरण की नीति के मुखर विरोधी थे और देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान की भावना के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। डॉ. मुखर्जी की 1953 में हुई रहस्यमय मृत्यु को एक बलिदान बताते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि यह सिर्फ एक मृत्यु नहीं, बल्कि भारत की एकता के लिए दी गई कुर्बानी थी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत आज सामरिक, आर्थिक और तकनीकी रूप से सशक्त राष्ट्र बन चुका है। देश रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर हो रहा है, दूध उत्पादन में विश्व में पहले स्थान पर है और मोबाइल निर्माण में तीसरे स्थान पर। उन्होंने कहा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में भी तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने संकल्प लिया कि विकसित भारत के निर्माण में भाजपा कार्यकर्ता तन-मन से समर्पित रहेंगे।

मेरी जान को खतरा, सुरक्षा बढ़ाई जाए : तेज प्रताप यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए अपनी जान को खतरा बताया है। उन्होंने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। तेज प्रताप यादव ने कहा कि हमें अपनी जान का खतरा है, हमारे दुश्मन हर तरफ फैले हैं। मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाए, वरना कुछ भी हो सकता है। दरअसल, सोमवार को लालू प्रसाद यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपने परिवार के साथ औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल किया, लेकिन इस दौरान तेज प्रताप यादव को वहां जाने की इजाजत नहीं थी। इसके बाद मीडिया के सामने आकर तेज प्रताप यादव ने अपने दर्द को बयां किया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि हमारा स्टैंड बिल्कुल क्लियर है, हम अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटेंगे जो लोग भी चार-पांच मिलकर मेरे जीवन को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं, चाहे उन्होंने मेरे निजी जीवन को उजागर करने की कोशिश की हो, उन लोगों को मैं नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि उन्हें जान-बूझकर निशाना बनाया गया। चार-पांच लोग जो मुझे लंबे समय से घेरने की साजिश रच रहे थे, उन्होंने मिलकर मेरी निजी जिंदगी को बर्बाद करने की ठानी थी। तेज प्रताप ने कहा कि पार्टी से निकाले जाने का फैसला किसी एक व्यक्ति का नहीं था, बल्कि एक पूरा समूह इसके पीछे था।

बंधन बैंक ने बिहार और झारखंड में खोलीं 10 नई ब्रांच, 4 राज्यों में कुल 18 ब्रांच खुलीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसने बिहार और झारखंड में दस नई ब्रांच शुरू की है। बैंक ने 4 राज्यों में कुल 18 नई ब्रांच खोली हैं जिनमें आंध्र प्रदेश में पांच और ओडिशा में तीन ब्रांच शामिल हैं। इन ब्रांचों का उद्घाटन बंधन बैंक के एमडी और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, जैसे इडी और सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर और इडी और सीओओ रतन कुमार केश के साथ मिलकर किया। बिहार में नई ब्रांच पश्चिमी चंपारण (चनपटिया ब्रांच), नवादा (रजौली ब्रांच) और औरंगाबाद (नबीनगर ब्रांच) में खुली हैं। वहीं, झारखंड में सरायकेला-खरसावां (चांडिल ब्रांच), रांची (मेसरा ब्रांच, कांके ब्रांच), हजारीबाग (बरकागांव ब्रांच), गिरिडीह (बगोदर ब्रांच, धनवार ब्रांच) और बोकारो (गुमिया ब्रांच) में नई ब्रांच खुली हैं। ये सभी नई ब्रांच राज्य के ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी इलाकों में सेवाएं देंगी। ब्रांच नेटवर्क का यह विस्तार बैंक की विविधिकरण और देश भर में मजबूत उपस्थिति स्थापित करने की रणनीति के अनुरूप है। अपनी पहुंच बढ़ाकर, बैंक ग्राहकों के लिए इनोवेटिव बैंकिंग समाधानों को और अधिक सुलभ बना रहा है। बैंक अब बिहार और झारखंड में 855 से अधिक आउटलेट्स और पूरे भारत में 6300 से ज्यादा बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को सेवा देगी। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप अपने उत्पादों और सेवाओं को ढालते हुए उन्हें श्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी क्रम में हम चार राज्यों में 18 नई ब्रांच खोलने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं जिसमें बिहार और झारखंड में 10 नई ब्रांच शामिल हैं जिससे हमारे नेटवर्क को ग्राहकों को और अधिक कुशलता से सेवा देने में मजबूती मिलेगी। जैसे-जैसे हम देशभर में विस्तार कर रहे हैं, हम स्थायी विकास और बदलते उम्मीदों को पूरा करने वाले इनोवेटिव, लचीले समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बंधन बैंक वर्तमान में देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में फैला हुआ है।

भाजपा नेताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी के अन्य नेताओं ने अटल सभागार में आयोजित बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिलीप जायसवाल ने मौके पर कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कश्मीर को लेकर चाहते थे कि देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान हो। उन्होंने कहा कि हम लोग बोला करते थे- 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। आज धारा 370 हटा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को इससे बड़ी श्रद्धांजलि कुछ भी नहीं हो सकता है। दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज हम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पदचिन्हों पर पश्चिम बंगाल और उत्तर बंगाल को देख रहे हैं जिसको चिकन नेक कहते हैं जिसमें हमारा किशनगंज जिला भी था, ये सब पाकिस्तान में जा रहा था। उन महापुरुषों की सोच की वजह से आज हम भारतीय कहलाने के लायक रह गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद कहता हूं कि उन्होंने धारा 370 हटाकर इस देश की संप्रभुता का सम्मान करने का काम किया है। बिहार प्रदेश भाजपा कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित 'बलिदान दिवस' कार्यक्रम में दिलीप जायसवाल के साथ पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और कार्यक्रम प्रभारी बिहार भाजपा अमृत भूषण मौजूद थे।

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का दो दिवसीय आयोजन संपन्न

तैलिक साहू समाज को बांटना बंद करें, उचित राजनीतिक हकदारी मिले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना एक ऐतिहासिक बैठक का पटना गवाह बना। 18 राज्यों के प्रतिनिधि पटना में जुटे। करीब 30 साल बाद पटना में हो रहा अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का दो दिवसीय आयोजन रविवार को संपन्न हो गया। खचाखच भरे बीआईए हॉल में केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि तैलिक साहू समाज का बेटा आज देश का नेतृत्व कर रहा है, यह सबके लिए गर्व का विषय है। एकता में बहुत बल होता। इसलिए हम सबको साथ लेकर चले, तभी समाज और राष्ट्र तरक्की करेगा। उन्होंने कहा तैलिक साहू समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। लोकतंत्र में उचित राजनीतिक भागीदारी हर समाज के लिए जरूरी होता है। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा नई दिल्ली के अधिवेशन में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर ने कहा कि अब तैलिक साहू समाज के लोग अपने नाम के आगे तेली लिखें। कमलापुरी, जौनपुरी, जनकपुरी जैसे उपनाम लिखने से मुश्किल होती है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार नंदन ने कहा कि जनसंख्या के अनुपात में तैलिक साहू समाज को राजनीतिक हक चाहिए जो अधिक से अधिक साहू समाज को टिकट देंगे हम उनके साथ हैं। बिहार में तेली साहू समाज की आबादी 70 लाख है। बावजूद नौ विधायक ही हैं। हमें यह हकमारी बर्दाश्त नहीं है। धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि तेली समाज मेहनत और संघर्ष के दम पर आगे बढ़ने वाला समाज है। इस समाज को कोई दबा नहीं सकता है। हमें ऐसी परिस्थिति पैदा करनी चाहिए कि दल के लोग हमारे पास आए और हमारे समाज के लोगों को टिकट दें।

नारायण रेकी परिवार ने जरूरतमंदों के बीच बांटी पेय सामग्री



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राम राम व नारायण नारायण के मंत्र से गुरू मां के चरणों में शत शत नमन करते हुए नारायण रेकी परिवार पटना बिहार की महिला सदस्यों में लगातार 11 दिनों तक राजधानी पटना के विभिन्न स्थानों पर रह रहे लोगों के बीच पेय पदार्थ जैसे सत्तु, मैंगो जूस, शरबत, शिकंजी, जलजीरा, लस्सी सहित अन्य पेय सामग्री के साथ समोसा व टीसर्ट बांटा। गर्मी के मौसम में खाने व पीने का समान के साथ टीसर्ट पाकर बहुत खुश हुए। इसकी जानकारी देते हुए पटना टीम की समन्वयक सरिता सुरेका ने बताया कि उमस भरी झुलसती गर्मी से थोड़ी सी राहत मिले इस उद्देश्य से पटना नारायण रेकी सत्संग परिवार की ओर से ग्यारह दिवसीय द्रव्य पेय पदार्थों (लस्सी,सतू पानी, सिकंजी, फल इत्यादि) का वितरण लगभग 300 से 350 मजदूर वर्ग को प्रतिदिन वितरण किया गया। उनकी गुरू मां राज दीदी इस तरह की सेवा भावना से ओतप्रोत करने का श्रेय नारायण और आपको देते हैं। उनके बताये मार्ग पर सदैव चलें और सप्तसितारा जीवन हो हम सभी का ऐसा आशीर्वाद मिले।

महाप्रबंधक ने किया सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के डायलिसिस यूनिट में एक नवीन डायलिसिस मशीन का शुभारंभ किया गया। इस नवीन डायलिसिस मशीन के चालू होने से और अधिक किडनी रोग पीड़ित मरीजों को डायलिसिस की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इससे प्रतिदिन पहले से ज्यादा किडनी के मरीज लाभान्वित हो सकेंगे। इस अवसर पर डा. कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक/नेफ्रो के द्वारा किडनी रोग मरीजों के बारे में जानकारी दी गई और उनके इलाज में डायलिसिस विधि से उनकी स्वास्थ्य में सुधार के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. यू.के.पेरूमाल, चिकित्सा निदेशक, सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलियटी हॉस्पिटल डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी एवं सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे।

20 वर्षों में दूध एवं मछली का उत्पादन तीन गुना, अंडे का साढ़े चार गुना बढ़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार के कृषि रोड मैप से पशुजनित उत्पादों के उत्पादन में अच्छी वृद्धि हुई है। इससे राज्य में दूध, अंडा, मांस और मछली उत्पादन में भारी वृद्धि देखने को मिली है। इसके कारण मछली के उत्पादन में बिहार अब आत्मनिर्भर हुआ है। मछली का उत्पादन 2.68 लाख मीट्रिक टन (2005 से पहले) से बढ़कर 8.73 लाख मीट्रिक टन (2023-24) हो गया। इस तरह से करीब 20 वर्षों में मछली का उत्पादन बिहार में तीन गुना से अधिक बढ़ चुका है। वहीं दूध उत्पादन 2004-05 के 4,743 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर जो बढ़कर अब (2023-24) 12,852.99 हजार मीट्रिक टन हो गया है। अंडा उत्पादन 79 करोड़ (2004-05) से बढ़कर 344 करोड़ (2023-24) तक पहुंच गया है। जबकि मांस उत्पादन 176 हजार टन (2004-05) से बढ़कर 404.30 हजार टन (2023-24) हो गया है। बीते करीब 20 वर्षों में इन उत्पादों के उत्पादन में हुई तेजी से वृद्धि बिहार के विकास को बताती है। इसके कारण राज्य के लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिला है।

जन सुराज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया स्वास्थ्य मंत्री के सरकारी आवास का घेराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटन। जनसुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के सरकारी आवास का घेराव किया। दिन के करीब 12 बजे जन सुराज के नेता और कुछ कार्यकर्ता मंगल पांडेय के आवास के बाहर पहुंचे। बाद में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्री के घर के बाहर जन सुराज के कार्यकर्ता लगातार नारे लगा रहे थे। पुलिस के आने पर जन सुराज के कार्यकर्ता वहीं सड़क पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। मौके पर स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं बढ़ती भीड़ और तनाव को देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पकड़ कर थाने भेज दिया। पुलिस जब नेताओं और कार्यकर्ताओं को लेकर सचिवालय थाना पहुंची तो सचिवालय थाना परिसर में ही जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरु कर दी। प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को जब एयरपोर्ट थाना भेजा जा रहा था उसी दौरान सचिवालय थाने के बाहर भारी संख्या में जुटे जन सुराज कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की होती रही। इस दौरान पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। पुलिस ने कहा है कि स्थिति नियंत्रण में है और कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जन सुराज पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। बताया गया कि जन सुराज के इस विरोध प्रदर्शन का कारण प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर था। कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकार सिर्फ घोषणाएं करती है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभा-कक्ष में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग प्रशिक्षक पुष्कर कुमार कौनडिया के द्वारा योग का अभ्यास कराया गया एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार ने बताया कि योग का हमारे जीवन में बहुत ही अधिक महत्व है एवं शरीर को स्वस्थ रखने में नियमित योग अभ्यासों का अच्छा प्रभाव होता है। इन्हीं कारणों से भारत की इस योगदान को दुनिया भर में लोगों द्वारा सीखा जा रहा है एवं इसे दैनिक जीवन में उतारा जा रहा है। साथ ही योग करने से शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का संचार होता है जिससे शरीर में काम करने की क्षमता में वृद्धि होती है। इस सिलसिले में उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग अपनी व्यस्ततम जीवन शैली में रोजाना कुछ समय निकालकर सुबह के समय में योग अवश्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि नियमित योग अभ्यास से कई लाइफ स्टाइल बीमारियां जैसे- ब्लडप्रेशर, डाइबीटिज, थायराइड, बैकपेन की समस्या इत्यादि को काबू में रखा जा सकता है तथा तनावमुक्त भी रहा जा सकता है।

196793 किसानों का सत्यापन कर दिया जा रहा लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में प्रथम मंगलवार को निर्धारित मुख्य सचिव, बिहार सरकार द्वारा समीक्षा हेतु चिन्हित विभागों के पदाधिकारियों यथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रोहतास/ जिला पंचायत राज पदाधिकारी निदेशक, डीआरडीए, रोहतास /निदेशक, एनईपी, रोहतास /जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास/जिला पशुपालन पदाधिकारी, रोहतास/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास/कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, रोहतास/ कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, रोहतास इत्यादि के साथ पूर्व में दिए गए निर्देश के



अनुपालन की समीक्षा की गई। उक्त समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारीगण द्वारा अपने विभाग के अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त, रोहतास के द्वारा समीक्षा के क्रम में निम्न बिंदू परिलक्षित हुए और अग्रेतर दिशानिर्देश दिए गए-जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विभागीय पोर्टल पर किसानों के निबंधन 5517 तक हो गई है। साथ ही किसानों का इकेवाइसी 22958 तक कर दिया गया है। पी एम किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक कुल 196793 किसानों का सत्यापन कर लाभ दिया जा रहा है। रोहतास जिला में डिजिटल क्रॉप कटिंग का कार्य अभी विभागीय दिशानिर्देश के आलोक में प्रारंभ नहीं किया गया है। जल्द ही इस संदर्भ में कार्रवाई की जाएगी। पी ओ पी के आधार पर कृषि उपलब्धि में प्रतिशत 30.1 है जो राज्य में बेहतर है। कृषि गतिविधियों के समग्र विकास के लिए जिले में दो पंचायत यथा धौडाढ, प्रखंड सासाराम और जमुहार, प्रखंड डिहरी का चयन किया गया है। उप विकास आयुक्त, रोहतास द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को अन्य सभी लंबित कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

जिला पशुपालन पदाधिकारी/डेयरी के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला के सभी 19 प्रखंडों में सुधा मिल्क डेयरी का आउटलेट खोला जाना है जिसमें वर्तमान में 10 प्रखंडों में सुधा आउटलेट खुल गया है और शेष 9 प्रखंडों में जमीन के अनापत्ति के कारण लंबित है। इस संदर्भ में अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी को सूचित किया गया कि संबंधित अंचल कार्यालय को निर्देशित कर उक्त भूमि का अनापत्ति उपलब्ध कराए ताकि जल्द से जल्द वहां सुधा मिल्क का आउटलेट खोला जा सके जिससे जिला के आमजन को दुग्ध उत्पादों का फायदा मिले। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में धान अधिप्राप्ति का प्रतिशत 89.2 है जो राज्य के बेहतर स्थिति में है। उक्त के आलोक में उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया सभी पदाधिकारी और सहकारिता विभाग की टीम समन्वय स्थापित कर जल्द सत्यापन का कार्य खत्म करें।

मुंडेश्वरी मंदिर तक जाने वाली सड़क चौड़ी होंगी, टीम ने किया सर्वे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भभुआ। देश के प्राचीनतम शक्तिपीठों में सुमार मां मुंडेश्वरी मंदिर तक जाने वाली सड़क चौड़ी होंगी जबकि मन्दिर तक जाने वाले श्रद्धालुओं को वापस आने के लिए अलग से मार्ग बनेगा। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ सुनील कुमार के निर्देश पर विभाग के वन्य संरक्षण वन्य प्राणी पटना सत्यजीत कुमार एवं मंत्री के आप्त सचिव अमरेश कुमार अमर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आर्किटेक्ट की टीम ने सोमवार को मुंडेश्वरी धाम में पहुंचकर धाम के विकास की संभावना एवं सड़क चौड़ीकरण के लिए स्थल का अवलोकन किया। मां मुंडेश्वरी धाम से लौटने के बाद जिला अतिथि गृह में वन्य संरक्षण वन्य प्राणी पटना सत्यजीत कुमार ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां मुंडेश्वरी मंदिर को ट्यूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए विभाग कार्य योजना तैयार कर रहा है। मंत्री के निर्देश पर हमलोग मां मुंडेश्वरी की विकास के संभावनाओं की तलाश एवं स्थल निरीक्षण के लिए यहां पर आए हुए हैं। उन्होंने बताया कि चैत्र व शारदीय नवरात्र के समय श्रद्धालुओं की भीड़ लगने पर सड़क मार्ग सकरा होने के कारण वाहनों का जाम लग जा रहा है। इतना ही नहीं मन्दिर तक पहुंचने के लिए एक ही सीढ़ी मार्ग होने के कारण श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही है। इस समस्या के सामाधान के लिए सकरा सड़क मार्ग को चौड़ा किया जाएगा तथा मंदिर परिसर में जहां पर नारियल फोड़ा जा रहा है उधर से पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को वापस लौटने के लिए अलग से मार्ग बनाया जाएगा। वन्य संरक्षण वन्य प्राणी पटना सत्यजीत कुमार ने यह भी बताया कि उपर में ही करीब एक सौ वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था पर भी कार्य योजना तैयार किया जा रहा है। ताकि उपर में वाहनों का जाम नहीं लग सके।

मेला में गोलीबारी मामले में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पायलट बाबा सासाराम स्थित प्रदर्शनी मेला में गत रविवार को हुई गोलीबारी में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी देते हुए एसपी रोशन कुमार ने पत्रकारों को बताया कि 22 जून 25 की रात्रि में पायलट बाबा सासाराम स्थित प्रदर्शनी मेला के प्रबंधक के द्वारा एक लिखित सूचना सासाराम मु. थाना को दी गई कि 22जून की रात्रि में समय करीब 21:15 बजे पांच-छः व्यक्ति उनके मेला में आये एवं अपना वर्चस्व दिखाते हुए मेला के स्टाफ से उलझ गये तथा मना करने पर उनलोगों के द्वारा मेला में दहशत फैलाने के नियत से दो राउण्ड फायरिंग की गई। घटना को गंभीरता से लिया गया एवं इस घटना में संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-02 सासाराम के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें प्रभारी थानाध्यक्ष सासाराम मु. थाना, प्रभारी थानाध्यक्ष सासाराम नगर थाना, सागर टी0ओ0पी0 प्रभारी एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना की टीम को भी शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सी0सी0टी0वी0 फुटेज एवं प्राप्त आसूचना तथा उसके तकनिकी विश्लेषण के उपरांत इस घटना में संलिप्त मो. साहिल पे.-मो. तबरेज आलम, अरमान गद्दी पे. गफ्फार मिस्त्री तथा नौशाद गद्दी पे. मंसूर गद्दी सभी सा. आलमगंज (सागर) थाना-सासाराम नगर जिला रोहतास को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा पूछताछ के क्रम में घटना का खुलासा करते हुए बताया गया कि इस घटना में इनके अलावा तीन और व्यक्ति शामिल थे तथा वर्चस्व कायम करने के लिए दहशत फैलाने के उद्देश्य से इनलोगों के द्वारा मेला में फायरिंग की गई थी। इस काण्ड में शेष बचे अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है उनके गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

दुष्कर्म का वीडियो वायरल के मामले में तीन को जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कारकाट। थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार बताया जाता है कि वायरल वीडियो एक नाबालिग से जुड़ा हुआ था जिसमें दुष्कर्म का मामला था। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के मामले में पीड़ित के परिजनों ने थाना में शिकायत दर्ज कराया। शिकायत दर्ज के बाद वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुये गोड़ारी नगर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि नाबालिग के दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने में ये शामिल है।

प्रेमी संग मिल की पति की हत्या, पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी नगर थाना के ईदगाह मोहल्ला में रविवार आधी रात के बाद प्रेमी, प्रेमिका ने मिल पति की गला दबाकर हत्या कर दिया। पुलिस ने एक घंटे के अन्दर घटना में संलिप्त एक महिला सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि लगभग रात्रि दो बजे डिहरी को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के इदगाह मोहल्ले में रेशमा खातून के द्वारा दो व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने पति मो. अशरफ को गला दबाकर हत्या कर दिया गया है। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष, डिहरी नगर एवं डायल-112 की टीम शीघ्रता से घटनास्थल पर



पहुंच गयी। जहां पुलिस बल को देखकर एक व्यक्ति घर की छत से कूदकर एवं एक अन्य व्यक्ति घर की दरवाजे से तेजी से निकल कर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस बल के द्वारा पकड़ कर अभिरक्षा में लिया गया जिसके उपरांत घर की तलाशी ली गयी तो घर के कमरे से मो. अशरफ का शव बरामद किया गया। घटना के संबंध में घर में मौजूद मृतक अशरफ के परिजनों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा इस घटना में मृतक की पत्नी रेशमा खातून की भी संलिप्तता बतायी गयी जिसके उपरांत रेशमा खातून को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार इश्तेखार हसन, जमशेद व मृतक की पत्नी रेशमा खातून से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी। घटना का खुलासा करते हुए बताया गया कि इनलोगों के द्वारा ही अशरफ की गला दबाकर हत्या की गयी है। उन्होंने बताया कि इश्तेखार हसन से पूछताछ करने पर बताया गया कि इनका मृतक की पत्नी रेशमा खातून के साथ विगत आठ-नौ वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसकी जानकारी जब रेशमा खातून के पति मृतक अशरफ को हुई तो उसने इस बात को अपने परिजनों को भी बता दिया जिसके कारण सभी लोग रेशमा खातून को भला बुरा कहने लगे। इसी बात को लेकर मृतक की पत्नी रेशमा खातून ने इश्तेखार हसन के साथ मिलकर एक सप्ताह पूर्व में हीं अशरफ की हत्या करने की योजना बनायी थी।

पीएम श्री विद्यालय शिवगंज में छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। ग्रीष्म अवकाश के पश्चात विद्यालय खुलने पर विभागीय निर्देशानुसार पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम टन टन घंटी बजी, सुनो स्कूल तुमको पुकारे संगीत की धुन के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने वर्ग के छात्र-छात्राओं को तिलक और पुष्प वर्षा कर स्वागत कार्यक्रम शुभारंभ किया। बच्चे इस गतिविधि को देखकर काफी प्रसन्नचित थे तथा उन्होंने भी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अभिवादन करते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत करने का कार्य किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि ग्रीष्म अवकाश के पश्चात विभागीय निर्देशानुसार 23 जून 2025 से 27 जून 2025 तक विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का स्वागत किया जाएगा और विभाग के द्वारा प्रत्येक दिवस को एक्सप्रेस दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है। इस क्रम में प्रथम दिन गर्मी छुट्टी एक्सप्रेस दूसरा दिन गृह कार्य एक्सप्रेस तीसरा दिन गणित एक्सप्रेस चौथा दिन रीडिंग एक्सप्रेस पांचवां दिन स्वागत सप्ताह एक्सप्रेस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षक सतीश कुमार ने बच्चों से निर्धारित चार प्रश्नों के द्वारा संवाद स्थापित किया गया।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पूर्व विधायक के आवास पर मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी विधानसभा अंतर्गत डिहरी नगर के शक्ति केंद्र न्यू डिलिया, बूथ संख्या 262,265,266, 267 एवं 268 पर संयुक्त रुप से प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव के आवास पर मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प की वर्षा के साथ माल्यार्पण कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे और भारत माता की जय देशभक्ति नारों के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव ने डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं एक महान शिक्षाविद देशभक्त राजनेता अदम्य साहस के धनी और मानवतावादी व्यक्तियों में से एक थे। जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा ने कहा कि भारत के राष्ट्रवादी महापुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वह संपूर्ण भारत को एक रूप में मानते थे। साथ वे इस धारणा के प्रबल समर्थक थे। जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि वह सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं उनका यह विचार धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वह मानते थे कि आध्यात्मिक सत्य है कि हम सब एक हैं और हम में कोई अंतर नहीं है। कार्यक्रम में महामंत्री कुंअर सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय ठाकुर, अमित गुप्ता, पुतुल सोनी, रविशंकर रॉय, सोनू कसेरा, रवि पासवान, अनमोल पांडे, मोहन यादव, नरेंद्र सिंह, डॉ सुलेमान, धीरेन्द्र चौहान, फेंकू चौहान, लल्लू चौहान, अर्जुन सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने काली पट्टी बांध किया विरोध प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को काला पट्टी बांधकर विरोध जताया। बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के बैनर तले पिछले कई दिनों से सरकार से मांग रखी गई है। अब तक उनकी मांग पर कोई विचार नहीं किया गया है जिसको लेकर प्रखंड मुख्यालय के सामने कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। राज्य स्तरीय कर्मचारी संघ के तरफ से सरकार से कई मांग रखा गया है जिसमें एक ही संवर्ग में नियुक्त लिपिक के लिए वेतन संगति को दूर कर लिपिक के मूल पद पर नियुक्ति हेतु योग्यता मैट्रिक से बढ़कर इंटरमीडिएट करने पर उनके वेतन ग्रेड पे में सुधार नहीं करने एवं मैट्रिक इंटर कर्मियों का वेतन ग्रेड पे 1900 या लेवल 2 को इंटर स्तरीय होने के कारण मूल कोटि का वेतन ग्रेड पे 2800 या लेवल पांच करने, रूपांतरित सुनिश्चित वृद्धि उन्नयन योजना के अंतर्गत पद सोपान में निर्धारित वेतन ग्रेड पे का लाभ देने, समाहरणालय संपर्क के कर्मियों उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था का प्रावधान करने सहित कई मांगों को लेकर इन लोगों ने आवाज उठाया है। इस दौरान अंचल कर्मी राजेश पासवान, जसवंत सिंह इत्यादि दर्जनों कर्मियों विरोध जताया।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/05 दिनांक- 23.06.2025

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)] परीक्षाफल से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE / PM / PMM)]-2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.05.2025 एवं 01.06.2025 को आयोजित डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE / PM / PMM)]-2025 के पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट **bceceboard.bihar.gov.in** पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of DCECE (PE / PM / PMM)-2025" Link पर Click करें । तत्पश्चात् एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों का Rank Card Download करने हेतु अलग-अलग निम्नलिखित link

- View / Download Rank card of DCECE(PE)-2025
- View / Download Rank card of DCECE(PM)-2025
- View / Download Rank card of DCECE(PMM)-2025 प्रदर्शित होगा।

अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम समूह के अनुसार उपरोक्त संबंधित link पर click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।

3. **DCECE (PE)-2025 की Online Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के उक्त वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या- BCECEB(DCECE)-2025/06 दिनांक 23.06.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें। Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 27.06.2025 से प्रारम्भ होगा।**

4. DCECE (PM / PMM)-2025 की Online Counselling कार्यक्रम की सूचना पर्षद के वेबसाईट पर बाद में प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

लोजपा 'आर' के प्रदेश महासचिव सोनू सिंह ने किया कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। सोमवार को लोजपा 'आर' के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया। इस सम्मान समारोह में आए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जिस तरह से आरा के रमना मैदान में हजारों की संख्या में उपस्थिति दर्शाए थे, ठीक उसी तरह 29 जून को राजगीर के स्टेट गेस्ट हाउस हॉकी मैदान के समीप राजगीर बिहार में जाने के लिए सभी कार्यकर्ता से आग्रह किया। सोनू सिंह ने कहा कि आप सभी का सहयोग से ही हम सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे और अपने जिला का



उपस्थिति दर्ज कराएंगे। हम सभी रोहतास फर्स्ट और रोहतासवासी फर्स्ट के विजन और पार्टी के सुप्रीमों चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट के विजन के साथ चल रहे हैं। लोजपा आर के प्रदेश महासचिव सह गया जिला प्रभारी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने आज कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा आर के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह ने किया। संचालन धर्मेंद पासवान एवं संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष डॉक्टर छोटे लाल पासवान ने किया। कार्यकर्ता सम्मान समारोह में आए सभी कार्यकर्ता को प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डिहरी विधानसभा प्रभारी रणविजय सिंह, विनय सिंह, अकोढी गोला प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र पासवान, डिहरी नगर अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, अजित कुशवाहा, सीताराम चंद्रवंशी, नव आजाद सिंह, जगदीश पासवान प्रदेश महासचिव, रीता देवी, सुनैना देवी, मालती देवी और समस्त सम्मानित कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल हुए।

अ.क.स ने दी वयोवृद्ध रंगकर्मी को श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम ने देश के सम्मानित वयोवृद्ध वरिष्ठ रंग कर्मी के बी शर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया कि मणिपुर इंफाल से संबंध रखने वाले स्वर्गीय के बी शर्मा का निधन की खबर उनके परिजनों के द्वारा प्राप्त हुआ। लगातार कई वर्षों से अभिनव कला संगम की आयोजन में निर्णायक मंडल में उनकी महती भूमिका रहती थी और उनका स्नेह और मार्गदर्शन हमेशा से अभिनव कला संगम को मिलता था। मणिपुर इंफाल (मीडिया थिएटर इंस्टिट्यूट के संस्थापक) से संबंध रखने वाले केबी शर्मा रंगमंच की दुनिया के मंजे हुए कलाकार थे, उनका निधन रंगमंच के लिए और अभिनव कला संगम के लिए अपूर्णिय क्षति है। श्रद्धांजलि के पूर्व पिछले दिनों संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान महाशिविर की समीक्षा हुई, वहीं जुलाई के अंतिम महीने में ऑल इंडिया डांस कंपटीशन एवं बच्चों के लिए चित्रकला रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धांजलि देने वालों में संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, विजय चौरसिया, प्रेम प्रकाश उर्फ पी पी, राहुल कुमार, भोला कुमार, सिंटू कुमार, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, आकाश कुमार, शुभम सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने के लिए सरकार को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन जिला शाखा रोहतास की एक बैठक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुग्रीव प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी के संचालन में जिला कार्यालय रौजा रोड सासाराम में हुआ। बैठक में जिला महासचिव जगरोपन सिंह ने बताया कि एसोसिएशन के द्वारा कई वर्षों से प्रदेश जिला एवं प्रखंड स्तर पर धरना प्रदर्शन कर अन्य प्रदेशों में मिल रहे वृद्धावस्था पेंशन के अनुरूप पेंशन देने की मांग करते रहा है। अभी बिहार के सारे प्रखंडों में पेंशन की राशि बढ़ाने के लिए धरना प्रदर्शन चल रहा है। दूसरे चरण में जिला और तीसरे चरण में पटना में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम था।

द डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चे अपनी मेहनत, लग्न से नई इबारत लिख रहे हैं : अखिलेश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। द डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों निधि कुमारी एवं आदर्श कुमार ने मेडिकल की प्रवेश परीक्षा नीट क्वालीफाई करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। निधि कुमारी पिता-चंदन कुमार ग्राम-धवनि, काराकाट ने ऑल इंडिया रैंक 16181 एवं जनरल इडब्ल्यूएस रैंक 1751 प्राप्त किया। आदर्श कुमार पिता-अरुण कुमार ग्राम-अलीगंज, सूर्यपुरा ने ऑल ओवर इंडिया में 15596 रैंक तथा ओबीसी एनसीएल रैंक 6854 प्राप्त किया। दोनों ही विद्यार्थियों को द डिवाइन स्कूल परिसर में समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। दोनों को एक लैपटॉप, मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र दिया



गया। इस अवसर पर आदर्श की मां भाव-विभोर थी। उन्होंने बेटे की सफलता पर गर्व करते हुए उसे भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मैंने बेटे को हमेशा सहयोग दिया और नकारात्मकता से दूर रखा। आदर्श ने कहा कि मां-पिताजी की खुशी ही मेरे जीवन की सबसे बड़ी खुशी है। मां-बाप अनेक कष्टों को सहकर और बहुत कुछ त्यागकर हमें शिक्षित करते हैं ऐसे में हम विद्यार्थियों का फर्ज बनता है कि अभिभावकों की उम्मीदों को जिंदा रखें। निधि ने अपनी सफलता का सारा श्रेय अभिभावकों की तपस्या तथा विद्यालय में शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। आगे उसने डॉक्टर बनकर समाज के जरूरतमंदों की सेवा का प्रण दुहराया। अपने संबोधन में विद्यालय के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने दोनों सफल प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT

(3G Award के तहत् घोषित)

Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 **(Section-III)**

(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू-अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0-75 अन्तर्गत मौजा-गाड़ीखास, थाना-पण्डवा, थाना नं0-200 पत्रांक-**585(D)**/भू0अ0, दिनांक-11.06.2025

क्र0स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	गाड़ीखास	267	1182	रैयती	टाड़-1	0.1150	1	मेघनाथ महतो, गुप्तेश्वर महतो वो शत्रुधन महतो, पिता स्व0 रामलखन महतो	
2		208	1383	रैयती	टाड़-1	0.0411	2	सूर्यदेव महतो पिता स्व0 विश्वनाथ महतो	
					कुल	**0.1561**			

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू। PR 355720 Palamu (25-26)_D अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

एसटीएफ व पुलिस ने किए 834 कारतूस बरामद, चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। विशेष कार्यबल (एसटीएफ), बिहार पुलिस, पटना द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान में नालंदा पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस अभियान के तहत सोहसराय और भागनबिगहा थाना क्षेत्र में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई अवैध हथियार और गोली तस्करों के खिलाफ राज्यस्तरीय रणनीति के तहत की गई। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि इस अभियान में कुल 834 विभिन्न बोर के जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं, जिनमें से 717 कारतूस सोहसराय थाना अंतर्गत आशानगर मोहल्ले से और



117 कारतूस भागनबिगहा क्षेत्र से बरामद किए गए। आशानगर में अभिजीत कुमार उर्फ रॉबिन यादव पिता राजेन्द्र प्रसाद, थाना भागनबिगहा के किराए के मकान से 717 जिंदा कारतूस जब्त किए गए। मौके पर उपस्थित अभिजीत के साले विशाल कुमार पिता स्व. महेश्वर प्रसाद, ग्राम हरिबिगहा, थाना हिलसा को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में सोहसराय थाना कांड संख्या 169/25 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। अभियुक्त अभिजीत कुमार के भागनबिगहा स्थित पैतृक आवास पर छापेमारी के दौरान 117 जिंदा कारतूस मिले। यहां से राजेन्द्र प्रसाद पिता, निक्की कुमारी पत्नी सोनू निगम और निभा कुमारी पत्नी साहेब कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में भागनबिगहा थाना कांड संख्या 363/25 के अंतर्गत भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-बी)ए, 26, 35 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में नामजद मुख्य अभियुक्त अभिजीत कुमार उर्फ रॉबिन यादव को विशेष कार्यबल द्वारा कैमूर जिले से गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ के बाद छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान विशाल कुमार ग्राम हरिबिगहा, थाना हिलसा, राजेन्द्र प्रसाद ग्राम मोरा तालाब, थाना भागनबिगहा, निक्की कुमारी पति सोनू निगम, निभा कुमारी पति साहेब कुमार आदि अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस सफल कार्रवाई में थानाध्यक्ष सोहसराय, लहेरी और भागनबिगहा थाना की टीम तथा विशेष कार्यबल, बिहार पुलिस, पटना की टीम शामिल रही।

झाड़ियों से मिला बुजुर्ग का शव, गले पर दाग के निशान से हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। दीपनगर थाना क्षेत्र के लखरामा गांव में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब झाड़ियों के बीच एक बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ के अस्पताल भेजा दी है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक का उम्र करीब 70 साल से अधिक लग रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक की एक आंख फूटी हुई थी और गले पर काले निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। शव पर लुंगी और शर्ट पहन रखी थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में शरीर पर किसी भी तरह के चोट या गंभीर जख्म के निशान नहीं मिले हैं। थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि शव पूरी तरह पानी से भीगा हुआ था और फिलहाल उस पर किसी प्रकार की बाहरी चोट नहीं दिखाई दे रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया है।

अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के हसनगंज गांव में रविवार की रात जमीन विवाद को लेकर एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय सकिन्द्र यादव के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई सरयुग यादव एवं भतीजे नंदन कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के पुत्र सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार की रात करीब 9:30 बजे उनके पिता मवेशी बांध-ने जा रहे थे, तभी पहले से घात लगाए उनके चाचा और चचेरे भाई ने कुदाल और ईंट से उन पर बेरहमी से हमला कर दिया। हमलावरों ने उनके चेहरे और आंखों पर भी वार किया। गंभीर रूप से घायल हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा गया। वहीं, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से खून के नमूने एकत्र किए हैं।

देशी कट्टा व बाइक के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। रविवार की शाम लगभग 8.40 बजे करायपरसुराय थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि डियावों मस्जिद के पास एक नीले रंग की बाइक पर तीन संदिग्ध युवक खड़े हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की एक टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई और वहां से एक युवक को एक देशी कट्टा ,एक जिन्दा कारतूस एवं अपाचे बाइक के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान साहिल कुमार (उम्र लगभग 22 वर्ष), पिता स्व. ओमप्रकाश पासवान, निवासी चैकी हुड़ारी, थाना करायपरसुराय, जिला नालंदा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस और एक नीले रंग की अपाचे बाइक बरामद की गई। पूछताछ के दौरान साहिल कुमार ने अपने दो फरार साथियों के नाम बतायें जिनमे दिलशन कुमार, पिता सत्येन्द्र केवट, सिन्दु कुमार, पिता दिलीप यादव दोनों निवासी चैकी हुड़ारी, थाना करायपरसुराय, जिला नालंदा निवासी है। इन दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष करायपरसुराय द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में अमित कुमार सिंह थानाध्यक्ष, करायपरशुराय, विकास कुमार, सिपाही राजेश कुमार, महिला सिपाही गुड़िया कुमारी, सैप जवान धिरेन्द्र कुमार आदि लोग शामिल थे।

पत्नी की हत्या मामले में दोषी पति को उम्र कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। महज डेढ़ लाख रुपए मांग की पूर्ति नहीं करने पर पत्नी को मारपीट कर की गई हत्या मामले में दोषी पति को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। सोमवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश 13 अनूप सिंह ने आरोपित पति संतोष कुमार को उम्रकैद के अलावा 50 हजार रुपए का जुर्माना भी किया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। आरोपित पति संतोष कुमार राजगीर थाना क्षेत्र के बड़ी मिल्की गांव का निवासी है। मामले में सहायक लोक अभियोजक अमीर सिंह ने सभी पांच लोगों की गवाही कराई थी। इस मामले में सास, देवर समेत चार अन्य अभियुक्त का मामला अभी न्यायालय में लंबित है

वज्रपात से किशोर की मौत, दूसरा झुलसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नगरनौसा थाना क्षेत्र के कैला गांव में सोमवार को वज्रपात से एक किशोर की मौत हो गई। दूसरा झुलसकर जख्मी हो गया है। मृतक नवल किशोर पासवान का 13 वर्षीय पुत्र प्रकाश चंद्र बादल है। जख्मी प्रमोद पासवान के 13 वर्षीय पुत्र जीतू कुमार को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर को गांव में बारिश हो रही थी। दोनों किशोर प्रमोद पासवान के धर की छत पर बारिश में स्नान कर रहे थे। अचानक ठनका गिर गया। दोनों बालक ठनका की चपेट में आ गये। इससे एक बालक की मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने दूसरे को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसका इलाज चल रहा है।

बस पड़ाव में अवैध वसूली से सरकारी राजस्व को भारी क्षति : प्रकाशवीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले के रजौली प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बस, टैक्सी टेंपू स्टैंड में अवैध वसूली का मामला तुल पकड़ने लगा है। स्थानीय विधायक प्रकाशवीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खुलासा किया है कि जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय गुंडों की गठजोड़ से जिला परिषद को करोड़ों रूपये के राजस्व की क्षति हो रही है। उन्होंने बताया कि हर्ष कंस्ट्रक्शन को स्टैंड की अनुज्ञप्ति मिली थी तो सभी वैधानिक नियमों के तहत चुंगी वसूली कर विभाग को लाभ दिया जा रहा था किन्तु अवैध कमाई करने वालों को यह रास नहीं आया और षड्यंत्र के तहत हर्ष कंस्ट्रक्शन को अलग कर दिया गया। वर्तमान में दीपक सिंह, पिता-भीम सिंह एवं उनके दर्जनों सहयोगियों के द्वारा स्थानीय प्रशासन एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की मिलीभगत से प्रतिदिन बस पड़ाव, रजौली में 25 से 30 हजार रूपये से अधिक की अवैध वसूली की जा रही है। ये लोग दबंग प्रवृति के है जिसके डर से कोई भी व्यक्ति इस बस पड़ाव की बंदोवस्ती में भाग नहीं लेते है। खानापूर्ति के तौर पर हजार दो हजार रूपये जिला परिषद के कार्यालय में जमा करवाकर वाकी सभी राशि जिला परिषद के पदाधिकारी, कर्मी एवं दीपक सिंह आपस में मिल बांट लेते हैं। विधायक ने यह भी आरोप लगाया है कि दीपक सिंह के अतिरिक्त यदि कोई भी व्यक्ति जिला परिषद के इस बंन्दोवस्ती में भाग लेते है तो उसे मार-पीट किया जाता है और उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती है। उदाहरण के लिए पूर्व में हर्ष कंस्ट्रक्शन को निविदा प्राप्त हुआ तो तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली, दीपक सिंह से मिलकर अपने गुर्गे के द्वारा मारपीट करते हुए बस-पड़ाव से संवेदक को भगा दिया गया, जिसकी सूचना मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, नवादा को लिखित पत्र के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया इसके बावजूद कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, नवादा के द्वारा आरोपियों के उपर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी साजिश के तहत लगभग दो माह तक बस पड़ाव की वसूली भी बन्द रहा वर्ष 2021-22 में 5,79,844 रूपये, वर्ष 2022-23 में 18,47,418 रूपये, वर्ष 2023-24 में 7,50,080 रूपये, वर्ष 2024-25 में 1 अप्रैल 2024 से 31 जून 2024 तक प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पैसा नहीं दिया गया। 1 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक 40,55,940 रूपये निविदा होने पर एक वित्तीय वर्ष के नौ माह में लगभग 55 लाख रूपये होता है। विधायक प्रकाशवीर ने विभाग से मांग की है कि उच्चस्तरीय जांच करते हुए आरोपितों के ऊपर आवश्यक कार्रवाई की जाय एवं आरोपितों के अलावे संलग्न पदाधिकारियों के कुल चल-अचल संपत्ति की जांच कराई जाय ताकि सरकार/जिला परिषद के होनेवाले भारी राजस्व की क्षति/नुकसान को रोका जा सके।

गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद स्कूल में बच्चों का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। प्राथमिक विद्यालय राजेंद्र नगर में गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद स्कूल में बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। गर्मी की छुट्टी के बाद सोमवार को पहले दिन प्रभारी प्रधानाध्यापक जतिन कुमार ने स्कूल आने वाले बच्चों का मुख्य गेट पर ही स्वागत किया। विद्यालय में स्वगात समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक मो शहनवाज अहमद ने स्वागत समरोह में चॉकलेट देकर बच्चों का स्वागत किया। इसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे पिरामल फाउंडेशन के तरफ अतिथि रूप में आई ट्रेनर सरस्वती साहू ने बच्चों को सम्बोधित



किया। गर्मी की छुट्टी के मस्ती की अभिव्यक्ति खेल और डांस आदि गतिविधियों में शामिल होकर बच्चों ने मौज-मस्ती की। विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार,अंजुला कुमारी, वीणा कुमारी, दीप्ती कुमारी, राखी कुमारी, मो शहनवाज अहमद ने बच्चों का स्वागत अपने शब्दों के जरिये किया। इस तरह के आयोजन से विद्यालय के सभी बच्चे काफी प्रसन्न नजर आये।

अनियंत्रित बाइक सवार ने दूसरी बाइक में मारी जोरदार ठोकर, हाथ-पैर टूटे, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। थाना क्षेत्र में छपरी बाइकसवारों द्वारा अति सघन आबादी वाले क्षेत्र में भी तेज रफ्तार एवं स्टंटबाजी किए जाने से स्कूल और कोचिंग जाने वाली छात्राओं समेत राहगीरों और नगरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ गई है, आये दिन कोई न कोई चोटिल होते रहता है। सोमवार की सुबह महसई मोहल्ला से एक बाइक पर सवार होकर भाई-बहन नवादा जा रहे थे। इसी बीच चांदनी चौक के समीप सामने से आ रहे एक अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार रहे भाई-बहन दूर जाकर दीवार से टकरा गए। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा दोनों भाई-बहन को उठाया गया और भाग रहे अपाचे सवार युवक कुम्हरुआ निवासी अमीरक यादव के पुत्र राजेश कुमार को पकड़ लिया गया वहीं सहायता हेतु डायल 112 की पुलिस टीम को बुलाया गया। पुलिस टीम ने घायलों को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया और अपाचे बाइक सवार को बाइक के साथ थाना ले गई। घायलों की पहचान महसई मोहल्ला निवासी मुन्ना प्रसाद की पुत्री खुशबू कुमारी और पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। घायलों में खुशबू कुमारी का पैर और मनीष कुमार का दाहिना हाथ टूट गया है। दोनों घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

तेज रफ्तार में रहे बाइकसवारों से परेशान हैं छात्राएं एवं ग्रामीण

नगरवासियों ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

छपरी बाइक सवार से परेशान नगरवासी सह मनोहर मेमोरियल अस्पताल के समीप के दुकानदार राहुल राज अथघरा, प्रोजेक्ट स्कूल के सामने जनता स्वास्थ्य केंद्र व मनिहारी दुकान संचालक चन्द्रिका प्रसाद यादव, सीमेंट दुकानदार मुकेश कुमार एवं राजेश टेंट हाउस के संचालक समेत दर्जनों छात्राओं ने बताया कि पूरे बाजार क्षेत्र में कुछ छपरी बाइक सवारों द्वारा स्कूल और कोचिंग के लिए आई छात्राओं को आते-जाते देख बाइक को तेज गति में बगल से ले जाते हैं। इस दौरान कइयों को हल्की चोटें भी आई है, किंतु जबतक बाइक सवार को पकड़ने का प्रयास किया जाता, तबतक वे रफ़ू-चक्कर हो जाते हैं। लोगों ने रजौली थानाध्यक्ष से विनम्र विनती की है कि बाजार क्षेत्र में छपरी बाइकसवारों पर नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त को तेज करने के साथ अन्य जरूरी कार्रवाई करें ताकि छात्राओं एवं बच्चे-बूढ़े समेत अन्य लोग सड़क पर चलने के दौरान सुरक्षित महसूस कर सकें।

क्या कहते हैं पुलिस पदाधिकारी

इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित पक्ष द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन दिए जाने के आलोक में अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी वहीं उन्होंने छपरी बाइक चालकों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई हेतु गश्त में रहे पुलिस बलों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

37 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 22 जून 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में दो, अवैध खनन में एक, मद्य निषेध में नौ एवं अन्य गिरफ्तारी 25 कुल 37 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 384 लीटर महुआ शराब एवं 3.750 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 225 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 65 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत तीन ट्रैक्टर, चार मोटरसाईकिल, तीन अपहृता एवं 5400 केजी गांजा बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

भाजपा ने मनाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने उन्हें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा प्रस्तुत की, जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उनके बलिदान को मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाकर सच्ची श्रद्धांजलि दी है।



वारिसलीगंज की विधायिका अरुणा देवी ने कहा की डॉ. मुखर्जी का चिंतन सिर्फ कश्मीर तक सीमित नहीं था, बल्कि शिक्षा, भाषा, लघु उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर भी उनका दृष्टिकोण अद्वितीय था। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पुराने स्टेशन परिषर पर लालू यादव के द्वारा भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर का अपमान करने पर जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता मे धरना का आयोजन किया गया। अनिल मेहता ने कहा लालू प्रसाद ने एक बार फिर साबित किया है कि वह राजनीतिक सामंतवाद का प्रतीक है। उसके लिए, समाजवाद सिर्फ एक चुनावी नारा है, जिसका उपयोग वह आम लोगों को भ्रमित करने और सत्ता के सुखों का आनंद लेने के लिए कर रहा है। विधायिका अरुणा देवी ने कहा बाबा साहेब के विचारों के लिए राजद जैसी पार्टी से सम्मान की उम्मीद करना व्यर्थ है बाबा साहेब के अपमान का बदला जनता चुनाव मे सबक सिखाएगी।

भाजपा कार्यालय में मना श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। भारतीय जनसंघ के संस्थापक व देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी कौआकोल भाजपा पूर्वी मण्डल ने बलिदान दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कौआकोल पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक देश में दो विधान,दो निशान, दो प्रधान नही चलेंगे का नारा देने वाले तथा कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद् एवं पथप्रदर्शक थे। मौके पर पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष मुकुल सिंह, निरंजन कुमार, बालमुकुंद सिंह, सुरेंद्र मालाकार, शंभू विश्वकर्मा, कृष्ण प्रसाद चौरसिया, दिलीप पासवान, पारस सिंह आदि मौजूद थे।

ग्रीष्मावकाश के बाद खुला विद्यालय, तिलक लगाकर किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। 23 दिनों के लम्बे अंतराल के बाद गर्मी की छुट्टी समाप्त होते ही सोमवार को प्रखण्ड के सभी सरकारी विद्यालय अपने निर्धारित समय से खुल गयें। शिक्षा विभाग ने इस बार विद्यालय खुलने पर बच्चों के लिए स्वागत सप्ताह का आयोजन करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत सोमवार को विद्यालय खुलते ही सभी विद्यार्थियों का शिक्षकों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं पुष्प वर्षा किया गया। बीइओ सुशील कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार प्रखण्ड के सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रत्येक दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की



जायेगी। वहीं कार्यक्रम के आखिरी दिन अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन कर स्वागत सप्ताह का समापन किया जाएगा। बता दें कि सरकार व शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर इस बार सरकारी स्कूलों में भी कार्यक्रम कराने का लिया गया निर्णय लिया है। बीइओ के अनुसार स्वागत सप्ताह मनाने का मुख्य मकसद गर्मी की छुट्टी के बाद विद्यालय खुलने पर छात्रों में शिक्षा के प्रति रूची बढ़ाना है। विभाग का मानना है कि गर्मी की छुट्टी के कारण लगभग 23 दिनों तक विद्यालय बंद था। ऐसे में विद्यालय आने की निरंतरता टूट जाती है। छात्र विद्यालय जाने से कतराते हैं,जिसे देखते हुए विद्यालय आने के साथ पढ़ाई में रूची बढ़ाने को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा स्वागत सप्ताह मनाने का पहल किया गया है। वहीं इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाना भी है।

विद्युत स्पर्शाघात से किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। कौआकोल थाना क्षेत्र के छबैल पंचायत अंतर्गत खैरा गांव में रविवार की शाम विद्युत तार की चपेट में आने से एक वृद्ध किसान की मौत हो गई वहीं दो मवेशी की भी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरा गांव निवासी लगभग 55 वर्षीय किसान रामदेव यादव उर्फ डोमू यादव खेत की तरफ से अपने मवेशी (गाय) को लेकर घर वापस जा रहे थे,तभी अचानक खेत में प्रवाह हो रहे नंगे तार की चपेट में आ गए। जिससे उनकी



मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं इसी गांव के भुनेश्वर यादव के दो गाय की भी मौत हो गई। स्वजनों द्वारा मृतक किसान को कौआकोल पीएचसी लाया गया। जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मध्य विद्यालय बलिया, रजौली में नवपदस्थापित शिक्षिका एवं छात्रों का जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सोमवार को मध्य विद्यालय बलिया में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक कुमार ने किया। समारोह का आयोजन कक्षा 6 से 8 हेतु स्थानांतरित हुई नवपदस्थापित स्नातक शिक्षिका अनुपमा उपाध्याय के स्वागत से हुआ। प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर विद्यालय परिवार में



उनका अभिनंदन किया। इसके बाद शिक्षक नेता सह विशिष्ट शिक्षक अजीत कुमार ने उपस्थित सभी छात्रों को तिलक, फूल और टॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। सभी वर्ग शिक्षकों ने भी बारी-बारी से अपने-अपने वर्ग के छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।इस स्वागत कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। उनके चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, जिनमें निवेदिता, सुनील कुमार, आशीष कुमार, संजू देवी, राशिद इकबाल आदि शिक्षकगण कार्यक्रम में मौजूद रहे। ग्रामीण अतिथियों के रूप में स्वाति कुमारी, सुधीर दास, कौशिक राज, रीना रंजन और सभी शिक्षक उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाये। यह आयोजन विद्यालय में एक सकारात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण बनाने में सफल रहा, जिससे नवपदस्थापित शिक्षिका और छात्रों को नई शुरुआत के लिए प्रेरणा मिली।

बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में स्थानांतरित शिक्षकों को विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में सोमवार को विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक सुरेन्द्र नारायण एवं संदीप कुमार के अन्यत्र विद्यालय में तबादला उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार की अध्यक्षता में शिक्षकों ने विद्यालय से स्थानांतरित दोनों शिक्षकों को फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने दोनों शिक्षकों की तारीफ



करते हुए कहा कि विद्यालय में लगभग 15 वर्षों तक दोनों ने बेहतर कार्य किया तथा हमेशा विद्यालय के सभी कार्यों में बढ़कर हिस्सा लिया। उनकी कार्यशैली हमेशा सभी शिक्षकों के लिये प्रेरणादायी रहेगी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश कुमार, अजित कुमार, राजीव रंजन सिन्हा,आरती कुमारी, नसीमा, सुमन, गौरव, चन्दन, आंनद, रोहित, रंजीत, अभिषेक, गुरुचरण, संजीव आदि मौजूद थे।

मंत्री जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सड़क सुरक्षा समिति ने यथाशीघ्र कार्रवाई हेतु दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय सह सांसद जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। विदित हो कि संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सांसद होते हैं। बैठक में सर्वप्रथम मंत्री का स्वागत जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

बैठक में विधायक वजीरगंज के द्वारा वजीरगंज अन्तर्गत एनएच 82 (गया-बिहार शरीफ पथ) का ब्लैक स्पॉट यथा मानपुर, सीता कुण्ड के पास गया फतेहपुर क्रॉसिंग के पास, सी.टी. पब्लिक स्कूल के पास, भिण्डस पैमार के पास, सहिया, एरू मोड़, ग्राम पुनावा मोड़, ग्राम पुरा मोड़, दक्षिण गांव मोड़, जमुआवां-वजीरगंज मोड़, अडवा मोड़ एवं वजीरगंज स्टेशन मोड़ के पास होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का जिक्र करते हुए सड़क साइन बोर्ड एवं गोलम्बर का अधिष्ठापन हेतु निवेदन किया गया है। साथ ही ग्राम रसलपुर के समीप वर्षों से चल रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण ट्रैफिक जाम रहने का भी जिक्र किया गया है। वजीरगंज अन्तर्गत मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट का नहीं होने के कारण अनेकों बार दुर्घटना व असामाजिक लोगों के द्वारा लूट-पाट जैसी घटना किये जाने का भी जिक्र किया गया है। इस सन्दर्भ में सांसद-सह-अध्यक्ष, सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा सभी संबंधित को यथाशीघ्र कार्रवाई हेतु निदेश दिया गया है।

विधायिका बेलागंज के प्रतिनिधि द्वारा अपने क्षेत्र के कुजापी हनुमान चौकी के पास रोड साइन बोर्ड एवं बेलागंज बाजार से बाईपास मोड़ के पास तथा चाकंद बाजार के पास जेब्रा क्रॉसिंग बनाने हेतु अनुरोध किया गया है।

टिकारी के चिरई मोड़ एवं मउ बाजार मोड़ के पास रोड साइन बोर्ड अधिष्ठापन, टिकारी-परैया मार्ग पर ट्रैफिक जाम निदान हेतु सुझाव, टेस्पा मोड़ के पास झाड़ी के जमाव के कारण होने वाली सड़क दुर्घटना को कम करने हेतु झाड़ी को हटाने का कार्य यथाशीघ्र करने हेतु करने हेतु निदेश दिया गया है। सांसद-सह-अध्यक्ष, सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा गया जिला अन्तर्गत हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाने हेतु उचित कार्रवाई करने हेतु यातायात डी0एस0पी को निदेश दिया गया है। साथ ही बैजु धाम के सड़कों पर साइन बोर्ड एवं हाई मास लाइट अधिष्ठापन का निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक, वजीरगंज, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित हुए।

नीलांजन नदी पर बने पुल के एक्सपेंशन जॉइंट में गैप, सभी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

शेरघाटी के कोठवारा रहमान बीघा पथ पर नाबार्ड योजना के अंतर्गत बना है पुल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिले के डोभी प्रखंड अंतर्गत नीलांजन नदी पर बने पुल में अचानक आई खराबी के कारण जिला प्रशासन ने अगले आदेश तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल शेरघाटी के कार्यपालक अभियंता ब्रज किशोर प्रसाद ने इस संबंध में जानकारी दी है। नाबार्ड योजना के तहत निर्मित इस पुल का निर्माण कोठवारा रहमान बीघा सड़क पर राष्ट्रीय राजमार्ग-99 के पहले किलोमीटर पर किया गया था। पुल की लंबाई 1524.75 मीटर है। बताया गया है कि हाल के दिनों में नदी में तेज बहाव और बालू निकासी के कारण पुल के स्तंभ संख्या 3, 4, 5, 6 और 8 के एक्सपेंशन जॉइंट में गैप आ गया है। इसे जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए एहतियातन सभी भारी, चारपहिया और दोपहिया वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गयी है। यह निर्णय तब तक प्रभावी रहेगा जब तक मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो जाता और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा पुल को पूरी तरह सुरक्षित नहीं घोषित किया जाता। स्थानीय लोगों और राहगीरों को सलाह दी गई है कि वे इस मार्ग के बजाय अन्य वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें। जिला प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव हेतु यह कदम उठाया गया है। समाहरणालय, गया के जिला जन संपर्क शाखा द्वारा यह सूचना जारी की गई है ताकि क्षेत्र के लोगों को समय रहते सतर्क किया जा सके। संबंधित विभाग द्वारा मरम्मत कार्य को शीघ्र पूरा करने की दिशा में प्रयास आरंभ कर दिए गए हैं। इस सम्बन्ध में कार्यपालक अभियंता ब्रज किशोर प्रसाद ने बताया कि ये कोई स्ट्रक्चरल इश्यू नहीं है एवं संरचना में कोई खामी नहीं है। बालू निकासी तथा अचानक तेज बहाव से ऐसा हुआ है जिसकी मरम्मत कराई जा रही है। उन्होंने एक निजी टीवी चैनल की उस रिपोर्ट का खंडन किया जिसमें इस पुल के बारे में भ्रामक सूचनाएं और अन्य जगहों की फुटेज का इस्तेमाल कर फेक न्यूज दिखाई गयी थी।

गयाजी जंक्शन पर यात्री की हृदयगति रुकने से मौत

मेडिकल टीम की देरी बनी वजह, उठे स्थायी चिकित्सा केंद्र स्थापित करने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गयाजी। गयाजी जंक्शन पर सोमवार की शाम एक 60 वर्षीय यात्री की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के टिकारी निवासी शिव कुमार शर्मा के रूप में हुई है, जो अपनी पत्नी विमला देवी के साथ धनबाद जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचे थे। प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान आशीष कुमार की सतर्कता और संवेदनशीलता के बावजूद यात्री को बचाया नहीं जा सका। बताया गया कि फुट ओवर ब्रिज पर ही यात्री की हालत बिगड़ने पर आरक्षी आशीष ने तत्काल सीपीआर देकर जान बचाने की कोशिश की और अन्य यात्रियों के सहयोग से उन्हें प्लेटफॉर्म तक लाया गया।

मदद आई लेकिन देर से

आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि शाम 6:30 बजे ही चिकित्सा सहायता के लिए डिप्टी स्टेशन अधीक्षक एवं मेडिकल टीम को सूचना दे दी गई थी, लेकिन गयाजी रेल अस्पताल से मेडिकल टीम डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में करीब 7:10 बजे पहुंची, तब तक यात्री की मृत्यु हो चुकी थी। डॉक्टर ने मौके पर पहुंचकर मृत्यु की पुष्टि की।

देरी बनी जानलेवा, उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर रेलवे अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में भी हावड़ा-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में छट्ठू जायसवाल नामक यात्री की तबीयत बिगड़ने पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा स्वयं न जाकर एक ड्रेसर को भेजा गया था। उस समय भी जवाबदेही से बचने के आरोप लगे थे।

जाम ने बिगाड़ी व्यवस्था

सूत्रों के अनुसार रेलवे अस्पताल से स्टेशन तक एम्बुलेंस की देरी का मुख्य कारण रास्ते में लगातार लगने वाला ट्रैफिक जाम है। रेलवे गुमटी नंबर एक के पूरबी गेट के पास अवैध दुकानों और सड़क किनारे अतिक्रमण से जाम की स्थिति बनी रहती है। स्टेशन परिसर के पुनर्विकास कार्य और अनियंत्रित वाहन पार्किंग भी समय पर एम्बुलेंस की आवाजाही में बाधक बन रहे हैं।

स्थायी चिकित्सा केंद्र की मांग तेज

पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल के यात्री परामर्शदातृ समिति के पूर्व सदस्य डॉ. विनोद कुमार मंडल ने रेल मंत्री से गयाजी जंक्शन पर स्थायी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ, आपातकालीन दवाओं की उपलब्धता और एक मेडिकल स्टोर की स्थापना की मांग की है। उन्होंने कहा कि गयाजी जैसे व्यस्त जंक्शन पर हर दिन हजारों यात्री गुजरते हैं, ऐसे में एक सक्षम और त्वरित चिकित्सा सुविधा का अभाव भविष्य में और भी बड़े हादसों को न्योता दे सकता है। रेलवे प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन लगातार हो रही चूक और यात्रियों की जान से जुड़ी घटनाएं व्यवस्था में सुधार की सख्त मांग कर रही हैं।

तैलीक साहू सभा की बैठक में भामाशाह सम्मान समारोह की तैयारियों पर चर्चा

पटना में 30 जून को होगा आयोजन, समाज की प्रतिष्ठा से जुड़ा है कार्यक्रम : अजय साव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया जी। आगामी 30 जून को पटना के बापू सभागार में प्रस्तावित भामाशाह सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर गया जी जिला तैलीक साहू सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक सभा के जिलाध्यक्ष अजय साव के आवास पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता स्वयं अजय साव ने की। बैठक का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छोटन साव ने किया। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ उनके पुत्र शिशिर कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम साहू, अर्जुन प्रसाद, बोधगया प्रखंड प्रमुख गुड़िया देवी, कंचन गुप्ता, ओमप्रकाश कुमार, कृष्णा कुमार, उमेश साव, रवि कुमार, शशिकांत, अरुण कुमार, राजेश राम, राजू लाल और राजनंदन कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी विशिष्ट अतिथियों को तैलीक साहू सभा की ओर से अंग वस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में समारोह की रूपरेखा, आयोजन की व्यवस्थाएं, अतिथियों की सूची, मंच संचालन की तैयारी और विशेष रूप से समाज के युवाओं की भागीदारी को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। सभा ने इस आयोजन को समाज की प्रतिष्ठा और स्वाभिमान से जोड़ते हुए कहा कि यह सम्मान समारोह हमारे इतिहास, योगदान और समर्पण को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करने का एक मंच है। अजय साव ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे 30 जून को अधिक से अधिक संख्या में पटना बापू सभागार पहुंचें और कार्यक्रम की सफलता में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल भामाशाहों का सम्मान है, बल्कि हमारी सामूहिक पहचान और गर्व का उत्सव भी है।

कांग्रेस पार्टी का माई-बहिन मान योजना अभियान कार्यक्रम जोरों पर : प्रो.विजय कुमार मिट्ठू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर विगत कई महीनों से कांग्रेस पार्टी का घर-घर झंडा फहराने तथा सभी 18 वर्ष से 60 वर्ष की महिलाओं को माई-बहिन मान योजना के तहत जोड़ने का काम जिला के 24 प्रखंडों, सभी नगर निकायों के लगभग 175 वार्डों, 332 ग्राम पंचायतों, 3246 बूथों पर अनवरत जारी है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, श्रीकांत शर्मा, अरविंद कुमार, मोहम्मद शमीम, मुन्ना मांझी, मनोज प्रजापति, सुबोध पाल, शिव कुमार चौरसिया आदि ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का झंडा जिला के घर में फहराने, जन-जन के हाथों में लहराते हुए जिला के प्रत्येक गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार के घर के माई, बहिन को माई -बहिन मान योजना से जोड़ने का काम कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, इंटक सहित सभी प्रकोष्ठ के नेता, कार्यकर्ता इन दोनों अभियान को सफल बनाने हेतु और तेजी से काम कर रहे हैं।

दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी ने 80 आवेदकों की समस्याओं को सुना

समस्या निदान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर के दैनिक जनता दरबार में आज लगभग 80 आवेदकों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आवेदक द्वारा बताया गया कि उनके निजी जमीन को बिना किसी नोटिस के तोड़ा जा रहा है। डीएम ने सम्बंधित अंचलाधिकारी को मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आवेदक ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। डीएम ने भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी को जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आवेदक ने बताया कि जमीन मापी के लिए आवेदन दिया हुआ है। मापी कार्य के लिए अभी तक तिथि निर्धारित नहीं किया गया है। डीएम ने सीओ को यथाशीघ्र नियमानुसार मापी की तिथि देना सुनिश्चित करेंगे। आवेदक ने बताया कि आपसी बटवारा नहीं हो पा रहा है। डीएम ने दोनों पक्षों को थाना स्तर के जनता दरबार या सक्षम न्यायालय में वाद दायर कराने की सलाह दी।

ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना क्षेत्र के अमवां गांव के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ जहां ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत रविवार को हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोंच और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि अमवां गांव के समीप 15 नम्बर गुमटी के पास एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा हुआ है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास में जुट गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिए 72 घंटे के लिए मेडिकल कॉलेज में रखी है।

सशस्त्र सीमा बल द्वारा मुर्गीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ, 21 युवाओं को मिलेगा लाभ

कमांडेंट मधुकर अमिताभ के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया जी। मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी (बिहार) द्वारा सोमवार को चार दिवसीय मुर्गीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र, मानपुर, गया जी (बिहार) में किया गया। यह प्रशिक्षण 23 जून से 26 जून 2025 तक चलेगा जिसमें गया, औरंगाबाद एवं लखीसराय जिलों से चयनित कुल 21 बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन द्वितीय कमान अधिकारी रविशंकर कुमार द्वारा किया गया, जो 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रविशंकर कुमार ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल न केवल भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं की सुरक्षा तथा आंतरिक सुरक्षा एवं नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी भूमिका निभा रहा है, बल्कि भारत सरकार के विभिन्न नागरिक कल्याणकारी योजनाओं को भी सफलतापूर्वक लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि बल द्वारा संचालित प्रशिक्षणों से सैकड़ों स्थानीय युवक-युवतियां आत्मनिर्भर बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में मशरूम की खेती, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मरम्मत, बकरी पालन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मोटर ड्राइविंग, थ्री लेयर एग्रीकल्चर, ब्यूटीशियन कोर्स तथा हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट जैसे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया है। इस मौके पर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी के उप कमांडेंट अबनीश यादव, उप कमांडेंट अजय कुमार वाजपेयी, कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर, गया जी के वैज्ञानिक (प्रसार शिक्षा) अशोक कुमार एवं वैज्ञानिक (पशुपालन) अनिल रवि कुमार सहित अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को आधुनिक मुर्गीपालन के व्यावसायिक पहलुओं की जानकारी दी जाएगी ताकि वे रोजगार के अवसर सृजित कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दे सकें। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में यह प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत गयाजी रेलवे स्टेशन पर दो नाबालिग बच्चों का सफल रेस्क्यू

आरपीएफ और टीटीई की सतर्कता से बच्चों को मिला सुरक्षा का सहारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गयाजी। गया रेलवे स्टेशन पर सोमवार को 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। इसमें एक 10 वर्षीय बालक और एक नाबालिग लड़की शामिल हैं जिन्हें रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से बचाया गया। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12817 की पैंट्री कार में ड्यूटी पर तैनात टीटीई नौदीप कुमार की नजर एक अकेले घूम रहे नाबालिग लड़के पर पड़ी। पूछताछ करने पर पता चला कि बच्चा कोडरमा, झारखंड का रहने वाला है और उसकी उम्र लगभग 10 वर्ष है। बच्चे को तुरंत आरपीएफ को सुपुर्द किया गया जिसके बाद उसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, गया लाया गया। दूसरी ओर आरपीएफ टीम ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर गश्ती के दौरान एक डरी और सहमी हुई नाबालिग लड़की को बैठा पाया। आरपीएफ जवानों ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए लड़की से पूछताछ की और उसकी पहचान की। दोनों ही मामलों में आरपीएफ द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए बच्चों को रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क, गया के सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा और उनके पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। रेलवे प्रशासन ने बताया कि 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत लावारिस, खोए या संकटग्रस्त बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस पहल के माध्यम से अब तक कई बच्चों को नया जीवन मिला है।

झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय

कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा
E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com

अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना
HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-3/2025/936

01	कारा का नाम	मंडल कारा, गढ़वा
02	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, एंव चीनी आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.07.2025 से 30.09.2025 तक।
03	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र।
04	बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय।	दिनांक–28.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–04.07.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
05	निविदा Online Upload करने की तिथि।	दिनांक–28.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–04.07.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
06	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि।	दिनांक–05.07.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक।
07	अग्रधन राशि (EMD)(₹ 2500/–. से अधिक होने पर जमा करने की तिथि)	दिनांक–05.07.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक।
08	निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान	दिनांक–08.07.2025, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में।

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 355783 District (25-26)_D

विश्वासभाजन
काराधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा

समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–10, पलामू, कैम्प जी0एल0ए0 कॉलेज डालटनगंज
(ई मेल–co-irb10@jhpolice.gov.in)

प्रेस विज्ञप्ति

अप्रशिक्षु महिला आ0 303 चाँदनी गुप्ता आई0आर0बी0–10, पलामू को 02(दो) दिनों का आकास्मिक अवकाश एवं 02(दो) दिनों का अनुमति अवकाश कुल 04(चार) दिनों का अवकाश दिनांक–30.04.2022 के अप0 से दिनांक–04.05.2022 के अप0 तक उपभोग करने की अनुमति दी गई थी। तदनुसार आपकी उपस्थिति दिनांक–05.05.2022 के पूर्वा0 में वाहिनी मुख्यालय में थी। परंतु आप ससमय कर्तव्य पर उपस्थित नही हुई और अवकाश विस्तार के संबंध में ई–मेल के माध्यम से आवेदन के साथ चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रेषित किये थे। जिसमें 120 (एक सौ बीस) दिनों का शिशु देखभाल अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किये थे। जिसमें अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुरोध को अस्वीकृत किया गया। तत्पश्चात आप बिना अनुमति के मनमानेपूर्वक अवकाश से पिछड़ते रहे। अवकाश से पिछड़ने के कारण इस कार्यालय का बलादेश संख्या–293/2022 के द्वारा वेतन धारित करते हुए आपको अपने कार्य पर शीघ्र उपस्थित होने हेतू इस कार्यालय का ज्ञापांक–730/र0का0, दिनांक–16.09.2022, ज्ञापांक–829/र0का0, दिनांक–13.10.2022 एवं ज्ञापांक–917/र0का0, दिनांक–18.11.2022, ज्ञापांक–988/र0का0, दिनांक–06.12.2022 के द्वारा आपके गृह पते पर पत्र पेषित किया गया था। परंतु आप आदेश का अवहेलना करते हुए अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुई। तत्पश्चात आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संख्या–02/2023 प्रारंभ किया गया। पुनः इस कार्यालय का ज्ञापांक–59/र0का0, दिनांक–24.01.2023 के द्वारा शीघ्र कार्य पर उपस्थित होते हुए विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गई थी। परंतु आप अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुई और न ही आपके द्वारा कोई स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। पुनः आपसे इस कार्यालय का ज्ञापांक–183/र0का0, दिनांक–02.03.2023 के द्वारा आपके गृह पते पर अंतिम स्मार पत्र भेजा गया। परंतु आप आदेश का अवहेलना करते हुए दिनांक–08.09.2022 के पूर्वा0 से मनमानीपूर्वक अवकाश से पिछड़ रही है। पुनः इस कार्यालय का ज्ञापांक–103/गो0, दिनांक–04.12.2024 एवं ज्ञापांक–112/गो0, दिनांक–17.12.2024 के द्वारा अविलब कार्य पर उपस्थित होने हेतू आपके गृह पते पर विशेष दूत भी भेजा गया। परंतु आप अपने गृह पते पर उपस्थित नहीं थे। वर्तमान में भी आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुई है।

अतः आपको संसूचित के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से **07 (सात)** दिनों के अंदर अपने कार्य पर उपस्थित हो अन्यथा आपको सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–10, पलामू

PR 355751 Police(25-26).D

कार्यालय:– कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू – 822101
Office Email Id. Jppodtg2020@gmail.com

सामयिक सूचना अंक–02/2025–26
–:: आवश्यक सूचना ::–

पलामू जिला अन्तर्गत सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024–25 अंतर्गत फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के उपचार हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर सभी पौधा संरक्षण केन्द्रों में कीटनाशी/फफुंदनाशी उपलब्ध है। किसान बंधु अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित पौधा संरक्षण केन्द्रों मे जाकर फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के रोकथाम हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर अनुसंशित कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त कर सकते है।

पौधा संरक्षण केन्द्र एवं उससे संबंधित प्रखण्ड :–

क्र0सं0	पौधा संरक्षण केन्द्र का नाम/पता	केन्द्र प्रभारी/ATM/BTM का नाम/मो0नं0
1.	पौधा संरक्षण केन्द्र, मेदिनीनगर पता–कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय, योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू	श्री वंशीधर महतो, कामदार मोबाईल नं0– 7739535182
2.	पौधा संरक्षण केन्द्र, जपला पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर हुसैनाबाद	श्री विरेन्द्र प्रसाद (क्षे0परिचालक) मोबाईल नं0– 9097541910 जय गोविन्द यादव, ATM मोबाईल नं0– 9934657435
3.	पौधा संरक्षण केन्द्र, नीलाम्बर पीताम्बरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर नीलाम्बर पीताम्बरपुर	श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 अनिल कुमार मेहता, ATM मोबाईल नं0– 7488156142
4.	पौधा संरक्षण केन्द्र, पाटन पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर पाटन	श्री वंशीधर महतो मोबाईल नं0– 7739535182 प्रकाश रंजन सिंह, ATM मोबाईल नं0– 7903591908
5.	पौधा संरक्षण केन्द्र, छत्तरपुर पता– ATIC Centre प्रखण्ड परिसर छत्तरपुर	श्री विरेन्द्र प्रसाद (क्षे0परिचालक) मोबाईल नं0– 9097541910 संजय कुमार, BTM मोबाईल नं0– 8789297027

पौधा संरक्षण केन्द्रों पर उपलब्ध कीटनाशियों/फफुंदनाशियों का नाम :–

1. कार्बनडाजिम 50% WP
2. मैनकोजेब 75% WP
3. हेक्साकोनाजोल 5% EC
4. मेटालेक्सिल 8% + मैनकोजेब 64%
5. कार्बनडाजिम 12% + मैनकोजेब 63%
6. पेंडीमेथालीन 30% EC
7. एट्राजीन 50% WP
8. क्लोरपायरीफॉस 20% EC
9. इमिडाक्लोप्रिड 17.8% SL
10. एजाडिरेक्टिन 1500 PPM
11. एन.पी.भी. हेलीकोवर्पाआर्मिजेरा 2.0% AS
12. ट्रायकोडर्मा हर्जियानम
13. ट्रायकोडर्मा विराइड
14. व्यूवेरिया बसियाना 1-15% WP
15. फेरोमोन ट्रैप 04 पीस ल्योर (दलहन फली छेदक हेतु)
16. क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5%
17. ट्राइफलोक्सीस्ट्रोबीन 25% WG+ टेबुकोनाजोल 50%
18. क्विनालफॉस 25% EC

नोट :– किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त करने के समय अपने साथ अक्रांत फसल का फोटोग्राफ, आधार न0, प्लॉट न0 एंव मो0 नं0 से संबंधित विवरणी केन्द्र में उपलब्ध पंजी में दर्ज करायेगें तथा उपचारित रकबा का विभागीय दर पर निर्धारित छिड़काव शुल्क जमा करेगें।

PR.NO.355727 District(25-26):D

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।

संपादकीय

भाषा को लेकर बेवजह तकरार की कोशिश ठीक नहीं

महाराष्ट्र की राजनीति में इस वक्त भाषा को लेकर विवाद पैदा करने की कोशिश की जा रही है. दरअसल महाराष्ट्र सरकार ने अंग्रेजी और मराठी माध्यम के स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को तीसरी भाषा बनाने का आदेश जारी किया. इसे एक अच्छे कदम के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि भारत में करीब 53 करोड़ लोग हिंदी का व्यापक उपयोग करते हैं. ऐसे में यदि महाराष्ट्र में मराठी और अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को थोड़ी-बहुत हिंदी सीखने को मिलती है तो यह उनके भविष्य के लिए बेहतर ही साबित होने वाला है लेकिन राजनीति को इससे क्या मतलब? राजनीति तो केवल वोट बैंक देखती है और यही कारण है कि राज्य सरकार के इस आदेश का विरोध करने वाले हल्ला मचाने लगे! यह समझ से परे है कि किसी भी भाषा को सीखना, जानना या बोलना अन्य भाषाओं को कमतर करने की कोशिश के रूप में कैसे देखा जा सकता है? हिंदी की व्यापकता सबको मालूम है. मंदारिन, स्पेनिश और अंग्रेजी के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हिंदी ही बोली जाती है. भारत की खासियत यह है कि यहां जितनी भी भाषाएं हैं, वो भौगोलिक रूप से अपने क्षेत्रों में न केवल व्यापक तौर पर बोली जाती हैं बल्कि भौगोलिक संस्कृति का प्रतिनिधित्व भी करती हैं. करीब पौने दस करोड़ लोग बांग्ला और साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा लोग मराठी बोलते हैं. इसी तरह आठ करोड़ से ज्यादा लोग तेलुगु और करीब 7 करोड़ लोग तमिल बोलते हैं. साढ़े पांच करोड़ से ज्यादा लोग गुजराती बोलने वाले हैं तो उर्दू बोलने वालों की संख्या भी पांच करोड़ से ज्यादा है. भारत में बोली जाने वाली सभी भाषाओं की अपनी खासियत है, उनका अपना सौंदर्य और लावण्य है. किसी को भी एक-दूसरे से कमतर नहीं माना जा सकता. सभी भाषाओं में बेहतरीन साहित्य रचे गए हैं. लोग दूसरी भाषाओं का साहित्य पढ़ना चाहते हैं इसीलिए भारतीय भाषाओं में व्यापक तौर पर अनुवाद होता रहा है. मराठी भाषा में रची गई बहुत सारी पुस्तकें हिंदी पाठकों की पसंदीदा पुस्तकें रही हैं. इसलिए भाषा को लेकर विवाद पैदा करना ठीक बात नहीं है. जब यह बात उठती है कि महाराष्ट्र में रहने वाले गैरमराठियों को मराठी भाषा जाननी चाहिए तो अमूमन हर व्यक्ति इस बात का समर्थन करता है क्योंकि स्थानीय भाषा जाने-समझे बगैर संबंधित क्षेत्र की संस्कृति को बेहतर तरीके से नहीं समझा जा सकता. इसी तरह जब महाराष्ट्र के बच्चे अधिकारी बनकर या काम के सिलसिले में हिंदी इलाके में जाते हैं तो उन्हें सीखी गई हिंदी से मदद ही मिलेगी. इसलिए महाराष्ट्र में यदि पहली से पांचवीं तक तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाई जाती है तो इसे मराठी भाषा के खिलाफ कैसे माना जा सकता है? वैसे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि स्कूल के 20 से अधिक विद्यार्थी तीसरी भाषा के रूप में हिंदी के अलावा और कोई विषय पढ़ना चाहते हैं तो उन्हें यह सुविधा मिलेगी. उस भाषा के लिए अलग से एक शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी. इसे इस तरह समझ सकते हैं कि यदि किसी मराठी या अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में तीसरी भाषा के रूप में 20 या उससे अधिक बच्चे तमिल सीखना चाहते हैं तो उस स्कूल में एक तमिल शिक्षक की नियुक्ति की जा सकती है. इस तरह की व्यवस्था सरकार करने जा रही है तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए. सरकार के इस कदम को जो लोग मराठी भाषा के खिलाफ प्रचारित कर रहे हैं, उन्हें या तो सरकार की योजना समझ में नहीं आई है या फिर वे जानबूझ कर अपनी राजनीति चमकाने के लिए भाषा का विवाद खड़ा कर रहे हैं. बेवजह का विवाद खड़ा कर रहे राजनेताओं को समझना चाहिए कि इस तरह के विवाद समाज के लिए बहुत हानिकारक होते हैं. इन नेताओं से यह भी पूछा जाना चाहिए कि उन्हें हिंदी से यदि इतना परहेज है तो वे अपने बच्चों को अंग्रेजी क्यों पढ़ाते हैं. अंग्रेजी तो हमारे देश की भाषा भी नहीं है फिर उसे इतना सम्मान क्यों देते हैं? कारण यही है कि यदि वे अंग्रेजी का विरोध करेंगे तो अंग्रेजी की जरूरत को समझने वाली जनता तत्काल उनका विरोध करने लगेगी. नेताओं को समझना चाहिए कि गैर हिंदी भाषी लोग भी हिंदी की महत्ता समझते हैं. जनता उनके राजनीतिक कुचक्र में फंसने वाली नहीं है.

एफएटीएफ के निशाने पर है पाक का आतंकवाद

विश्व में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने भले ही अभी पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में नहीं डाला है, लेकिन उसने अंततः 22 अप्रैल को पहलगाम की क्रूर आतंकवादी हमले की निंदा की है। ऐसा करते हुए एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है जो भारत की इस विषयक सफलता को द्योतक हैं। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आखिरकार भारत की यह चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाक को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, इस मांग के सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का ही संकेत हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, भारत के सांसदों एवं अफसरों के प्रतिनिधिमण्डल को पाक को बेनकाब करने के लिये विश्व के प्रमुख देशों में भेजा, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं।

ललित गर्ग



एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में किसी देश को तब तक निगरानी में रखा जाता है, जब तक कि वह अपनी वित्तीय प्रणाली में पहचानी गई खामियों, त्रुटियों, विसंगतियों को ठीक नहीं कर लेता। पाकिस्तान निरंतर आतंकवाद को पोषण एवं प्रोत्साहन देने के लिये 2022 तक ग्रे लिस्ट में था, उसी वर्ष उसे ग्रे लिस्ट से हटाया गया, बावजूद पाकिस्तान ने कोई सुधार नहीं किया है और आतंकवादियों को न सिर्फ सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध करा रहा है, बल्कि आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे आपराधिक कामों में भी खुद को शामिल करते हुए आतंकवाद की प्रयोगशाला बना हुआ है। एफएटीएफ ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही कठोर शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाक को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा।

दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन एफएटीएफ को मनाने में आंशिक रूप से सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाक को करना पड़ेगा। यूं भी यह अन्तर्राष्ट्रीय धन का गलत एवं अतिश्योक्तिपूर्ण इस्तेमाल देरसबेर विश्व के सामने आयेगा। भारत दुनिया के देशों को यह बताने और समझाने में कामयाब रहा है कि पाक न केवल आतंकवाद का समर्थन करता है, बल्कि वह आतंकवाद का पोषक भी है और वह आतंकवाद के लिए फंडिंग भी करता है। इस तरह इसे भारत की कूटनीतिक विजय कहा जा सकता है। क्योंकि एफएटीएफ का इतना बोल्ड बयान पाकिस्तान के मुंह पर तमाचा है। एफएटीएफ की ओर से जारी आधिकारिक बयान की गहराई को समझने की जरूरत है, कि आतंकवादी हमले दुनिया भर में लोगों की जान लेते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और भय पैदा करते हैं। यानि एफएटीएफ ने यह मान लिया है कि पहलगाम हमला आतंकवादी वित्त पोषण के कारण ही अमल में आया। एफएटीएफ का यह बयान भारत के लिए बहुत अहम है। ध्यान रहे कि एफएटीएफ, जी-7 देशों की ओर से स्थापित एक स्वतंत्र संस्था है, जो देशों की वित्तीय नीतियों का मूल्यांकन करती है। गौरतलब है कि वर्तमान में एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में 24 देशों का नाम है, जो धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्त पोषण के लिए निगरानी में हैं।

यहां यह उल्लेखनीय एवं ध्यान देने वाली बात है कि पाक को कई बार एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा चुका है। इसे पहली बार 2008 में ग्रे लिस्ट में डाला गया था, लेकिन बाद में 2010 में इसे हटा लिया गया। इसके बाद, 2012 में पाक को फिर से इस लिस्ट में डाला गया और 2015 में इसे दुबारा हटा दिया गया। इसके बाद, पाक को जून 2018 में फिर से ग्रे लिस्ट में डाला गया था और अक्टूबर 2022 में इसे हटा लिया गया। लेकिन यह कुत्ते की ऐसी दूम है जिसे कितने की कड़े प्रावधानों में रखा जाये, यह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। उल्लेखनीय है कि एफएटीएफ ने वैश्विक नेटवर्क में 200 से अधिक क्षेत्रों के मूल्यांकन में योगदान देने वाले विशेषज्ञों का समर्थन करने के लिए आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम पर मार्गदर्शन विकसित किया है। अहम बात यह है कि एफएटीएफ के सख्त एवं कठोर व्यवहार के बाद अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के यह समझ में आने लगा है कि पाकिस्तान एक असुरक्षित एवं आतंकवादी पोषक गंतव्य बनता जा रहा है। ऐसे में एफएटीएफ के दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों की संभावना के कारण पाक की पहले से ही डांवाडोल अर्थव्यवस्था को और झटका लग सकता है।

जी-7 शिखर बैठक 15 से 17 जून 2025 तक कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मेज़बानी में हो रही है। इसमें जी-7 देशों के प्रमुखों के अलावा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर ज़ेलेंस्की, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ जैसे नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक के दौरान जी-7 के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पाक का सच और ऑपरेशन सिंधूर की सफलता के बारे में बताते हुए आतंकवाद के विरोध में संगठित होने के लिये वातावरण बना रहे हैं। भारत ने एफएटीएफ के बयान का स्वागत करते हुए कहा भी है कि यह वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रुख की पुष्टि करता है। सुरक्षा विशेषज्ञों ने भी एफएटीएफ की चेतावनी को गंभीर बताते हुए कहा कि यह पाक के लिए एक और बड़ा झटका है, जिससे उसकी वैश्विक छवि और कमजोर हो सकती है। गौरतलब है कि भारतीय अधिकारियों ने पिछले महीने पेरिस और वॉशिंगटन में एफएटीएफ प्रतिनिधियों से बैठक कर पाक के खिलाफ नई कार्रवाई की मांग की थी।

भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाक आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाक का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा। दरअसल, पाक हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं। भारत ने इस खतरे का हवाला देते हुए विश्व जनमत को हकीकत से अवगत कराने का सफल प्रयास किया है। अब यह एफएटीएफ के कर्ता-धर्ताओं के विवेक पर निर्भर करता है कि वे पाक के खतरनाक मंसूबों को कितनी जल्दी भांपने में कामयाब हो सकते हैं। एक ओर पाक आर्थिक बदहाली का हवाला देकर अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहा है, तो दूसरी ओर उसने अपनी रक्षा मद पर बीस प्रतिशत व्यय बढ़ा दिया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान इस रक्षा बजट वृद्धि का सारा पैसा राष्ट्रीय सुरक्षा की बजाय आतंकवाद को पल्लवित करने पर खर्च करेगा। इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण आतंकवाद पोषण की स्थितियों में धन के किसी भी दुरुपयोग का पता लगाने के लिये उसके नियमित खर्च की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को करनी चाहिए।

अध्यात्म

बुरी आदत को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए



बुरी आदतों की वजह से जीवन में परेशानियां बढ़ने लगती हैं। गलत आदतों को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए, वरना समस्याएं और ज्यादा गंभीर हो जाती हैं। इस बात को एक लोक कथा से समझ सकते हैं। पुराने समय में एक व्यक्ति अपने गांव के विद्वान संत के पास गया और बोला कि गुरुजी मेरा बेटा बुरी आदतों में फंस गया है। उसकी अभी ज्यादा उम्र भी नहीं है, मैं सोच रहा था कि ये बड़ा हो जाएगा तो सुधर जाएगा, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला है।

संत से जो भी व्यक्ति मिलने आता था, वे उसकी समस्याओं का निराकरण करते थे। संत ने उस दुखी पिता से कहा कि तुम कल अपने बेटे को मेरे पास भेज देना। पिता ने अगले दि अपने बेटे को संत के पास भेजा।

लड़का संत के पास पहुंचा और प्रणाम किया। संत उसे लेकर अपने बाग में पहुंचे और टहलने लगे। कुछ देर बाद संत ने लड़के से कहा कि सामने वह छोटा सा पौधा दिख रहा है, उसे उखाड़ सकते हो?

लड़के ने कहा कि मैं इसे अभी उखाड़ देता हूं और बच्चे ने पौधा उखाड़ दिया। थोड़ी देर बाद संत ने बच्चे को थोड़ा बड़ा पौधा दिखाया और उसे उखाड़ने के लिए बोला। लड़के को थोड़ी ज्यादा ताकत लगानी पड़ी, लेकिन उसने पौधा उखाड़ दिया।

थोड़ी देर बाद संत ने बच्चे को एक पेड़ दिखाया और कहा कि इसे उखाड़ दो। बच्चे ने पेड़ के तना पकड़ा, लेकिन वह उसे हिला भी नहीं सका। लड़के ने संत से कहा कि इस पेड़ को उखाड़ना तो संभव नहीं है। संत ने उस लड़के को समझाया कि छोटे पौधे को उखाड़ना बहुत आसान था, थोड़े बड़े को पौधे को उखाड़ने में थोड़ी ताकत लगानी पड़ी थी, लेकिन पेड़ को उखाड़ना संभव नहीं है। ठीक इसी तरह बुरी आदतों को जितनी जल्दी छोड़ देंगे, उतना अच्छा रहेगा। जब बुरी आदतें नई होती हैं तो उन्हें छोड़ना आसान होता है, लेकिन आदतें जैसे-जैसे पुरानी होती जाएंगी, उन्हें छोड़ पाना मुश्किल हो जाता है।

जब साथ हो आत्मबल और साहस तब कुछ भी असंभव नहीं

बदलते वक्त के साथ व्यक्ति विशेष की जीवन शैली में परिवर्तन आना स्वाभाविक है। समाज विशेष की जीवन शैली में परिवर्तन भी स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन करोड़ों नागरिकों की जीवन शैली में व्यापक बदलाव यूं ही नहीं आ जाता। इसके लिए कई मोर्चों पर बुलंद हौसलों की जरूरत पड़ती है। व्यापक स्तर पर जोखिम उठाने की क्षमता विकसित करनी पड़ती है और इस क्षमता को सही दिशा देकर सकारात्मक परिणाम पर केंद्रित कर लक्ष्य को पाना होता है। सकारात्मक सोच के साथ अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की और अधिक इच्छाशक्ति जागृत करना बुलंद हौसलों की पहचान है। अपनी कमजोरी या लाचारी को लेकर किसी और को दोष देने की बजाय अपने आत्मबल को मजबूत बनाने की दिशा में विचार करना चाहिए। देश-दुनिया के हर एक क्षेत्र में जितने भी सफलतम व्यक्तित्व हैं, गहराई से देखें तो उनके लिए परिस्थितियां कभी भी आसान नहीं थी।

राजेंद्र बज

अगर हौसले बुलंद हों तो सारी कायनात हमारे सुर में सुर मिलाने लगती है। अंतर्मन में उत्साह का संचार सफलता की पृष्ठभूमि तैयार कर देता है। किसी नेक काम को करने के इरादे से आत्मबल इतना सशक्त हो जाता है कि असंभव शब्द कहीं पीछे छूट जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से भी मन, वचन और कर्म की एकाग्रता से सिद्धत्व को प्राप्त किया जा सकता है। इतिहास पुरुषों का विभिन्न क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान इसका उदाहरण है। ठेठ आखेट युग से आज के औद्योगिक एवं वैज्ञानिक दौर तक की विकास यात्रा यों ही पूर्ण नहीं हो सकी है।

अगर कुछ कर गुजरने का जुनून और दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो उल्लेखनीय सफलता हासिल करना कठिन नहीं है। मानव सभ्यता के विकास का क्रम भी इसी के सहारे आज की उन्नत अवस्था को प्राप्त कर सका है। यह सिलसिला आज भी जारी है और आगे भी चलता रहेगा। आगे बढ़ने की चाहत के साथ कठिन रास्तों को तय करने वाले लोगों के उदाहरण हमें अपने आसपास भी देखने को मिल जाते हैं। लेकिन हम अपनी दृष्टि जितनी विशाल करेंगे, उतनी ही महान शख्सियत के बारे में जान पाएंगे। वैसे भी आजकल के दौर में असंभव तो कुछ भी नहीं रह गया है।

यह सब हौसलों की बुलंदी का ही परिणाम है कि कल तक जो कल्पना से भी परे था, आज सहज संभव नजर आने लगा है। ऐसा नहीं है कि यह सब पलक झपकते ही संभव हो गया हो। हौसला मतलब- हिम्मत, हर व्यक्ति के अंदर यह छिपी हुई शक्ति होती है, जिसका खुद को एहसास करना होता है। जो कार्य हम आसानी से करने की उम्मीद नहीं रखते और कोई दूसरा उसे अंजाम तक पहुंचाता है तो वह उसका हौसला ही है। इसका मतलब है कि उस व्यक्ति ने अपने भीतर की ताकत को पहचान लिया है।

दरअसल, तमाम तरह के विकास के कारक तत्त्वों में बड़े से बड़ा जोखिम उठाने का माद्दा सन्निहित है, जिसके परिणामस्वरूप निरंतर अनुसंधान कार्यों के साथ-साथ वृहद स्तर के उद्योगों की स्थापना संभव हुई है। व्यवसाय का तेज गति से विस्तार हुआ। रोजगार के नए-नए आयाम स्थापित होने लगे और आम नागरिकों के व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सुधार हुआ। दुनिया भर में तरक्की की रफ्तार निरंतर तेज होती जा रही है।

कल तक हमारा देश कृषि प्रधान होने के बावजूद खाद्यान्न पूर्ति के लिए विदेशों पर निर्भर रहा करता था, लेकिन देखते ही देखते हर एक क्षेत्र में बुलंद हौसले के साथ हम आगे बढ़ते रहे। इस स्थिति के मूल में राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ व्यापार व्यवसाय, शिक्षा एवं चिकित्सा जगत के पुरोधाओं का बुलंद



हौसला ही था, जिसकी बदौलत विभिन्न क्षेत्रों में जोखिम लेने की क्षमता का विस्तार हुआ। दरअसल, हर एक क्षेत्र में बड़े लक्ष्य को सामने रख कर कार्य योजनाएं बनाई गईं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए।

आज हम शहरी परिवेश को देखें या ग्रामीण, हर तरफ आमूल परिवर्तन की स्थिति दिखाई देती है। शहर और अधिक विकसित हो रहे हैं, तो विभिन्न नगर, गांव एवं कस्बों में भी आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार देखा जा सकता है। तकनीक घर-घर दस्तक दे चुकी है, नागरिकों की बौद्धिक क्षमता बढ़ी है। कृषि कार्य का आधुनिकीकरण हो गया है, व्यापार व व्यवसाय का स्वरूप भी बदल गया है। आज हर क्षेत्र में देश की विकासात्मक तस्वीर साफ देखी जा सकती है।

यह सब दशकों की लंबी साधना का परिणाम है, जो हौसले से ही संभव हो सका है। सफलता के लिए सिर्फ प्रतिभा होना ही काफी नहीं है, इसके लिए सही कदम उठाने के साथ सोच में स्पष्टता और बुलंद इरादा भी चाहिए। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति और हालात से मुकाबला करने का साहस हो तो फिर कोई भी ताकत लक्ष्य को हासिल करने से डिगा नहीं सकती।

बदलते वक्त के साथ व्यक्ति विशेष की जीवन शैली में परिवर्तन आना स्वाभाविक है। समाज विशेष की जीवन शैली में परिवर्तन भी स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन करोड़ों नागरिकों की जीवन शैली में व्यापक बदलाव यूं ही नहीं आ जाता। इसके लिए कई मोर्चों पर बुलंद हौसलों की जरूरत पड़ती है। व्यापक स्तर पर जोखिम उठाने की क्षमता विकसित करनी पड़ती है और इस क्षमता को सही दिशा देकर सकारात्मक परिणाम पर केंद्रित कर लक्ष्य को पाना होता है। सकारात्मक सोच के साथ अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की और अधिक इच्छाशक्ति जागृत करना बुलंद हौसलों की पहचान है। अपनी कमजोरी या लाचारी को लेकर किसी और को दोष देने की बजाय अपने आत्मबल को मजबूत बनाने की दिशा में विचार करना चाहिए। देश-दुनिया के हर एक क्षेत्र में जितने भी सफलतम व्यक्तित्व हैं, गहराई से देखें तो उनके लिए परिस्थितियां कभी भी आसान नहीं थी। उनकी सफलता के पीछे उनके बुलंद हौसलों का बड़ा हाथ रहा है।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों में तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है।

वृषभ

आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन

घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शान्ति का वातावरण रहेगा। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा।

कर्क

मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सम्भालकर रखें।

सिंह

आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी सम्बन्ध और मधुर होंगे।

कन्या

रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नयी ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें।

तुला

शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिये दिन उत्तम है। सन्तान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

वृश्चिक

आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें।

धनु

किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ सम्बन्ध मजबूत होंगे।

मकर

वैवाहिक सम्बन्धों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर सम्बन्धों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिये।

कुंभ

महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुये कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

मीन

दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है।

पार्टी की रीढ़ हैं बूथ स्तरीय कार्यकर्ता

जदयू के बूथ अध्यक्षों व सदस्यों की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। बलिया प्रखंड पोखरिया व बड़ी बलिया उत्तरी पंचायत में जदयू के बूथ अध्यक्षों व बूथ कमेटी के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। कार्यक्रम प्रभारी सुधाकर भारद्वाज, विधानसभा प्रभारी पवन सिंह की देखरेख में हुई बैठक में अलग-अगल बूथों के मतदाताओं की गणना के साथ-साथ वोटों के पैटर्न की गहन समीक्षा, बूथ पर विगत चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन, अगामी चुनाव में बूथों पर पार्टी को मजबूती देने और मतदाताओं को नीतीश कुमार के ऐतिहासिक जनकल्याणकारी कार्यों व योजनाओं की जानकारी देते हुए मतदाताओं को पार्टी संगठन से जोडने आदि पर गहन-विचार विमर्श किया गया। बैठक जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े और बूथ अध्यक्षों से बूथों पर पार्टी की स्थिति की जानकारी लेने के साथ-साथ ही बूथ अध्यक्षों व बूथ कमेटी सदस्यों से बूथ स्तर पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमर कुमार सिंह ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होते हैं। जब तक बूथ पर जीत सुनिश्चित नहीं होगी। विधानसभा व राज्य में पार्टी की जीत संभव नहीं है। कार्यक्रम व विधानसभा प्रभारी ने कहा कि राज्य की जनता विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य व राज्य की जनता के लिए ऐतिहासिक विकास व हरेक व्यक्ति के लिए चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत है। बिहार की जनता मुख्यमंत्री के कार्यों से संतुष्ट हैं। बस जरूरत है हम बूथ के कार्यकर्ता उन्हें सतत रूप से जानकारी देते रहे और उन्हें मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक करें। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है तभी तक बिहार में अमन-चैन और भाईचारगी है। जंगलराज वालों से बिहार का भला नहीं हो सकता है। कहा कि बिहार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न केवल सजाया संवारा बल्कि ऐतिहासिक विकास की गाथा लिखकर बिहार को बीमारूराज्य से विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर बिहार बनाया।
कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता अस्मतुल्ला बुखारी, प्रदेश प्रवक्ता अकबर अली, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव फातमा खातून आदि ने संबोधित किया। मौके पर जिला महासचिव मृत्युंजय कुमार, उपेन्द्र महतो, गजेन्द्र यादव, बबलू राइन, मिजान रिजवान, नवल महतो, प्रदीप गुप्ता, हरिबोल कुमार, शशि यादव, निखिल यादव मंटून यादव, अजय कुमार, केदार महतो, मो. बेलाल आदि मौजूद थे।

भारत माता के सच्चे सपूत थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी : सिधेश आर्य

देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान की नीतियों के विरुद्ध दिया था बलिदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। भाजपा की पूर्ववर्ती पार्टी अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक व देश के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर भाजपा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला प्रवक्ता पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि भारत माता के सच्चे सपूत थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी। देश की एकता-अखंडता की रक्षा तथा एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान की नीतियों के विरुद्ध उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दे दिया। बोले, बंटवारे में आज अगर पंजाब और बंगाल का आधा हिस्सा भारत में है, तो इसमें डॉ मुखर्जी का महत्वपूर्ण योगदान है। सम्पूर्ण कश्मीर, जिसमें पाक अधित हिस्सा भी शामिल है,को वे भारत का अविभाज्य अंग मानते थे। अपने ही देशवासियों को, कश्मीर जाने के लिए परमिट लेने की नीतियों के वे खिलाफ थे। कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने डॉ मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। अध्यक्षता करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष कामिनी कंचन व पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ पाठक ने कहा कि नेहरू लियाकत समझौते के खिलाफ डॉ मुखर्जी ने सत्ता को ठोकर मारना उचित समझा, किन्तु राष्ट्रीय समाज के हितों से समझौता करना मंजूर नहीं किया। मौके पर पूर्व जिला महामंत्री पवन सिंह, महामंत्री संजय सिंह राठौड़, पार्षद समीर श्रवण, कृष्ण मोहन चौधरी, श्रवण साह आदि मौजूद थे।

संगठन के जांबाज कार्यकर्ता थे कमलेश्वरी यादव : अनिल अनजान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बीहट। बरौनी प्रखंड के बरियाही ग्राम सिमरिया पंचायत नंबर 2 के निर्माणाधीन आवास पर भाकपा नेता कामरेड कमलेश्वरी प्रसाद यादव उर्फ कामो यादव के श्राद्ध कर्म पर रविवार देर शाम श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व मुखिया कामरेड रामानंद यादव और मंच संचालन खेत मजदूर यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष कामरेड अशोक पासवान ने की। अपने संबोधन में राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान एवं उन दिनों के साथी कामरेड रामदास ठाकुर ने कहा की शोयड़ी से लेकर शारा तक पूरा जीवन कामरेड कमलेश्वरी प्रसाद यादव संघर्ष करते रहे। सिहमा गांव पहले शाम्हो के नजदीक था। कटाव से बुरी तरह प्रभावित होने के कारण 1962 में मटिहानी पंचायत नंबर दो जिल्ला पुनर्वास में तमाम मजदूरों को पुनर्वासित किया गया। इस अवसर पर मिथिलांचल कला मंच के कलाकारों के द्वारा जनवादी एवं निर्गुण गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कामरेड कमलेश्वरी प्रसाद यादव के दोनों सुपुत्र धर्मवीर यादव एवं ललन यादव ने लाल झंडे को कंधा देते हुए पिता के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। गगन भेदी नारों एवं अध्यक्षीय भाषण के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

शैक्षणिक सवालों को लेकर एआईएसएफ जिले के विभिन्न कॉलेजों में करेगा प्रदर्शन

एआईएसएफ जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। ऑल इंडिया स्टुडेंट्स फेडरेशन जिला परिषद की बैठक कार्यानंद भवन बेगूसराय में जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम जिला सचिव सत्यम भारद्वाज ने पिछले कार्यों की रिपोर्टिंग की उसके बाद बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा ने कहा कि एआईएसएफ देश की स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेने वाला एक मात्र छात्र संगठन है। इसलिए हमारी मुख्य जिम्मेवारी है कि देश में पुनः गुलामी चाहने वालों के खिलाफ हम आगे बढ़ कर संघर्ष करें। आज देश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने की साजिश केंद्र और राज्य की सरकार कर रही है। हम एक छात्र संगठन हैं और हम ही शिक्षा को बचाने की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। बरौनी रिफाइनरी हमारे संगठन के लंबे संघर्ष के बाद स्थापित हुआ था। जिसमें जिले के सैकड़ों नौजवान रोजगार कर रहे हैं। इस कारखाने का महत्वपूर्ण अंग बरौनी-कानपुर पाइपलाइन को रिलायंस के हाथों बेचा जा रहा है। इसके खिलाफ एआईएसएफ द्वारा 17 जुलाई को रिफाइनरी ईडी दफ्तर के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य अध्यक्ष सुधीर कुमार ने सभी जिला परिषद सदस्यों को जिम्मेवारी देते हुए कहा कि सभी प्लस टू विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सघन सदस्यता चलाकर इकाइयों का सम्मेलन कीजिए। अगस्त माह में जिला सम्मेलन कीजिए। विभिन्न महाविद्यालय इकाईयों के छात्र नेताओं ने सर्वसम्मति से फैसला किया कि नई शिक्षा निति 2020 से आम छात्रों को जो नुकसान हो रहा है। उसके खिलाफ जिले के सभी महाविद्यालयों में जुलाई महीने में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जुलाई महीने में ही सभी इकाइयों का सम्मेलन किया जाएगा एवं 12-13 अगस्त को जिला सम्मेलन किया जाएगा। साथ ही जिला समाहरणालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक को एआईएसएफ के पूर्व छात्र नेता राजेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय परिषद सदस्य क़ैसर रेहान, हसमत बालाजी, वसंत कुमार, अविनाश कौशिक, बिपुल कुमार, सन्नी कुमार, गुलनाज, नेहा, रौनक सहित सभी महाविद्यालयों के छात्र उपस्थित थे। इस दौरान आदित्य कुमार, सत्यम कुमार, अंशू कुमार शहीद दर्जनों छात्रों ने अल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन का सदस्यता ग्रहण किया।

समर कैम्प का उत्साहपूर्वक समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



अररिया। शिक्षा विभाग एवं प्रथम संस्था की संयुक्त पहल पर आयोजित समर कैम्प 2025 का समापन 20 जून को जिले के सभी केन्द्रों पर उत्सवपूर्वक किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, राशिद नवाज़ ने कहा कि बच्चों ने पूरे कैम्प के दौरान उत्साह और ऊर्ज़ा के साथ भागीदारी निभाई। जिसका सकारात्मक असर विभिन्न केन्द्रों पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला।
ज्ञात हो कि समर कैम्प के सफल संचालन में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एसएसए राशिद नवाज, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी साक्षरता प्रज्ञा श्री एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा समय-समय पर केन्द्रो पर जाकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन किया गया। जिला साधनसेवी कृष्णा कुमार एवं राज्य प्रतिनिधि अंतिम कुमार सिन्हा ने बताया कि जिलेभर में 13,000 से अधिक स्वयंसेवकों ने इस कैम्प में बच्चों के गणितीय कौशल को सुदृढ़ करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।
कार्यक्रम की शुरुआत में सभी स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण कर एक प्रोफाइल तैयार की गई थी, जिसके माध्यम से चिन्हित बच्चों की शैक्षणिक स्थिति एवं प्रगति का नियमित संधारण किया गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 1,41,141 बच्चों को इस कैम्प के माध्यम से लाभ मिला।
इस दौरान स्वयंसेवकों ने प्रथम संस्था के सहयोग से लर्न विथ गूगल कोर्स भी पूर्ण किया, जिसके लिए उन्हें डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस पहल को लेकर स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अब सभी स्वयंसेवकों को 25 जून तक बच्चों का अंतिम मूल्यांकन कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना है. इसके उपरांत जिला एवं प्रखंड स्तर पर एक भव्य समापन समारोह आयोजित कर स्वयंसेवकों को अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
विशेष बात यह रही कि अधिकतम स्वयंसेवकों तक पहुँच, बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता, कक्षाओं का फिजिकल एवं रिमोट अनुसमर्थन और लर्न विथ गूगल कोर्स कराने के मामलों में अररिया जिला प्रदेश भर में प्रथम स्थान पर रहा। अंत में, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को समर कैम्प में उनकी सक्रिय और मूल्यवान भागीदारी के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया एवं प्रथम संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग हेतु विशेष आभार व्यक्त किया।

पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बीहट। सिद्धाश्रम सिमरिया धाम के प्रांगण में पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर पूज्य गुरुदेव चिदात्मन् जी महाराज के सानिध्य में एक अहम बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता अखिल भारतीय सर्वमंगला समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने किया। जिसमें 25 जून को कलश यात्रा, कुंभ स्नान सह रथ यात्रा प्रारंभ होकर आश्रम परिसर, राम जानकी घाट तक होगा। रथ परिक्रमा का विश्राम 05 जूलाई को संपन्न होगा। वहीं 06 जुलाई को हरि शयनी एकादशी तिथि को संध्या चार बजे से गुरुदेव भगवान का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। 7 जुलाई से 9 जुलाई तक त्रिदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय भारतीय संसति और संस्कार में सिन्दूर का महत्व'' रखा गया है। विश्राम व 10 जुलाई को पूजन कार्य होगा। मौके पर सर्वमंगला सिद्धाश्रम के व्यवस्थापक रविन्द्र ब्रह्मचारी, संस्था के सचिव दिनेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष नवीन सिंह, मीडिया प्रभारी नीलमणि, राजीव कुमार, डा. घनश्याम झा, डा. विजय झा, प्रो प्रवीण प्रेम, सत्या नन्द, मुरारी मनु,पवन कुमार, सनातन झा, शिवू झा, अरविंद चौधरी, पंडित दिनेश झा, तरुण कुमार, पप्पू सिंह, नागेंद्र सिंह, शिवम, विनायक, राम झा, लक्ष्मण झा, रंजना कुमारी, पूनम कुमारी, ऋतु सिंह सुनीता देवी, चंद्रभानु देवी आदि मौजूद थे।

वैश्य महासम्मेलन में संगठन की मजबूती पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन पूर्णिया प्रमंडल की एक आवश्यक बैठक अररिया जिले के रानीगंज एस0 एन0 भी0 महाविद्यालय में 22 जून रविवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार पर एवं संगठन को मजबुत बनाने पर बिचार विमर्श किया गया। साथ-साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पूर्वोत्तर बिहार के हवाई संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए पूर्णिया एयरपोर्ट को प्राथमिकता दिए जाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसके साथ ही साथ पूर्णिया में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना जल्द से जल्द हो, केंद्रीय विद्यालय का अपने भवन में शिफ्ट करने हेतु, जोगबनी रेलवे स्टेशन, पूर्णिया जंक्शन या पूर्णिया कोर्ट स्टेशन में वाशिंग पिट मशीन बिठाने के संबंध में जिससे जोगबनी से पूणियॉ के रास्ते अच्छी-अच्छी रेलगाड़ियों का परिचालन हो सके। साथ ही पूर्णिया जिला से एम्स को हटाकर के दरभंगा जिला में स्थापित करने का विरोध एवं जैसा पता चला है कि मखाना बोर्ड को भी पूर्णिया से हस्तांतरित कर दरभंगा ले जाया जा रहा है इसके साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक के आंचलिक कार्यालय को भागलपुर में किराए के मकान पर शिफ्ट करना जबकि पूर्णिया में भारतीय स्टेट बैंक का अपना मकान है का विरोध किया गया के साथ ही साथ जोगबनी से पूर्णिया पूणियॉ के रास्ते दूर दराज के लिए जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई एवं अन्य बड़े शहरों के लिए वंदे भारत जैसे एक्सप्रेस गाड़ी या उसके समकक्ष गाड़ियों का परिचालन करने के संबंध में इत्यादि विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता रानीगंज वैश्य संगठन के संयोजक सह बरिष्ठ वैश्य नेता राज कुमार साहा ने किया। मंच संचालन संगठन के बिधान सभा प्रभारी श्री संजय कुमार महतो ने किया धन्यवाद ज्ञापन अपने ओजस्वी भाषण के साथ-साथ धन्यवाद ज्ञापन वैश्य के ऊर्जावान नेता श्री कृष्ण कुमार सेनानी ने किया।

स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मियो का मानदेय स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर राज्य कार्यालय से आवंटन प्राप्त होने के उपरांत जिले के ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन अंतर्गत कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों को अप्रैल माह का मानदेय भुगतान हेतु स्वीकृति दी गई है। उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार ने जिले के सभी 18 प्रखंडों के 178 ग्राम पंचायतों हेतु 9400836 (चौंरानवें लाख आठ सौ छत्तीस रुपये) की स्वीकृति दी गई है। जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं स्वच्छता कर्मियों को राज्य सरकार द्वारा राज्यांश मद से अप्रैल का मानदेय भुगतान हेतु ग्राम पंचायतों को राशि हस्तांतरित कर दी गई है। उपविकास आयुक्त द्वारा सभी ग्राम पंचायत के मुखिया एवं सचिव को अगले तीन दिनों के अंदर स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों का मानदेय भुगतान करने का निर्देश दिया है, साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को पंचायतों से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी स्वच्छता कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्णय लिया गया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी ग्राम पंचायतों को अपने-अपने पंचायत के स्वच्छता कर्मियों की सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित स्वच्छता कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि उन्हें लाभान्वित किया जा सकें।

उर्दू अनुवादक स्कूल का भ्रमण कर उर्दू की स्थिति का लेंगी जायजा

उर्दू निदेशालय पटना के पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी ने दिया आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को बिहार के विभिन्न जिला में कार्यरत उर्दू अनुवादक अपने अपने क्षेत्र में सरकारी विद्यालय का भ्रमण कर उर्दू की अद्यतन स्थिति का जायजा लेंगे। निदेशक मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग उर्दू निदेशालय बिहार पटना के पत्र के आलोक में सभी कार्यालयों में कार्यरत उर्दू कर्मी सप्ताह में एक दिन मंगलवार को सरकारी स्कूल का भ्रमण करेंगे। भ्रमण के क्रम में सरकारी स्कूलों में उर्दू भाषी छात्र छात्राओं की संख्या, उर्दू में उपलब्ध प्रश्न पत्रों की उपलब्धता की स्थिति, विद्यालयों में उर्दू किताबों की उपलब्धता एवं उर्द शिक्षकों की उपलब्धता और संख्या, वार्ड वार उर्दू बच्चों की संख्या एक फॉर्मेट में भर का नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा जिला में भेजना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में जिला पदाधिकारी अररिया ने जिला उर्दू भाषा कोषांग को पत्र लिखकर इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिसमें सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को सरकारी विद्यालय का भ्रमण कर उर्दू संबंधी सभी जानकारी एक फॉर्मेट में भरकर जमा करने का निर्देश दिया गया है। जानकारी देते हुए अररिया प्रखंड कार्यालय में कार्यरत उर्दू अनुवादक खुशबू दिलकश ने बताया कि उर्दू भाषा के विकास की दिशा में ये एक अच्छी पहल है. साथ ही पत्र में ये भी निर्देश दिया गया है कि कार्यालय का नाम, नेम प्लेट, सार्वजनिक भवन का नाम हिंदी के साथ साथ उर्दू में भी लिखवाने की दिशा में काम करना है। विदित हो कि उर्दू बिहार की दूसरी सरकारी जुबान है और हाल के दिनों में बिहार में बड़े पैमाने पर उर्दू अनुवादक की नियुक्ति भी बिहार सरकार के द्वारा किया गया है। बिहार सरकार उर्दू भाषा के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।

नहर में डूबने से बच्चे की मौत

बिक्रम। स्थानीय बाजार स्थित डोमिनिया पुल के समीप बाजार निवासी मोती पासवान के पुत्र आरव कुमार की रेवा नहर में डूबने मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह 10 बजे के करीब की है। मृतक के पिता ने इस संबंध में बिक्रम थाने में एक आवेदन दिया है। इसमें कहा गया है कि मेरा पुत्र आरव कुमार घर आने के क्रम में नहर में गिर गया।

एक नजर

फरार वारंटी गिरफ्तार

बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बखरी पुलिस ने एक पुराने मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बखरी कांड संख्या 40/07 के अभियुक्त मक्खाचक वार्ड संख्या-20 निवासी स्वर्गीय अलीबख्त अंसारी के पुत्र मोहम्मद साबिर को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मोहम्मद साबिर काफी समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी था।

नामांकन पत्रों की संवीक्षा

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के तीन पंचायतों में सरपंच तथा ग्राम कचहरी सदस्य पद पर होने वाले उपचुनाव में अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों की सघ्वीक्षा सोमवार को की गई। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने बताया कि दाखिल सभी छह नामांकन पत्र वैध पाया गया है। विदित हो कि हसनपुर बागर के सरपंच पद पर दो अभ्यर्थी रामाश्रय पासवान तथा अर्जुन पासवान तथा इसी पंचायत के वार्ड संख्या 04 में रिक्त ग्राम कचहरी सदस्य के पद पर मो अब्दुल सलाम तथा मो मुमताज ने नामांकन कराया है। वही रजाकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 10 के रिक्त ग्राम कचहरी सदस्य पद पर कारी पासवान तथा समसा वार्ड संख्या 15 से छोटू कुमार ने नामजद्गी का पर्चा दाखिल किया है। रजाकपुर तथा समसा के ग्राम कचहरी सदस्य पद पर एकल अभ्यर्थी रहने से इन्हें निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। 24 जून तथा 25 जून को नाम वापसी की तिथि है। नाम वापसी के बाद चुनावी मैदान में बचे अभ्यर्थियों को 26 जून को प्रतीक चिह्न आवंटित किया जाएगाघ मतदान 9 जुलाई को तथा मतगणना 11 जुलाई को होगी।

भीम सेवा शिविर की तैयारी को लेकर बैठक

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड मुख्यालय अवस्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल में पदाधिकारी तथा विकास मित्र की बैठक सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने की। इसमें शेष पंचायत में होने वाले भीम सेवा शिविर की तैयारी की समीक्षा की गई। शिविर के पूर्व आये आवेदन को संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस शिविर के सफल क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोताही बरतने कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं विधि सम्मत कार्रवाई की अनुशंसा वरीय पदाधिकारी से की जाएगी। मौके पर कल्याण पदाधिकारी रमाशंकर प्रसाद, विकास मित्र मुकेश कुमार, चंदन मोची, अर्जुन रजक, रानी देवी, विदुषी भारती, पूनम कुमारी, मधुमाला कुमारी, अर्चना कुमारी आदि ने हिस्सा लिया।

शादीशुदा फरार महिला बरामद

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नावकोठी पुलिस ने रजाकपुर पंचायत के बेगमपुर से अगवा शादीशुदा महिला को बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि 15 अप्रैल को बेगमपुर से शादीशुदा महिला को अगवा कर लेने की शिकायत उसकी माँ संजू देवी ने थाना कांड संख्या 79/25 के तहत 15 अप्रैल को दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस दबिश के कारण वह स्वयं घर वापस आ गई। इसकी सूचना संजू देवी ने पुलिस पदाधिकारी को दी। उसे बरामद कर 183 के तहत बयान दर्ज कराने हेतु न्यायालय भेजा गया।

शराब के साथ एक गिरफ्तार

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाने के रजाकपुर पंचायत के चक्का से नावकोठी पुलिस ने 15 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि अभुआर से बहियार के रास्ते शराब लाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु एस आई विश्वजीत कुमार को दलबल के साथ भेजा गया। सूचना स्थल पर जाने के बाद ओम चिमनी से पूरब पानी टंकी के बगल के रास्ते से एक व्यक्ति सिर पर प्लास्टिक के जार को बोरी में बंद लिए शराब ला रहा था। खोलकर देखने पर फारच्युन के प्लास्टिक के हरे रंग के जार में 15 लीटर देसी चुलाई था। पूछने पर अपना नाम भूषण पासवान बताया तथा यह शराब चक्का के दिवाकर महतो का बताया। दिवाकर उससे शराब बुलवाने का काम लेता था। शराब कारोबारी चक्का के दिवाकर महतो के विरुद्ध उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कांड अंकित किया गया। शराब कारोबारी के गिरफ्तारी हेतु संभावित ठिकाने पर छापामारी जारी है।

अगलगी में घर जलकर खाक

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के समसा पंचायत के बगरस थान सिंह वार्ड नंबर 7 में बीते रात अचानक हुए अगलगी से एक घर जलकर राख हो गया। इस सिलसिले में रामानंद पासवान की पत्नी चंदा कुमारी ने बताया कि संध्या सात बजे खाना बना रही थी कि अचानक खपड़ैल घर में आग लग गयी।जब तक कुछ समझ पाते तब तक घर पूरी तरह आग के चपेट में आ गया। घर में रखा 5 क्विंटल गेहूं, 2 क्विंटल चावल, सरसों का पांच लीटर तेल, बक्सा में रखा पच्चीस हजार रुपये नगद, आंगनबाड़ी केंद्र के क्रय पंजी, भंडार पंजी, टीएचआर वितरण पंजी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, सैमसंग का स्मार्ट फोन सहित चौकी पलंग विछावन कपड़ा वगैरह जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना से लगभग पांच लाख रुपये क्षति का अनुमान लगाया गया है। सोमवार को बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान सहित अन्य ग्रामीण पहुंचे पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया तथा सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

तस्करी के आरोपित को बीस साल कारावास

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बरौनी थाना क्षेत्र के पपरौर निवासी मो. शमशाद आलम एवं साजन कुमार को एनडीपीएस की धारा 8/20 (बी)(पप)(सी)में साक्ष्य के आधार पर एनडीपीएस न्यायालय के विशेष न्यायाधीश महेश प्रसाद सिंह ने दोषी पाकर सजा के बिन्दु पर सुनवायी करते हुए बीस साल कारावास की सजा एवं एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा अर्थदंड की राशि जमा नही करने पर एक साल की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी। न्यायालय में एनडीपीएस के विशेष लोक अभियोजक बाल्मीकि महतो ने छह गवाहों की गवाही करवायी जिसके आधार पर न्यायालय ने अभियुक्तों को सजा सुनायी। जीरोमाईल सहायक थाना के थानाध्यक्ष समरेंद्र कुमार के लिखित ब्यान पर बरौनी थाना कांड सांख्या 98/2020 अभियुक्तगण के विरुद्ध दर्ज किया गया। अपने लिखित ब्यान में थानाध्यक्ष ने कहा कि दिनांक 10 मार्च 2020 को 6 बजे शाम में एनएच 31 किनारे मो शमशाद आलम के मकान में अपना ब्यान दर्ज करता हूँ कि आज 4 बजे दिन में गस्ती के क्रम में जीरोमाईल चौक पर सूचना मिली की मो. शमशाद आलम के घर में भारी मात्रा में गांजा है। सूचना पर घर का घेराबंदी की। पुलिस देखकर भागने लगा भागते हुए आरोपी मो शमशाद आलम को पकड़ा एवं उसके पक्का छतदार मकान के पहले कमरा में पीला रंग के प्लास्टिक में 12 पैकेट बरामद किया। जिसमें 120 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

ग्रामीणों के सहयोग से बनी सड़क

फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। लंका कछुआरा पंचायत के माया भवन रोड, वार्ड संख्या 14 में नाले का पानी सड़क पर गिरने से लोगों को भारी परेशानी हो रही थी. आने-जाने में दिक्कत के कारण स्थानीय निवासियों ने खुद पहल करते हुए आर्थिक सहयोग से रोड पर रोड़ा और छाई डालकर रास्ता दुरुस्त किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक नाले की समस्या का समाधान नहीं हो सका, लेकिन ग्रामीणों की एकजुटता से अब राहगीरों को राहत मिली है।

मोतिहारी में चैंबर ऑफ कॉमर्स की अर्द्धवार्षिक आम सभा संपन्न, बुजुर्ग व्यवसायियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मोतिहारी। चैंबर ऑफ कॉमर्स मोतिहारी की अर्धवार्षिक आम सभा सह बुजुर्ग व्यवसायी सम्मान समारोह सोमवार को छोटा बरियारपुर स्थित होटल रामसन प्लाजा के वातानुकूलित सभागार में दो सत्रों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले भर के सैकड़ों व्यापारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सभा के प्रथम सत्र में अध्यक्ष अंगद सिंह के स्वागत भाषण के बाद महासचिव आलोक कुमार ने चैंबर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया ने आय-व्यय का विवरण दिया। इसके उपरांत उपस्थित सदस्यों ने व्यापारिक समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। मुख्य सत्र का उद्घाटन पूर्व कृषि कल्याण मंत्री एवं स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह, नगर विधायक प्रमोद कुमार, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष पटवारी, लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्याम भीमसरिया, नॉर्थ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और स्थानीय चैंबर अध्यक्ष अंगद सिंह एवं महासचिव आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने चैंबर के 26 वर्षों की उपलब्धियों और कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। वहीं, 50 वर्षों या उससे अधिक समय से सक्रिय प्रतिष्ठानों–मेसर्स परिधान, युगांतर प्रेस, कुंडल प्रसाद एंड संस, सूरज प्रसाद कपिलदेव प्रसाद एवं चंपारण कोल्ड स्टोरेज (हरसिद्धि) के प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद राधामोहन सिंह ने लघु और सूक्ष्म उद्योगों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना और जल्द शुरू होने जा रही गैस पाइपलाइन परियोजना की जानकारी भी साझा की। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्याम भीमसरिया ने एमएसएमई क्षेत्र की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए बैंकों के नकारात्मक रवैये और सरकारी तंत्र में समर्पण की कमी पर चिंता जताई। बिहार चैंबर के अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों की हर समस्या में बिहार चैंबर उनके साथ खड़ा रहेगा। विधायक प्रमोद कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए व्यापारिक समुदाय को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर उपमेयर लालबाबु प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष अनुपम जायसवाल, सुधीर गुप्ता, सुनील कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विवेक गौरव, हेमंत कुमार, राजीव विजडम, रामभजन, अंकुर कुमार, चंदू मिश्रा, अरविंद सर्राफ, श्याम कुमार, राजीव जायसवाल, रवि शेखर, राहुल शर्मा सहित जिले के विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

नगर निगम की मेयर प्रीति ने खान सर एवं डॉ. संतोष को किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। मोतिहारी के बापू सभागार (प्रेक्षा गृह) में मां सन्ध्या सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरुकता आभियान सह सम्मान समारोह में डायबिटीज से डरे नहीं परहेज करे नहीं का स्लोगन देने वाले डॉ. संतोष कुमार (चीनी रोग) विशेषज्ञ को बिहार के गौरव कहे जाने वाले शिक्षक खान सर, मोतिहारी की मेयर प्रीति कुमारी, उपमेयर लाल बाबू गुप्ता, अरेराज मुख्य पार्षद अमीतेश कुमार पांडे तथा युवा हृदय सम्राट समाजसेवी, सन ऑफ किसान अनिकेत रंजन द्वारा उन्हें उनके सहरनीय कार्यों के लिए बिहार गौरव अवॉर्ड दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिसमें डॉ. राज किरण जी भी उपस्थित रहे। बता दें कि डॉ. संतोष कुमार के इलाज के दौरान मरीजों को कोइ परहेज की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी यही इलाज करने की विधि इनको जन जन के बीच मशहुर बनाती हैं, डॉ. संतोष कुमार का क्लीनिक और हॉस्पिटल उत्तम डायबिटीज केयर के नाम से बजरंगपूरी, गायघाट पटना मे है। जहां वे कई वर्षों से सेवा देते आ रहे हैं, इसके अलावा डॉ. संतोष कुमार का मोतिहारी के पंच मंदिर चौक, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, फारबिसगंज (अररिया), पूर्णिया, भागालपुर, तथा उत्तरप्रदेश के कुशीनगर, तमकोई राज, गोरखपुर के अपने क्लीनिक में मरीजों को चिकित्सीय सेवा देते हैं।

एक नजर

एसपी ने किया तुरकौलिया थाना का निरीक्षण

तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)। मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को तुरकौलिया थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें थाना परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने थाने में दर्ज शराब, हत्या, लूट, पुलिस पर हमला, डकैती, एससी/एसटी और एनडीपीएस जैसे गंभीर मामलों की विस्तार से समीक्षा की। एसपी ने पाया कि थाने में करीब 1200 मामले लंबित हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष सुनील कुमार समेत सभी अनुसंधानकर्ताओं को निर्देश दिया कि लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पकड़े नहीं जा रहे शराब तस्करों के खिलाफ न्यायालय में कुर्की की कार्रवाई तेज की जाए ताकि आरोपी आत्मसमर्पण करने को विवश हों। एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जो पुलिसकर्मी इस दिशा में लापरवाही बरतेंगे, उनके विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। थाना परिसर में पुराने भवन से नए भवन में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए जाने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में रिपोर्ट पटना पुलिस मुख्यालय भेजी जा चुकी है और जल्द ही कैमरे लगाए जाएंगे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि पूर्ण शराबबंदी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने थाने में लंबित सभी गंभीर मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुफस्सिल इंस्पेक्टर मुन्ना कुमार, अपर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार, एसआई सुबोध कुमार, वेधा भारती, मंजय कुमार, कन्हैया लाल, रामप्रवेश सिंह, राजकुमार और विश्वजीत कुमार सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे। एसपी ने थाना की कार्यप्रणाली की भी बारीकी से समीक्षा की और सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गोलीबारी व मारपीट की घटना में एक गिरफ्तार

मखदुमपुर (जहानाबाद)। मखदुमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढकनी विगहा मोड़ के समीप रविवार देर शाम गोलीबारी और मारपीट की गंभीर घटना सामने आई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया, जिनमें से एक को पीएमसीएच रेफर किया गया है, जबकि दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शेखर कुमार और शिव कुमार के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चला आ रहा था। शेखर कुमार का आरोप है कि वह मैदान से दौड़ लगाकर घर लौट रहे थे, तभी ढकनी विगहा मोड़ के समीप शिव कुमार ने उन्हें देखते ही गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ओम प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए मखदुमपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां से शिव कुमार की स्थिति गंभीर होने पर उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं शेखर कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से थाने में अलग-अलग आवेदन दिए गए हैं। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस और एक खाली खोखा भी बरामद किया है। पुलिस घटना की संपूर्ण जांच-पड़ताल में जुटी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने की बात कही है। फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है, पुलिस स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है।

विधायक व सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पहाड़पुर(पूर्वी चम्पारण)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण सोमवार को गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी व सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मिली जानकारी के अनुसार विधायक श्री तिवारी के मांग पर सीएचसी में 30 बेड स्वीकृत है लेकिन बेड के लिए पर्याप्त भवन नहीं है। जिसको लेकर रविवार को मोतिहारी एक कार्यक्रम में पहुंचे बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय से भवन निर्माण कराने की मांग की, जिसपर स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन को विधायक के साथ सीएचसी का निरीक्षण कर प्रपोजल बनाकर भेजने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके आलोक में निरीक्षण हुआ जिसमें पाया गया कि 30 बेड के लिए भवन पर्याप्त नहीं है। जिसके आलोक विधायक ने सिविल सर्जन को अविलंब प्रपोजल बनाकर भेजने की बात कही। विधायक श्री तिवारी ने कहा की एक महीने के अंदर टेंडर की प्रकिया पूरी कर 30 बेड के लिए भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजहरूद्दीन, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह, ईश्वरचंद्र सिंह, अमरेन्द्र ठाकुर सहित स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

13 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चलित ट्राइसाइकिल का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मोतिहारी। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना के अंतर्गत सोमवार को अरेराज अनुमंडल परिसर स्थित बुनियाद केंद्र में 13 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चलित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ट्राइसाइकिल के साथ हेलमेट भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी एवं अरेराज के अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से लाभुकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्राइसाइकिल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर आत्मनिर्भरता की उम्मीद झलक उठी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लाभार्थी शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले में अब तक कुल 1368 बैट्री चालित ट्राइसाइकिल की स्वीकृति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा दी जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इनमें से 243 ट्राइसाइकिल की स्वीकृति मिल चुकी है, जिनका वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

बैट्री चालित ट्राइसाइकिल मिलने से दिव्यांगजनों को न केवल आवागमन में सहूलियत मिलेगी, बल्कि वे शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक भी आसानी से पहुंच सकेंगे। यह योजना सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है जिसके तहत दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा जा रहा है।

ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

इस योजना का लाभ इच्छुक दिव्यांगजन https://sambalyo-jana.bihar.gov.in लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत 60% या उससे अधिक चलंत दिव्यांगता वाले वे अभ्यर्थी पात्र हैं, जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है और जिनके आवास से कार्यस्थल या शैक्षणिक संस्थान की दूरी 3 किमी या उससे अधिक है।

कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

नबिटा ब्यूरो

पहाड़पुर। थाना क्षेत्र के नरकटिया चौक स्थित प्रियंका फैशन कलेक्शन नामक कपड़े की दुकान से बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपये के कपड़े और नकद राशि की चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार साहेब यादव, निवासी सरेया खाप टोल, ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि रोज़ की तरह रविवार की शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की सुबह जब दुकान पर पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। आसपास के लोगों को बुलाकर जब उन्होंने दुकान के अंदर देखा, तो मालूम चला कि दुकान से लाखों रुपये के रेडीमेड कपड़े और नकद राशि गायब थी।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/12 **दि. 19.06.2025**
दानापुर,

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:–

1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर अनुभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार पर्यवेक्षकों/अनुरक्षकों के लिए सुरक्षा उपकरणों का प्रावधान। **2. अनुमानित लागत :** रूपये 20231411.67, **3. बयाना राशि :** रूपये 251200.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 11.07.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 11.07.2025 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मं० सं० एवं दूर सं० अभि०
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/0458/डीएनआर/एस&टी/टी/25–26/36

संगठन क्षमता में दक्ष हैं रामकुमार राय : नित्यानंद राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सुपौल। सुपौल जिले के सिमराही में सोमवार को अमात जाति सम्मेलन सह स्वर्गीय छायांतर राय उर्फ महाशय जी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमात समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के तत्वावधान में किया गया था। सम्मेलन में बतौर विशिष्ट अतिथि मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने शिरकत की। उन्होंने आयोजन के संयोजक एवं अध्यक्ष रामकुमार राय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से अपील की कि रामकुमार राय को भाजपा कोटे से बिहार विधान परिषद का सदस्य बनाया जाए। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. राय ने कहा कि रामकुमार राय न केवल समाज के एक सक्रिय प्रतिनिधि हैं, बल्कि संगठन क्षमता में भी दक्ष हैं। उन्हें पार्टी के साथ-साथ अमात जाति को संगठित करने की भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने मंच से घोषणा की कि चूंकि यह अमात समाज का सम्मेलन है, अतः सर्वसम्मति से रामकुमार राय को अमात जाति का अध्यक्ष घोषित किया जाता है।

जहानाबाद में गृहरक्षक भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न, 307 अभ्यर्थी सफल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले में गृहरक्षकों की बहाली प्रक्रिया के तहत सोमवार को शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 307 अभ्यर्थी अंतिम रूप से सफल घोषित किए गए। जिला प्रशासन के निर्देशन और निगरानी में यह प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए कुल 1400 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 981 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रारंभिक चरण में आयोजित 1600 मीटर दौड़ में 345 अभ्यर्थी सफल हुए। इसके बाद उनकी ऊंचाई एवं सीना माप की जांच की गई, जिसमें निर्धारित मानकों को पूरा न कर पाने के कारण 29 अभ्यर्थी अयोग्य घोषित कर दिए गए।

शेष 316 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक जैसे अन्य शारीरिक परीक्षणों में हिस्सा लिया। इनमें से 09 अभ्यर्थी चिकित्सकीय जांच में अनफिट पाए गए, जबकि 307 अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से योग्य पाए गए और सफल घोषित किए गए। परीक्षा के दौरान कुल 06 अपीलें अपीलीय कोषांग में प्राप्त हुईं, जिन्हें त्वरित रूप से निपटा दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गृहरक्षक बहाली की यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न की जा रही है, ताकि योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिले।

गृहरक्षक बहाली को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह देखा गया। प्रशासन ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी हैं और शेष प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने की बात कही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज
अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05 RIII / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य का नाम : दिनांक–23.06.2025

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
			अंक में	अक्षर में		
1	EE/RWD/ DALTONGANJ /17/2024-25	जरका मोड़ मंदिर से गेरूआ भाया कांदु टोला तक पथ निर्माण । 2.00कि0मी0	214.650	दो करोड़ चौदह लाख पैंसठ हजार रू0 मात्र	09 माह	द्वितीय

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 355757 Rural Development(25-26)D

अंबेडकर के अपमान को लेकर भाजपा का धरना प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सियासत में उबाल आता जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अंबेडकर चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। भाजपा ने उन पर डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने और दलित विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया।

धरने के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लालू यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें दलित अस्मिता का अपमान करने वाला बताया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश केशरी ने कहा कि हाल ही में वायरल हुई एक तस्वीर में लालू यादव अपने जन्मदिन समारोह के दौरान अंबेडकर की तस्वीर के पास पैर पसारकर बैठे नजर आ रहे हैं, जो अपमानजनक और अमर्यादित है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह तस्वीर लालू यादव की सामंती मानसिकता और दलितों के प्रति उनकी उपेक्षा को दर्शाती है। धरने को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी बाबा साहब अंबेडकर के सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगी। यह विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक तस्वीर के खिलाफ नहीं, बल्कि दलित समुदाय को तथाकथित सामाजिक न्याय के नाम पर भ्रमित करने वालों को बेनकाब करने का प्रयास है। नेताओं ने जनता से अपील की कि वे ढोंगी और दिखावटी नेताओं से सतर्क रहें और भाजपा की दलित कल्याण नीतियों को अपनाकर बिहार के समावेशी विकास में भागीदारी निभाएं। धरने में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें जयप्रकाश केशरी, अनिल ठाकुर, नागेंद्र मेहता, अमरेंद्र शर्मा, शंकर चौहान और दामोदर प्रसाद प्रमुख थे। गौरतलब है कि बीते दिनों लालू यादव के जन्मदिन कार्यक्रम की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें वे कुर्सी पर बैठे हुए थे और उनके पास अंबेडकर की तस्वीर रखी हुई थी। इसे लेकर भाजपा ने राज्यभर में राजनीतिक हमला तेज कर दिया है और इसे दलित अस्मिता का गंभीर मुद्दा बताया है।

चिरैया-पुरनहिया पथ का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चिरैया (पूर्वी चंपारण)। चिरैया प्रखंड मुख्यालय स्थित शांति चौक से दीपही नहर तक 8.5 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को शिवहर की सांसद लवली आनंद और स्थानीय विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नारियल फोड़कर और फीता काटकर निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की गई। उल्लेखनीय है कि चिरैया से पुरनहिया तक की कुल 16.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय जनता पिछले एक दशक से अधिक समय से इंतजार कर रही थी। लंबे समय से बदहाल इस सड़क की स्थिति को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त था। यहां तक कि पिछले लोकसभा चुनाव में लोगों ने सड़क निर्माण की अनदेखी के विरोध में मतदान का बहिष्कार तक कर दिया था। यह सड़क दो विधानसभा क्षेत्रों–चिरैया और ढाका–में विभाजित है। इसका पहला हिस्सा, शांति चौक से दीपही महुआही तक लगभग 8.5 किलोमीटर का क्षेत्र चिरैया विधानसभा अंतर्गत आता है, जिसका सोमवार को शिलान्यास हुआ। वहीं सड़क का दूसरा हिस्सा महुआही मुर्शिदाबाद से भेलवा होते हुए पुरनहिया तक है, जो ढाका विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है। उसका शिलान्यास भाजपा विधायक पवन जायसवाल ने 5 जून को किया था।

पट्टीदारों ने दी थी युवक को जहर, नौ पर हत्या का केस दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चिरैया (पूर्वी चंपारण)। चिरैया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव में ज़हर देकर युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। मृतक की पहचान बाराजयराम गांव निवासी नेमीलाल साह (45 वर्ष) के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक की पत्नी शुभा देवी ने सोमवार को चिरैया थाना में आवेदन देकर पट्टीदार सहित नौ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, नेमीलाल साह को 21 जून को उनके पट्टीदार रूपलाल साह, मेघु साह, रामकिशोर साह, ऋषि मुनि साह, नरेश सिंह, हरि बैठा, धरखन सिंह, रविन्द्र राम एवं रामसागर सिंह बहला-फुसलाकर मारपीट के एक पुराने मामले में सुलह की बात कहकर मोहद्दीपुर ढांगड़ टोली ले गए। वहां सभी ने मिलकर कोल्ड ड्रिंक्स में जहर मिलाकर जबरन पिलाया। इसके बाद लोहे की रॉड से पीटकर और गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिरैया थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच तेज कर दी गई है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।


पुलिस ने गायब नाबालिग को किया सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। विसुनगंज थाना की पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया है, वहीं एक पुराने मारपीट मामले में फरार महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार ने जानकारी दी कि कुछ दिन पूर्व एक नाबालिग लड़की घर से गायब हो गई थी। परिजनों द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वह प्रेम प्रसंग के चलते घर से चली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

मारपीट मामले में महिला गिरफ्तार

इसी क्रम में विसुनगंज थाना क्षेत्र के कन्हैया बिगहा गांव में पूर्व में हुई एक मारपीट की घटना में नामजद आरोपित संगीता देवी, पति संजू यादव, को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में विसुनगंज थाना में भादंवि की धारा 307 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद



संगीता देवी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस की इन दोनों कार्रवाइयों से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है और अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज
अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –
07RI / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–23.06.2025

1. कार्य का नाम :

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
			अंक में	अक्षर में		
1	EE/RWD/ DALTONGANJ /24/2024-25	नौडीहा में पिपल पेड़ से सोनबरसा होते हुए तेतरियाडीह चौक तक पथ निर्माण कार्य।, 2.85कि0मी0	300.739	तीन करोड़ तिहत्तर लाख नौ सौ रू0 मात्र	12 माह	द्वितीय

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 355759 Rural Development(25-26)#D

बेकाबू वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। तेज रफ्तार बेकाबू वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरथौली के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर की है। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के हनेया गांव निवासी रवीन्द्र साव के 19 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घटना सोमवार दोपहर की है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि नीतीश अपने घर से बाइक पर सवार होकर दाउदनगर एक रिश्तेदारी में जा रहा था। उसके साथ चाचा सिकंदर व एक ग्रामीण धर्मदेव दूसरे बाइक पर सवार होकर उसके साथ ही जा रहे थे। जैसे ही वह उक्त जगह पहुंचा, तभी तेज रफ्तार बेकाबू कार रौंदती हुई चली गई। इस हादसे में


सदर अस्पताल में जुटी परिजनों की भीड़

- तेज रफ्तार बेकाबू कार ने रौंदा नीतीश को, मौके पर ही हुई मौत
- घटना के बाद से परिजनों में मातम का माहौल

घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। पीछे से बाइक से जा रहे उसके चाचा ने देखा तो बाइक रोककर उसे उठाया, लेकिन उसे मृत पाया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति रही। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क जाम की भी स्थिति रही, इस दौरान सड़क के दोनों ओर जाम लग गया एवं आवाजाही बाधित हो गयी। बाद में शव को सदर अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को मिली जिसके आलोक में पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ की। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना बाद से परिजनों में मातम का माहौल है। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजा राशि की मांग की है। जानकारी के अनुसार नीतीश दो भाइयों में बड़ा था। उसकी एक बहन भी है। उसके पिता मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते है। नीतीश खुद दसवीं कक्षा का छात्र था। विदित हो कि जिले में इन दिनों लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। अपनी जान को सुरक्षित रखने के लिए सड़क पर सतर्कता जरूरी हैं। लोगों को दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना एवं गति सीमा में रहना जरूरी है।

सड़क दुर्घटना में तीन जख्मी

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। औरंगाबाद में एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। जिसके कारण बाइक सवार तीन मजदूर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार को ओबरा थाना क्षेत्र के बेल रोड में अदरी नदी के पास की है। घायलों की पहचान लुक्का गांव निवासी श्रवण कुमार सिंह, सनोज ठाकुर और अंजनी कुमार के रूप में की गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर काफी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। जानकारी घायलों के परिजनों को दी गई। रास्ते से गुजर रहे जदयू नेता सुरजीत कुमार सिंह ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां भर्ती कर उनका इलाज जारी है। दुर्घटना में घायल मजदूरों ने बताया कि वे बाउंड्री वॉल का काम करते हैं। फिलहाल शहर से सटे मंजुराही गांव के पास उनका साइट चल रहा था। जहां वे रोज की तरह बाइक पर सवार होकर काम करने जा रहे थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 का डीएम एवं डीडीसी ने किया लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, भोजपुर (जिला जल एवं स्वच्छता समिति) के द्वारा ''स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (एसएसजी) 2025'' का लोकार्पण जिलाधिकारी व डीडीसी भोजपुर के द्वारा किया गया। जिसका मुख्य उदेश्य है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के माध्यम से प्रत्येक वर्ष में ओडीएफ प्लस स्थिति का आकलन करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके तहत गांव में खुले में शौच से मुक्ति के साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विभिन्न सुविधाओं एवं वर्तमान स्थिति का आकलन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। इस सर्वेक्षण में संबद्ध विभाग ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, आईसीडीएस एवं जीविका अपने अपने निर्मित संरचनाओं को कार्यरत कराना सुनिश्चित करेंगें। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण के विविध मापदंड पर सभी राज्यों एवं जिलों की राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग की जायेगी। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि आप सबों को इस कार्य के लिए मिशन स्तर पर लगना होगा जिससे जिले को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अच्छे मानक और मापदंडों में सम्मिलित किया जा सके। विशेषकर स्कूल, आंगनबाड़ी, बाजार, चौक-चौराहा सामुदायिक भवन, धार्मिक स्थल इत्यादि का जिक्र जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा किया गया है। उन सभी विभागों को अपने-अपने विभाग के मानकों पर खड़ा उतरना होगा। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने किया। मौके पर जिला अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, जिला चिकित्सा पदाधिकारी, निदेशक जिला ग्रामीण अभिकरण, डीईओ, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, उप समाहर्ता भूमि सुधार, जिला समन्वयक, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा के डीपीओ, सीडीपीओ, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे।

एनएच-119 ए फोरलेन व प्रमुख सड़क योजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एनएच 119ए (पटना-आरा-सासाराम) फोरलेन परियोजना, ग्रामीण कार्य विभाग तथा पथ निर्माण विभाग द्वारा संचालित सड़कों के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होने विशेष रूप से सर्वेक्षण, पिलरिंग की अद्यतन स्थिति, विभिन्न राजस्व ग्रामों के लंबित अभिलेखों, भूमि पोर्टल पर उत्पन्न भुगतान संबंधी समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की। वे अंचलाधिकारियों से लंबित अभिलेखों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि शेष सभी अभिलेखों को अविलंब जिला भू-अर्जन शाखा में प्रेषित किया जाए। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारियों एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं को निर्देशित किया कि बचे हुए भूमि अधिग्रहण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को परियोजना निदेशक, एनएचएआई (पटना एवं सासाराम) के साथ समन्वय स्थापित कर मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने एवं संबंधित विभागों से तालमेल बिठाकर अड़चनों का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, पीरो को तीन लंबित परियोजनाओं की अधियाचना प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा गया। वहीं कार्यपालक अभियंता, शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा को संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने और नगर क्षेत्र में वेडिंग जोन एवं बबुरा-डोरीगंज पथ के चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, एनएचएआई के परियोजना निदेशक (पटना एवं सासाराम), अनुमंडल पदाधिकारी (सदर, पीरो, जगदीशपुर), भूमि सुधार उपसमाहर्ता (सदर एवं पीरो), ग्रामीण कार्य विभाग एवं शाहाबाद पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता तथा संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारी (तरारी, चरपोखरी, गड़हनी, कोईलवर, उदवंतनगर, सहार, संदेश एवं बड़हरा) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मकानों में दरार के मामले में तीन पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के बोरिंग रोड में गलत तरीके से खुदाई करने के चलते हरिलाल और उससे सटे मकानों में दरार आई है। इस वजह से आस पास के लोग परेशान हैं। गलत तरीके से निर्माण करा रहे बिल्डर फैजन अली सर्वर समेत 3 पर नगर निगम ने केस दर्ज कराया है। फिलहाल मौके पर जिला के तमाम अधिकारी पहुंचे हैं। लोग डर के साए में हैं। इसके चलते इस रूट को भी डायवर्ट किया जा रहा है। वहां से होकर जाने वाली गाड़ियों को दूसरे रूट से भेजा जा रहा है। हरिलाल की बिल्डिंग कभी भी गिर सकती है। उसका मलबा सड़क पर भी आ सकता है। इसको लेकर एहतियातन जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

बूथों पर उपलब्ध होंगी सभी सुविधाएं, एसडीओ ने स्थिति का किया मूल्यांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह के द्वारा औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय भरथौली मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम अपेक्षित सुविधाओं अर्थात सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना था, ताकि निर्वाचन दिवस पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प, बिजली, प्रकाश, छाया, बैठने की व्यवस्था तथा मतदान केंद्र की समग्र स्वच्छता एवं सुलभता की स्थिति का निरीक्षण करते हुए इन सुविधाओं की पूर्णता पर बल दिया। निरीक्षण के क्रम में कई स्थानों पर कुछ आवश्यक सुविधाओं की कमी भी चिन्हित की गई, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को स्पष्ट निर्देश दिया कि शेष सभी मतदान केंद्रों का पुनः परीक्षण कराते हुए जहां-जहां सुविधाओं की कमी हो, वहां तत्काल कार्य आरंभ कराया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी आवश्यक सुविधाएं पूर्णरूपेण उपलब्ध हों। अनुमंडल पदाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की सुनिश्चितता मतदाता को न केवल सुविधा देती है, बल्कि उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी करती है। यह प्रशासन का उत्तरदायित्व है कि प्रत्येक मतदाता को सम्मानजनक वातावरण में मतदान का अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर कोई भी कमी शेष न रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

12वीं वर्ग की त्रैमासिक परीक्षा प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बारून (औरंगाबाद)। 12वीं वर्ग की त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन बारून प्रखंड के एकमात्र मॉडल स्कूल राजकीयकृत देववंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में प्रारंभ हुई। यह परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना तथा शिक्षा विभाग औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। मॉडल स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा प्राप्त परीक्षा कार्यक्रम के आलोक में परीक्षा संचालन अधिनियम के मानक के अनुसार वर्ग 12वीं में अध्यनरत विज्ञान एवं कला संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थी पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा समाप्ति के उपरांत विभाग के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में परीक्षा संबंधी पूर्ण विवरण तथा उपस्थिति विवरण बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना को समर्पित किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक निरंजय कुमार ने बताया कि इस संस्थान से विज्ञान संकाय में 120 तथा कला संकाय में 223 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन एवं आयोजन हेतु शिवम कुमार, संजय कुमार मेहता, रश्मि मिश्रा, अजीत कुमार एवं अन्य उच्च माध्यमिक के शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान राष्ट्रवादी नेता, एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा द्वारा उनकी स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन जिले के सभी मंडल अंतर्गत बूथों पर किया गया। मुख्य कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में किया गया, जहां स्व0 मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। जिसमे उनके जीवन गाथा, उनके संघर्ष और राष्ट्र के लिए बलिदान पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। मौके पर जिला महामंत्री संतोष चंद्रवंशी, रामदिनेश यादव, संजय कुमार सिंह, भिखारी सिंह, श्रीभगवान सिंह, नरेन्द्र तिवारी, धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, राजकुमार कुशवाहा, ज्योति कुशवाहा, सुनील कुमार श्रीवास्तव, उधारी बाबा, राजु कुमार, अरविन्द कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

नुक्कड़ नाटक से पशु रोगों की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड के अहियापुर सहित विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बरसात में पशुओं को होने वाली रोग से बचाव के लिए पशुपालकों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के निर्देशक रीनु राज गौतम ने कहा कि पशुपालन निदेशालय एवं पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार के निर्देशन में टीम बनाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक मंचन के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है कि बरसात के दिनों में जानवरों को सफाई वाली गौशाला में रखें। जानवरों के मल-मूत्र की सफाई अवश्य करें ताकि संक्रमण बीमारी से बचाव हो सके। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया की संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं। नुक्कड़ नाटक के टीम लीडर विनोद यादव, गणेश कुमार, पुष्पा रानी, नेहा कुमारी, मनोज कुमार, उदीत कुमार, अतुल कुमार, हरेन्द्र कुमार, दीनदयाल एवं अरूण कुमार ने नाटक की प्रस्तुति से खुब तालियां बटोरी।

डॉ. अंबेडकर के अपमान के खिलाफ भाजपा ने राजद के विरोध में दिया धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा। समाहरणालय आरा के सामने भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान और लालू परिवार के अहंकार के खिलाफ भाजपा ने सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, संचालन जिला मंत्री ठाकुर दयाल राम और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता प्रहलाद राय ने किया। आरा के विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि संविधान लागू होने के बाद से ही कांग्रेस द्वारा लगातार संविधान शिल्पकार डा भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया। उन्हें चुनाव नहीं लड़ने दिया गया। उनका अंतिम संस्कार भी कांग्रेस सरकार द्वारा नही किया गया। लेकिन अब तो कांग्रेस के सहयोगी दलो द्वारा भी अंबेडकर जी का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजद और विपक्षी पार्टी हमेशा से दलितो, अति पिछड़ो, पिछड़ो का हमेशा अपमान करता आया है, जबकि भाजपा ने हमेशा से अंबेडकर जी को सम्मान देने का काम किया है। सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ एनडीए सरकार सभी वर्गो का विकास कर रही है। विधायक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न देने का काम भी एनडीए सरकार ने ही किया। बड़हरा के विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माता के रूप में डा भीमराव अंबेडकर को जाना जाता है, जिनका सम्मान करना हम देशवासियों का कर्तव्य है, लेकिन पहले कांग्रेस द्वारा इनका अपमान किया जा रहा था। अब लालू जी द्वारा संविधान निर्माता और दलितों का अपमान करना निंदनीय है। मौके पर कौशल विद्यार्थी, रामदिनेश यादव, हरेन्द्र पांडेय, सियाराम सिंह, श्रीभगवान सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सम्मलेन को सफल बनाने पर दिया बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा बसस्टैंड के समीप का. रामशरण यादव पुस्तकालय स्थित पार्टी कार्यालय में सीपीआई कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामलखन सिंह ने की। अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने उपरी कमिटी सहित कार्यक्रम के एजेंडे को पेश किया। उन्होंने कहा कि रफीगंज में पार्टी का जिला सम्मेलन 5 एवं 6 जुलाई को है। सम्मेलन ऐतिहासिक हो इसके लिए प्रखंड के सभी शाखा कमिटी के सदस्यों को एक जुटता के साथ काम करना होगा। इसके पहले पटना जिला के बिहटा में 26 जून को स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती है तथा 9 जुलाई को ट्रेड यूनियन की ओर से आम हड़ताल है। सभी कार्यक्रमों में मजबूती के साथ भागीदारी निभाना है। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता मजबूती से प्रचार प्रसार में जुट जाएं। उन्होंने कहा वामपंथ की विचारधारा गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों की आवाज उठाना है। मौके पर जगनारायण सिंह विकल ने पंचायत शाखा के सदस्यों को टास्क दिया की सभी कार्यक्रमों में मजबूती के साथ पहुंचे। पूर्व प्रमुख विजय कुमार, अरूण कुमार रंजन, नंद गोपाल यादव, राजकुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, श्याम किशोर यादव, योगेन्द्र राजवंशी, बालेश्वर राजवंशी, सुदर्शन सिंह, मनोज यादव, रमती देवी, अंजनी देवी, उदय राजवंशी एवं अर्जुन यादव ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

बलिदान दिवस के रुप में मनायी गयी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड के भदवा मंडल के जैन बिगहा बूथ संख्या 53 पर मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह की अध्यक्षता एवं भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह के संचालन में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाया गया और श्रद्धांजलि सुमन अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर रामकुमार सिंह ने कहा कि स्व0 मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। मौके पर महामंत्री शशिभूषण मिश्रा, शिवकुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, झलक सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, अनिल महतो, कल्लू सिंह सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हसपुरा संवाददाता के अनुसार

भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल दक्षिणी मलहारा पंचायत के बुथ संख्या 61 ग्राम बडौखर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि समारोह बलिदान दिवस के रुप में मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता बुथ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह तथा संचालन मंडल महामंत्री ज्योति नारायण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध व्यवसायी राम बाबू गुप्ता उपस्थित रहे। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य बडौखर निवासी राम लखन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अगर भारतीय संस्कृति एवं सनातन को बचाना है तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को अपनाते हुए भाजपा को ही समर्थन करें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, पूर्व महामंत्री मिन्टु शर्मा, अनिल आर्य, उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा सहित दर्जनों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद
(RFCTLARR-2013 की धारा–5 के अधीन)

देव रिंग रोड के चैनेज 0.00 कि0मी0 8.60 कि0मी0 तक 2–लेन पथ सोल्डर सहित पथ के निर्माण के लिए सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना हेतु भू–अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्राफ्ट कॉपी प्राप्त हुआ है। इस निमित संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु RFCTLARR-2013 की धारा 5 के तहत सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतएव सूचित किया जाता है कि देव अंचल जिला–औरंगाबाद में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 27.5126 एकड़ कुल मौजा– 04, कुल प्लॉट– 171 में मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

क्र0 सं0	अंचल का नाम	मौजा	सुनवाई की तिथि, समय एवं स्थान का नाम
1	देव	चाँदपुर	दिनांकः– 26.06.2025 समयः– 11.00 बजे पूर्वा0 से स्थलः– भवानीपुर पंचायत भवन, देव
2		देव	
3		भवानीपुर	
4		कुसहा	

चूँकि उक्त भूमि परियोजना हेतु तुरंत अपेक्षित है, अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

सामाजिक प्रभाव आकलन के निमित सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, देव अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद लोक सुनवाई में भाग लेंगे। अंचल अधिकारी, देव, अंचल निरीक्षक, देव एवं हल्का कर्मचारी, देव लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल की सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। लोक सुनवाई की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग अधियाची विभाग द्वारा करायी जायेगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

PR. No. 006824 (REVENUE) 25-26

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

'अपना फर्ज निभायेंगे, वोट डालने जरूर जायेंगे' अभियान के तहत सीडीपीओ ने की मतदाता जागरुकता

रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। गांव से लेकर शहर तक हर तरफ चुनावी बयार बहने लगी है। हर चौक चौराहे नुक्कड़ पर चुनावी चर्चाएं होने लगी है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा मतदान को जागरूक करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसें में अब मसौढ़ी में गांव से लेकर शहर तक स्वीप के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को अब घर-घर जाकर शपथ दिला रहे हैं, ऐसे में सोमवार को मसूरी सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के साथ रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना



है, थकेंगे नहीं रुकेगी नहीं वोट जरूर करेंगे हम। आदि स्लोगन के साथ लोगों में एक आत्मविश्वास भरा जा रहा है कि वोट के अधिकार को पहचाने और अपने वोट का प्रयोग करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सतत भागीदारी निभाये, गांव से लेकर शहर तक हर-हर-घर दस्तक अभियान भी चलाया जा रहा है। जहां नॉक द डोर. अभियान चलाते हुए मतदाताओं को बताया समझाया सिखाया जा रहा है इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के द्वारा रंगोली कार्यक्रम चला कर मतदान का शपथ दिलाया गया। मौके पर सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायिका और पर्यवेक्षक शामिल रहे। नीलू सिन्हा, संयुक्ता कुमारी, राधा कुमारी, मोनिका कुमारी, रूबी कुमारी, सुगंधा कुमारी, अर्चना कुमारी, सेविका में मंजूषा कुमारी, दीपा कुमारी, सरीता, सुजाता आदी शामिल रही।

पंचायत उपचुनाव को लेकर नहीं हुआ नामांकन

मसौढ़ी। पंचायत उपचुनाव को लेकर आगामी 9 जुलाई को वोटिंग होनी है। वहीं 11 जुलाई को मतगणना होगी। जिसकी तैयारी प्रखंड स्तर पर की जा रही है। लेकिन इस बीच मसौढ़ी अनुमंडल में मसौढ़ी प्रखंड में एक भी नामांकन नहीं हो पाया है। जिसको लेकर एक बार फिर से मसौली प्रखंड के दो पंचायतों में चुनाव नहीं होंगे। रिक्त पद रह जाएंगे। मसौढ़ी प्रखंड के नदौल पंचायत में पंच पद के लिए चुनाव होने थे, जहां 429 मतदाता थे, इसके अलावा दौलतपुर पंचायत में वार्ड सदस्य के लिए चुनाव होने थे जहां 110 मतदाता थे। ऐसे में इन दोनों पंचायत में एक भी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल नहीं कराया है। जिसको लेकर दोनों पंचायत में वार्ड और पंच पद के पद रिक्त रह गए हैं। जिसको लेकर प्रशासन के बीच परेशानी बढ़ गई है। ऐसे में एक बार फिर से इन दोनों खाली पड़े हुए पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि दोनों पंचायत में पंच पद और वार्ड सदस्य के लिए चुनाव होना था किसी ने भी अपना नामांकन नहीं कराया गया है। प्रशासन की ओर से लगातार कई जनप्रतिनिधियों से संपर्क साधने की कोशिश की गई कि आखिर किसी भी उम्मीदवार का नामांकन कराया जाये लेकिन इन दोनों पंचायतों में रुचि नहीं लेते दिख रहे हैं।

स्कूल खुलने पर बच्चों का किया गया स्वागत

फुलवारीशरीफ (नबिटा संवाददाता)। कहीं आपने देखा है कि स्कूल खुलते ही बच्चों के माथे पर तिलक लगाया जाए, उन पर फूल बरसाए जाएं, और वे भी अपनी शिक्षिका को तिलक लगाकर गुलदस्ता भेंट करें। जी हां, फुलवारीशरीफ के एक विद्यालय में शिक्षा विभाग के ''स्वागत सप्ताह'' की शुरुआत एकदम अनोखे और संस्कारयुक्त अंदाज में हुई। गर्मी की छुट्टियों के बाद 23 जून को जब बच्चे स्कूल पहुँचे, तो स्कूल परिसर किसी त्योहार की तरह सजा हुआ था. जैसे ही बच्चे मुख्य द्वार पर पहुंचे, शिक्षिका नीतू शाही ने उन्हें तिलक लगाकर और फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया. बच्चों के चेहरे पर भी चमक थी और उत्साह देखते ही बनता था। खास बात यह रही कि बच्चों ने भी अपने शिक्षकों को तिलक कर गुलदस्ते भेंट किए. यह दृश्य न केवल मन को भाया, बल्कि शिक्षा और संस्कृति का ऐसा मेल दिखा, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। 'गर्मी छुट्टी एक्सप्रेस', 'गृहकार्य एक्सप्रेस', 'गणित एक्सप्रेस', 'रीडिंग एक्सप्रेस', और 'स्वागत सप्ताह एक्सप्रेस' के माध्यम से पूरे सप्ताह बच्चों को पढ़ाई और आनंद का अनोखा मिश्रण दिया जाएगा। बच्चों के लिए सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि मस्ती, अपनापन और आत्मीयता से भरा रहा. स्कूल का यह अंदाज शिक्षा के साथ संस्कृति और संस्कार की मिसाल बन गया है।

एक नजर

बाढ़ से क्षति का होगा आकलन

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। धनरूआ प्रखंड के वीर पंचायत समेत कई गांव में कररूआ नदी एवं भुतही नदी में आए बाढ़ के पानी से खेती प्रभावित हो गई है। ऐसे में उन सभी बाढ पीड़ित किसानों को राहत देने की तैयारी में अंचल प्रशासन जुट गया है। ऐसें धनरूआ अंचल प्रशासन के द्वारा बाढ़ राहत अनुश्रवण सह निगरानी समिति की बैठक कर बाढ़ आपदा से प्रभावित परिवारों को अनुग्रहित की राशि सम्पूर्ति पोर्टल के माध्यम से सीएफएमएस के द्वारा सीधे उनके खातों में भुगतान करने की तैयारी में जुट गई है। ऐसे में अंचलधिकारी ने आगामी बुधवार को धनरूआ स्वर्ण जयंती भवन में एक बैठक आहूत की गई है जहां सभी पंचायत प्रतिनिधियों, कृषि पदाधिकारी, के साथ अन्य पदाधिकारी की बैठक आहूत की गई है जहाँ उन सभी बाढ़ पीड़ितों के आकलन और समीक्षा करते हुए राहत कार्य चलाए जाएंगे।

विदेशी शराब के साथ सप्लायर गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शराब छापेमारी अभियान के दौरान मसौढी पुलिस ने सोमवार की दोपहर में बढई टोला से एक घर से 25 बोतल विदेशी शराब के साथ एक सप्लाई को गिरफ्तार किया है। दरअसल मसौढ़ी पुलिस को सूचना मिली की बढई टोला में विदेशी शराब एक घर से बिक्री की जा रही है। सूचना को सत्यापन करते हुए पुलिस की टीम पहुंची जहां पर से 25 बोतल शराब जो छुपा रखे थे, उसे बरामद किया गया है, जिसमें 16 केंद्र 9 बोतल अन्य कंपनी के शराब थे। जिससे एक सप्लाई को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम ऋषभ कुमार पिता दीपू कुमार बताया जाता है पुलिस मामले की पूरे छानबीन में जुटी है।

लालू यादव जनता से मांगे माफी : रामकृपाल यादव

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भाजपा ग्रामीण पटना की ओर से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा सविधान रचयिता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के विरोध में मार्शल बाजार मोड पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के चाहने वालों इस बार की चुनाव में उनकी हैसियत बताने का कार्य करेंगी। पूर्व विधायक आशा सिन्हा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव में वह संस्कार नहीं है. अपनो को बड़े को सम्मान करें. इस अपमान की बदल बिहार की जनता लेगी. भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब डा भीमराव आंबेडकर को मूर्ति की पूजा करते है और बाबा साहेब को दिल में बसाए हुए है। पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार ने कहा कि बाबा साहेब को आजादी के बाद 1990 में अटल बिहारी वाजयेपी सरकार ने उन्हें सम्मानित किया. धरना पर श्रीराम शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष शशि कुमार, राजेश शर्मा, संदीप कुमार, विनय मेहता, अजीत यादव, संजय यादव, सुजीत कुमार , अमित यादव, आशा देवी, ब्रजेश सिंह, पवन सिंह, विकास कुमार, अमरजीत चौहान समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

तीन शराब धंधेबाज गिरफ्तार

पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बेउर थाना पुलिस ने भूपति पूर्व सिपारा इलाके से गुजर रहे नये एलिवेटेड रोड पर छापेमारी कर एक लग्जरी कार से 598 लीटर बीयर और 11.43 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है. इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया था.डीएसपी फुलवारी शरीफ सुशील कुमार के नेतृत्व में की गई जांच के आधार पर तीन अन्य तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बेउर थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पकड़ा गया व्यक्ति रमेश कुमार है, जो दीघा कुर्जी बालू पर का निवासी है और उसी कार का चालक था। पूछताछ में रमेश ने बताया कि इस शराब तस्करी गिरोह से दीपक कुमार (दीघा कुर्जी बालू पर), गोलू कुमार (फुलवारी, महुआ बाग) और इस पूरे नेटवर्क का सरगना रवि कुमार (दानापुर, आरा मशीन रोड, वार्ड संख्या 19) भी जुड़े हैं। रवि कुमार, जो झारखंड से शराब की आपूर्ति करवाता है, को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस के अनुसार, वह हर एक कार्टन पर ?100 की कमाई करता था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 3 में 'तेरे नाम' लुक के पीछे की असली प्रेरणा का हुआ खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीज़न 3 में सलमान खान ने 'तेरे नाम' लुक के पीछे की असली प्रेरणा का खुलासा किया। कपिल ने एक सवाल पूछा, और सलमान ख़ान ने हेडलाइन बना दी। सीज़न 3 की शुरुआत उन कहानियों से हुई है जिन्हें कोई स्क्रिप्ट लिख ही नहीं सकती थी।

मुंबई, 23 जून 2025: हम सबको लगता था कि हम तेरे नाम के बारे में सब कुछ जानते हैं - उसका दिल टूटने वाला प्यार, भावनाओं की गहराई, और वो कभी न भूलने वाली हेयरस्टाइल। लेकिन सलमान ख़ान ने नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीज़न 3 के पहले ही एपिसोड में सबको हैरान कर दिया। एक ऐसे चौंकाने वाले पल में, जिसने दर्शकों (और कपिल) को भी हैरानी में डाल दिया, सलमान (सिकंदर) ने बताया, ये जो तेरे नाम का जो लुक है, वो असल में अब्दुल कलाम साब से इंस्पायर्ड था और उस दौरान मुझे लगता है राहुल रॉय का भी ऐसा ही हेयरस्टाइल था। मुझे लगा कि छोटे शहरों के हीरो के लंबे बाल होते हैं। पुराने ज़माने के हीरो भी लंबे बाल रखते थे, तो वहीं से ये आया।ङ्क जी हां, आपने बिलकुल सही पढ़ा - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, देश के 'पीपल्स प्रेसिडेंट', उस लुक की प्रेरणा में से एक थे।

सिर्फ द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीज़न 3 में ही आपको दिल छू लेने वाली पुरानी यादें, ज़बरदस्त हँसी-मज़ाक और ऐसी हैरान कर देने वाली पर्दे के पीछे की कहानियों का जबरदस्त मेल देखने को मिल सकता है। सीज़न 3 की शुरुआत धमाकेदार अंदाज़ में हुई है।

अफसरशाही के खिलाफ बीडीसी की बैठक में मुखिया ने किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय के शहीद संजय सिन्हा सभागार में सोमवार को हुई पंचायत समिति की बैठक में उस वक्त हो हंगामा होना शुरू हो गया, जब बात अफसरशाही पर आ चली। दरअसल मसौढ़ी प्रखंड के पंचायत के मुखिया और पंचायत समितियों की सोमवार को बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सद्दाम हुसैन ने की। मौके पर विधायक रेखा देवी एवं सभी विभागों के पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान शाहाबाद पंचायत की मुखिया रवि प्रकाश ने बीडीओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रखंड में अफसरशाही हावी है। शाहाबाद पंचायत में आवास सहायक अरूण कुमार आवास योजना के नाम पर वसुली कर रहा है। जिसकी शिकायत बीडीओ से करने के बावजूद कोई कारवाई नही कर रहे



है। ग्रामीण आवास सहायक गाली गलौज पर उतारू हो जाता है। यह कहकर सभी पंचायत के मुखिया कुर्सी को छोड़कर जमीन पर बैठ गए और इसका विरोध जताया। मौके पर विधायक रेखा देवी ने भी बीडीओ और सभी पदाधिकारी को जनप्रतिनिधियों को सम्मान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सम्मान करें, अगर सम्मान नहीं मिल रहा है तो यह बिल्कुल ही गलत है। इसके अलावा मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंकू कुमार ने भी प्रशासन पर आरोप लगाए हैं कि किसी भी मुखिया की बात नहीं सुनी जा रही है पंचायत समितियां की बात नहीं सुनी जा रही है। वहीं चरमा पंचायत, भैसवां पंचायत और निशियावां पंचायत के मुखिया ने आवास योजना के नाम पर वसुली का आरोप लगाया। इसके बाद घंटों मान मनोव्वल होते रहा अंत में बीडीओ ने आरोपी आवास सहायक पर कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव में लिया तब जाकर सभी मुखिया कुर्सी पर बैठे। उसके बाद सदन चली, सदन में कई तरह की बातें आई, जिसमें आंगनबाड़ी, मनरेगा, बिजली, स्वास्थ्य शिक्षा और बैंक से संबंधित पर चर्चा हुई, इसके अलावा विधायक रेखा देवी ने भी कहा कि प्रखंड में अफसरशाही बढ़ी हुई है। इसके अलावा प्रखंड प्रमुख सद्दाम हुसैन ने कहा कि पंचायत समितियां का टीए नहीं रहने से 9 महीने से काम बंद है। एक भी काम नहीं हो रहे हैं। वही उप प्रमुख पंकज उर्फ मिल्टन ने बताया की जिसमें जियो टैग एमबी बुक नहीं हो पा रहे हैं। सभी विकास के कार्य बाधित हो चुके हैं। जल्द से जल्द दिए की बहाली करने की मांग हो। मौके पर सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति एवं पदाधिकारीगण शामिल रहे।

बच्चों का तिलक लगाकर पुष्प से किया गया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार से मसौढ़ी के सभी सरकारी विद्यालय खुल गये है. इस बार विद्यालय खुलने पर बच्चों के लिए स्वागत सप्ताह का आयोजन किया गया। जहां बच्चों को बारी-बारी से तिलक लगाया गया उसके बाद फूल देकर स्वागत करते हुए स्कूल के अंदर प्रवेश कराया गया जिसमें भदौरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. मंजर शादाब, मीरचक प्राथमिक विद्यालय के दीपक शर्मा, ब्रजकिशोर प्रसाद, प्रवेज आलम, मोहम्मद शादाब आदि ने इसके उद्देश्य को बताते हुए कहा की गर्मी की छुट्टी के बाद विद्यालय खुलने पर छात्रों में शिक्षा के प्रति रूची बढ़ाना है। विभाग का मानना है कि गर्मी की छुट्टी के



कारण लगभग 23 दिनों तक विद्यालय बंद था ऐसे में विद्यालय आने की निरंतरता टूट जाती है. छात्र विद्यालय जाने से कतराते हैं. जिसे देखते हुए विद्यालय आने के साथ पढ़ाई में रूची बढ़ाने को लेकर शिक्षा विभगा द्वारा स्वागत सप्ताह मनाने का पहल किया गया है. इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाना है. इस कार्यक्रम के तहत सप्ताह के छह दिनों के लिए अलग-अलग गतिविधियां तैयार की गई है. ताकि गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को विद्यालय आना बोझ न लगे.साथ ही विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति भी शत प्रतिशत हो। वहीं छात्रों में पढ़ाई के प्रति रूची भी बढ़े। स्वागत सप्ताह के प्रथम दिन 23 जून सोमवार को विद्यालयों की साफ-सफाई करा कर उसे सजाया जाएगा। इस दौरान विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों का फूल-माला के साथ शिक्षक अभिनंदन करेंगे।

उपराष्ट्रपति के आगमन पर अधिकारियों ने की तैयारी की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उपराष्ट्रपति के मुजफ्फरपुर आगमन के अवसर पर जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा संयुक्तादेश जारी किया गया है। इसके लिए महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित करते हुए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अधिकारियों को अपनी-अपनी ड्यूटी पर ससमय उपस्थित



होने तथा प्रदत्त निदेश के अनुरूप पूरी सतर्कता के साथ विधि व्यवस्था संधारित रखने एवं अपने कर्तव्य का जिम्मेदारी से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारीद्वय ने कार्यक्रम स्थल एलएन मिश्रा कॉलेज में बैठक का आयोजन कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की तथा अधिकारियों को भिन्न-भिन्न स्थलों पर निर्धारित कार्य का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टू को लगातार पर्यवेक्षण करने तथा अवगत कराते रहने का निर्देश दिया गया है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इस अवसर पर यातायात, पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। एल एन मिश्रा कॉलेज में माननीय उपराष्ट्रपति का कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे से है। बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रेयाश्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार पुलिस उपाधीक्षक नीलाभ कृष्ण सहित कई अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाकपा माले ने किया प्रदर्शन : दानापुर। भाकपा माले ने सबरी नगर के भूमिहीनों गरीबों को उजाडने की नोटिस वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को अंचल कार्यालय के गेट पर रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा माले के राज्य कमिटि सदस्य जितेंद्र कुमार ने की। प्रदर्शन कर रहे सबरी नगर के गरीब भूमिहीनों ने बताया कि 50 वर्षा से बसे हुए हैं लगातार भूमि माफियाओं, दलालों व बिल्डर के माध्यम से गरीब महादलित भूमिहीनों को उजाडने की साजिश की जा रही है।

संबद्ध अनुदानित महाविद्यालय संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आंदोलन शुरु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। धरना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी ने आम सभा की। संबद्ध अनुदानित महाविद्यालय के पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार एवं प्रो संत ज्ञानेश्वर ने प्रेस वार्ता कर आंदोलन की रुपरेखा पर प्रकाश डाला। डॉ सुनील कुमार ने बताया कि कई बार संबद्ध कॉलेजों की समस्याओं के निराकरण हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया गया लेकिन कोई कारवाई नहीं होने की स्थिति में मजबूरन आंदोलन की शुरुआत की गई है। प्रेस वार्ता में पदाधिकारियों ने मूल मांगो पर प्रकाश डाला।

संबद्ध कालेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन मद में आठ महीने पूर्व ही सरकार द्वारा अनुदान की राशि भेजी जा चुकी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जानबूझकर व्यवधान पैदा किया जा रहा है और राशि का वितरण नहीं किया जा रहा है। आर्थिक संकट से जूझ रहे शिक्षकों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। कॉलेज के शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाता है, लेकिन मूल्यांकन पारिश्रमिक के लिए शिक्षक दर- दर भटक रहे हैं। विश्वविद्यालय इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है। संबद्ध कॉलेजों को भी नैक मूल्यांकन कराना अनिवार्य है। नैक में शोध कार्य और लेख प्रकाशन पर अधिकतम अंक है। फिर भी कुलपति द्वारा शिक्षकों को शोध कार्य कराने से वंचित कर दिया गया है। यह कहीं से न्यायोचित नहीं है। अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेजों में शासी निकाय का गठन नहीं किया गया है। इससे महाविद्यालयों की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों का ईपीएफ खाता अभी तक सुनिश्चित नहीं किया है। पत्रांक 2305 दिनांक 08.07.2024 के पत्र को वापस लिया जाए। शिक्षकों को गणक कार्य से वंचित कर दिया गया है जो कहीं से न्यायोचित नहीं है। शिक्षकों का ठहराव भता के 750 से 2000 रूपये किया जाए। आंतरिक परीक्षा का मूल्यांकन पारिश्रमिक 15 प्रति छात्र किया जाए। कॉलेज के छात्रों से औपबंधिक प्रमाण पत्र और मूल प्रमाण पत्र की राशि विश्वविद्यालय में जमा कराए जाती है, मगर कई महीने बीत जाने के बाद भी प्रमाण पत्र के लिए विश्वविद्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। संगठन ने मांग की है कि संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों को भी विश्वविद्यालय में पदाधिकारी बनाया जाए।

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद

(खनन शाखा)

औरगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वारूप जप्त बालू की नीलामी **दिनांक– 10.07.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से** समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्त्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य **दिवस–11.07.2025** को नीलामी करायी जायेगी।

जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–

क्र०	जप्त बालू का भंडारण स्थल	भू–निदेशांक	बालू की मात्रा (घनफीट में)	सुरक्षित जमा राशि (रू० में)	अग्रधन राशि
01	मुफस्सिल थाना परिसर, औरंगाबाद।	Lat-24.737574, Log-84.406233	18000	305100	76300
02	डी0आर0सी0सी0 कैम्पस, औरंगाबाद।	Lat-24.7432, Log-84.3923	76000	1288200	322100
03	हसपुरा थाना, औरंगाबाद।	Lat-24.98005, Log-84.528203	1800	30600	7700
04	गोह थानान्तर्गत ग्राम सरसौल।	Lat-25.016263, Log-84.605447	2000	33900	8500
05	नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप	Lat-24.59783833, Log-84.1248299	2000	33900	8500

1. नीलामी के भार्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad. bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
2. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 8969672525) से संपर्क किया जा सकता है।
3. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 006685 (Mines) 2025-26

समाहर्ता, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय

नगर परिषद्, दाउदनगर

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2025–26

(E-Tendering On website-eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक–20.06.2025
2. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय : दिनांक–07.07.2025 को समय–11.00 बजे पूर्वाह्न से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
3. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–14.07.2025 को समय–3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–16.07.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (कंडिका 3 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पश्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
7. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
8. कार्य का विवरण–

क्र0 सं0	ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01	02	03	04	05	06	07	08
1	01	वार्ड सं0–04 एवं 05 में वि श्वनाथ मिश्रा के घर के पास पुलिया से दक्षिण मुंद्रिका सिंह के घर तक आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य।	4527800.00	90600.00	5000.00	590.00	02 माह
2	02	वार्ड सं0–02 में मुख्या जी के घर से राम अवतार चौधरी के घर तक एवं किला रोड से योगेन्द्र महतो के घर से होते हुये मोहन पटवा के घर तक तथा दिलीप चन्द्रवंशी के घर से राजेन्द्र पाण्डेय के घर तक तथा मोहन तांती के घर से मनोहर स्वर्णकार के घर तक एवं लल्लु लाल के घर से सत्यनारायण महतो के घर तक तथा चंद्रिका रजक के घर से मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य।	3760700.00	75300.00	5000.00	590.00	02 माह

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी

नगर परिषद्, दाउदनगर

PR- 006739 (B & C) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में सभी विभागों की हुई समीक्षा

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के सभागार भवन में सोमवार को जिलाधिकारी के आदेश पर प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी मासूम अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की एक बैठक की गई। बैठक में प्रखंड स्तरीय शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, कृषि, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति, जीविका, पशुपालन विभाग, उद्यान, आवास, श्रम, शौचालय एवं पीएचईडी विभाग समेत सभी विभागों के अधिकारियों से क्रमवार उनके विभागों के संबंधित योजनाओं की जानकारी ली गई। साथ हीं लंबित योजनाओं की एक रिपोर्ट तैयार कर उसका जल्द से जल्द निष्पादन का निर्देश दिया गया। वरीय प्रभारी पदाधिकारी मासूम अंसारी ने बताया कि विभागीय निर्देश व डीएम के आदेश के आलोक में प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक



की गई है। यह बैठक अब हर सप्ताह के सोमवार को किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं एवं सेवाओं का ससमय निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे। और उसका रिपोर्ट तैयार कर अगले बैठक में प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ अधिकारी ने पंचायत स्तरीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने पर भी चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान सीओ सुधांशु शेखर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रूपेश कुमार, बीईओ राजेश कुमार यादव, मनरेगा पीओ शील भूषण, सीडीपीओ मो. सोहैल अहमद, एमओ अमरेंद्र कुमार, जेएसएस अनिल कुमार सिन्हा, नोडल सह कृषि समन्वयक श्रीकांत ठाकुर, बीसी रामविनय प्रसाद समेत प्रखंड स्तरीय सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

भुगतान के लिए भटक रहे पीएचइडी के संवेदक

आवंटन की प्रत्याशा में लटका सवा करोड़ रुपया

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की ओर से दिये गये आदेश के आलोक में जिले के एक दर्जन से अधिक संवेदको ने काम तो करा दिया। लेकिन अब भुगतान के लिए एक वर्ष से अधिक दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। स्थिति यह है कि कई संवेदक भुखमरी की स्थिति में आ गये है। मामला लोकसभा चुनाव के दौरान अर्द्धसैनिक बलो के आवासन स्थल पर शुद्ध पेयजल, शौचालय उपलब्ध कराने का है। अल्प सूचना पर कार्य करा चुके चंदन कुमार, भरत शर्मा, धनंजय तिवारी, सुनीता ठाकुर, बाबूजान अंसारी, कृष्ण कुमार, सुधांशु पांडेय आदि ने बताया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 में जिले के विभिन्न प्रखंडो में अद्धैसैनिक बलो के आवासन स्थल पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चापाकल, स्नानघर एवं शौचालय का निर्माण कराया गया। लेकिन एक वर्ष से अधिक दिन बीत जाने के बावजुद भुगतान की दिशा में कोई कार्रवाई नही की गयी है। जब भी हम संवेदक विभागीय अधिकारी के पास जाते है तो यहीं कहा जाता है कि आवंटन अभी नही आया है। जिला मुख्यालय से आवंटन मांगा गया है । आवंटन आते हीं आपसब का भुगतान कर दिया जायेगा। हम दौड़ते दौड़ते थक चुके है। लेकिन अब विधानसभा चुनाव भी सामने है। यदि ऐसी स्थिति होगी तो हम सभी संवेदक पुनः विधानसभा चुनाव में कायार्देश का वहिष्कार करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में पुछे जाने पर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता संयोग कुमार ने बताया कि आवंटन के लिए पत्राचार किया गया है।

पुलिस सार्जेंटों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चंपारण रेंज के बगहा, बेतिया एवं मोतिहारी जिला बल में तैनात पुलिस सार्जेन्टों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से आरंभ हुयी। नगर के पुलिस लाइन में सोमवार को प्रशिक्षण का उद्घाटन चंपारण रेंज के डीआईजी हर किशोर राय, बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज, मोतीहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए डीआईजी ने कहा कि सार्जेंट के जीवन में अनुशासन का काफी महत्व है। अनुशासित सार्जेंट ही पुलिस बल को बेहतर कमांड कर सकता है। सार्जेंट को कमांड करने का तरीका ज्ञात होनी चाहिए। सार्जेंट के ऊपर काफी जिम्मेवारी होती है। सार्जेंट को तकनीकी ज्ञान का होना आवश्यक है। यह ज्ञान काम करने से प्राप्त होता है। मोतीहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि चुनाव में भी पुलिस लाइन की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आपस में सामंजस्य बनाकर काम करनी चाहिए। आपसी सामंजस्य से काम न सिर्फ आसान होता है, वरन बेहतर तरीके से भी होता है। बगहा एसपी सुशांत



कुमार सरोज ने कहा कि वर्दी और अनुशासन एक दूसरे के पूरक है। जीवन में अनुशासन को इस तरह समाहित करें कि आपके अधिनस्थ उसका अनुसरण करें। जीवन और काम में ईमानदार रहे। पुलिस आर्डर का अनुसरण करें। रिटायर पुलिस अधिकारियों से भी सीखने का प्रयास करें। प्रशिक्षण के दौरान परिचारियों को काम करने के तरीके, मैनेजमेंट, आपसी समन्वयन आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर पुलिस लाइन के डीएसपी देवानंद राउत समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

टोल टैक्स बचाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों से गुजर रहे वाहन,भारी जाम की स्थिति

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड मुख्यालय स्थित सड़क किनारे सब्जियां की दुकानें लगने से अभी जाम से निजात हुआ नही की टोल टैक्स बचाने के चक्कर में रक्सौल जाना वाली सभी 18 चक्का वाली भारी वाहन टेलारा ट्रक अब उसी बाजार से होगर रिहायशी इलाका मझौलिया गांव होकर सैकड़ों गाड़ियां प्रतिदिन गुजरती है।जिसे मझौलिया गांव से लेकर चौक स्थित सड़क किनारे लगने दुकान तक घंटो जाम में फसे रहने को लोग मजबूर हैं।ग्रामीणों में नगीना शर्मा,सुरेश शर्मा,रामदेव पासवान कैलास राम यादव लाल प्रसाद बिहारी राम मकसूद आलम आदि लोगों ने बताया कि छपवा से रामगढ़वा जानने वाली रास्ते मे टोल टैक्स प्लाजा पड़ता है।टोल टैक्स बचाने के चक्कर में टेलारा ट्रक रिहायशी इलाके मझौलिया गांव होकर सैकड़ों 18 चक्का वाली



भारी वाहन टेलारा ट्रक गुजरती है।मझौलिया गांव में छोटी गाड़ी भी अगर आमने सामने से आ जाये तो निकलने में थोड़ा परेशानी हो जाती है।लेकिन ये भारी वाहन टेलारा ट्रक परेशान कर के रख दी है।जिसे हमलोगो के छोटे छोटे बच्चों का घर से निकलना दुस्वार हो गया है।बड़े बड़े गाड़ियों के इस रिहायशी इलाकों से गुजरने से हमलोग कोई अनहोनी घटना नही हो जाये बच्चों को घर से निकलने नही देते हैं।छोटे बच्चों की बात अलग है बड़ो को भी घर से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ता है।स्कूली वाहन गांव से छात्रों को लेकर जाती है लेकिन ये बड़े बड़े भारी वाहन टेलारा गांव से गुजरते वक्त जाम फसा देता है जिसे स्कूली वाहन घंटो फसी रह जाती है।बच्चों का स्कूल का समय भी लेट हो जाता है।मझौलिया चौक से लेकर मझौलिया गांव तक भारी वाहन ट्रक गुजरने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।घर से निकलते ही जाम में फसे और चौक तक आये।एक तो सड़क पर दावा कर सब्जी की दुकान लगने से घण्टो जाम फसता है तो दूसरी तरफ ये भारी वाहन नाक में दम कर रखी हुई है।

बाढ़ को लेकर अधिकारी रहे अलर्ट : सांसद सुनील

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के सभागार भवन में सोमवार को वाल्मीकि नगर के सांसद सुनील कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ से संबंधित तैयारियो को लेकर एक बैठक की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल स्तरीय बाढ़ की तैयारी को लेकर सांसद ने अधिकारियो से आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान सांसद ने जल संसाधन विभाग के अभियंतायो को निर्देशित किया कि बाढ़ को लेकर सभी लोग अलर्ट रहे।

बाढ़ के समय हर परिस्थिति ने आम जनमानस को क्षति का ख्याल रखे। सभी लोग अपने अपने स्तर से निगरानी करते रहे। बैठक के दौरान सांसद श्री कुमार ने कहा कि मैनाटाड़ प्रखंड अंतर्गत बिरंची के समीप पानी का दबाव बना रहता है। इसको लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है। पानी के दबाव आने पर उससे बचाव व उसकी निकासी को लेकर पहले से तैयारी कर ले। इसके साथ ही बरसात व बाढ़ के समय मे सर्पदंश की



घटनाएं बढ़ने पर सांसद ने अस्पतालों में एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता की जानकारी मांगी है। बैठक के उपरांत सांसद ने कहा कि बाढ़ से संबंधित तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट को विभाग, मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री को भेजी जाएगी। बैठक में बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता, जितेंद्र कुमार, शशिकांत कुमार, जेई सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

बारिश के बाद पंडई नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश से जहां तापमान में हल्की गिरावट आई है। वहीं बारिश के बाद पहाड़ी नदियों का जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी होने लगा है। सोमवार को क्षेत्र की पंडई नदी में जलस्तर में वृद्धि के कारण मुरली भरहवा, नोनिया टोला, दहड़वा टोला, नरकटिया, तुमकड़िया, बरईटोला, विक्रमपुर सहित कई तटीय गांव के लोगों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मानसून की शुरूआत में ही ऐसी स्थिति बनने से ग्रामीण चिंतित हैं। उनका कहना है कि अभी खेतों में धान की रोपनी शुरू ही हुई है और ऐसे में नदी में पानी बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न होने की संभावना हैं। इससे उनकी फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। हालांकि सोमवार की दोपहर से बारिश रुक गया है। इधर अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि पंडई नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की जानकारी मिली



है। सीओ ने कहा कि नदियों के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया गया है। और संवेदनशील स्थलों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जहां भी आवश्यकता होगी, प्रशासनिक स्तर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने नदी के समीप वाले ग्रामीणों को सतर्क रहने के साथ साथ किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करने की सलाह दी है।

संक्षिप्त समाचार

बाइक सवार युवक की मौत

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बेतिया अरेराज पथ में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कठैया के समीप ट्रैक्टर ट्राली की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम की बतायी जा रही है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरदिया निवासी प्रेम राम के पुत्र दीपू कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम दीपू बाइक से कठैया चौक पर कुछ सामान खरीदने गया था। उसी दौरान कठैया चौक पर हीं ट्रैक्टर ट्राली से ठोकर लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। लोगों के सहयोग से इलाज के लिए उसे जीएमसीएच लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डीएम के नाम से बनाया फर्जी फेसबुक आईडी, होगी कार्रवाई

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। डीएम के नाम से बने फर्जी फेसबुक आईडी से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जा रहा है। इस मामले में जिला प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाया है। जिला प्रशासन ने ऐसा करने वालों को चेताया है कि उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। साथ ही आम लोगों से अपील किया है कि यह कृत्य साइबर अपराधियों का हो सकता है। उनके झांसे में ना आए। इस आईडी से आए फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार या कंफर्म नहीं करें। डीएम के नाम से फर्जी फेसबुक बनाने का मामला जैसे ही जिला प्रशासन को इसकी जानकारी हुई प्रशासन हरकत में आ गई। साईबर डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि मौखिक सूचना अभी मिली है। संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नई दिशा ऐजुकेशनल सोसाईटी सस्था की ओर से शहर के बसवरिया में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम कराया गया। जिसमे सस्था के सचिव सुरेन्द्र कुमार अध्यक्ष विनय कुमार सिह और डा० राशिद सिद्दकी द्वारा सस्था के बारे में लोगों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में सस्था के सचिव सुरेन्द्र कुमार द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एव बनवाने के लिए लोगो को जागरुक किया गया। जिससे जुड़कर प्रारंभिक ईलाज का उचित लाभ ले सके। इसके साथ ही वार्ड न0 19 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मो० कजाफी द्वारा सस्था के कार्यक्रम को बेहतर बताते हुए लोगों को इस संस्था से जुडने तथा सेहत कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निरज कुमार, मोहित कुमार तथा संजीव कुमार, प्रवीण कुमार तिवारी, बकिम चक्रवर्ती उपस्थित रहे। सेहत साथी पुनम देवी, गायत्री देवी तथ अस्मिता देवी तथा सुकुमारी वर्मन उपस्थित रही।

बरसात पूर्व नाला उड़ाही अभियान का महापौर ने किया निरीक्षण

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि अबकी बार की बरसात में सघन शहरी क्षेत्र को जलजमाव मुक्त बनाए रखना नगर निगम प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए जरूरी है कि नालों की जारी तल से जारी सफाई को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए। महापौर श्रीमती सिकारिया नगर के बसंत बिहार से रेलवे लाईन होकर गुजरने वाले मुख्य नाला की सफाई का निरीक्षण के बाद मौके पर मौजूद सफाई निरीक्षक और अन्य को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि सभी वार्ड जमादारों को अपने अपने वार्ड के सभी नाला नालियों की तल से सफाई अभियान को पूरा करने के आदेश दिए गए हैं।

4300 करोड़ की लागत से बनेगी 69 किमी नई सड़क

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बेतिया से बगहा तक 4300 करोड़ की लागत से 69 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनेगी। इसको लेकर केंद्र सरकार ने राशि आवंटित कर दी है। अब जिले से गुजरने वाली एनएच-727 को टू लेन से फोर में बनेगी। केंद्र से राशि आवंटित होते ही एनएच की ओर से सड़क निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। एनएचआई के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि डीपीआर तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी गई है। सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद सड़क निर्माण को लेकर निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बेतिया में 25 वां किलोमीटर से इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा। फिलहाल विभाग को एनएच-727 व नई बन रही सड़क 139 डब्लू से जोड़कर सड़क निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। विभाग के स्तर से निर्णय होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि सड़क सीधे एनएच-727 से होकर बनेगी। या मनुआपुल सियारोसत्ती के समीप नई सड़क 139 डब्लू के पास से बनेगी। इसको लेकर विभाग को रिमांइडर की गई है। निर्णय होने के बाद स्पष्ट हो जाएगा। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि यह फोरलेन सड़क लौरिया,चौतरवा होते हुए बगहा तक बनेगी।

-गंडक नदी पर पटजिरवा व बगहा में लंबा पुल का होगा निर्माण

केंद्र सरकार ने जिले के पटजिरवा व बगहा में एक-एक बड़ा पुल निर्माण कराने की स्वीकृति दी है। यह पुल बैरिया के पटजिरवा से ठकराहां जीन बाबा के स्थान के बीच बनेगा। यह पुल एनएच-727एए का हिस्सा होगा और इसकी लंबाई 11.24 किलोमीटर होगी। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 3294.16 करोड़ रुपये है। यह पुल बिहार के बेतिया से उत्तर प्रदेश के सेवरही को जोड़ेगा। पुल के बनने से बेतिया से सेवरही की दूरी जो अभी 160 किलोमीटर है, वह घटकर 21 किलोमीटर हो जाएगी। इससे न केवल दोनों राज्यों के बीच यात्रा का समय कम होगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। जबकि बगहा-एक मलपुलवा एकनमरा रोड के समीप से उत्तर प्रदेश राज्य में बेलवानिया (कुशीनगर) तक होने वाले फोरलेन सड़क में गंडक नदी पर बनने वाले फोरलेन पुल निर्माण को लेकर (डीपीआर) तैयार करने को लेकर पहल शुरू कर दी गई है।

टोटो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव के पास छपरा-सिवान मुख्य मार्ग एनएच 531 पर टोटो व बाइक की आमने-सामने टक्कर में विक्की कुमार महतो (20) की मौके पर ही मौत हो गई। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मगाईडीह



गांव के धुपनाथ महतो का पुत्र था। इस हादसे में उसका साथी टेंगल महतो (पुत्रः कामेश्वर महतो) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को छपरा सदर अस्पताल भिजवाया। एकमा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार विक्की अपने दोस्त के साथ बाइक से नरहनी गांव में मौसी के घर गया था और लौटते समय यह हादसा हुआ। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

विद्यालय का ताला तोड़ मोटी रकम की चोरी, दो गिरफ्तार

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भंगहा थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल सबेया-भंगहा से कार्यालय का ताला तोड़ एक लाख पचपन हजार रूपए की चोरी कर ली गई है। इसको लेकर एचएम अनिल कुमार गिरि ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि शनिवार की संध्या सब्जी खरीदने के लिए वे इनरवा बाजार गए थे। बाजार से जब वापस विद्यालय लौटे तो देखा कि कार्यालय का ताला टूटा हुआ है। कार्यालय के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि अलमिरा का ताला तोड़ कैश पेटी जिसमे एक लाख पचपन हजार रुपए रखा गया था उसकी चोरी कर ली गई है। इधर एचएम ने आवेदन देकर इनरवा थाना के घोड़पकडी. के नुरूल इस्लाम व समसुल होदा पर चोरी का आरोप लगाया है।

ट्रांसफॉर्मर खराब, गांव में अंधेरा पसरा : छजवां के लोग बिजली के लिए तरसे, विभाग बना मूक दर्शक

दो दिन से बिजली गुल, गर्मी में बेहाल ग्रामीण, जेईई नहीं उठा रहे फोन, एसडीओ ने भी दिया सिर्फ आश्वासन

आंदर (सिवान)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आंदर प्रखंड के छजवां गांव में बिजली संकट गहराता जा रहा है। पिछले दो दिनों से गांव का ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा है, जिससे पूरे गांव में अंधेरा छा गया है। 40 डिग्री के पार जा रहे तापमान में ग्रामीण बिजली के बिना जीने को मजबूर हैं। गांव के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बेहाल हैं, लेकिन बिजली विभाग की नींद अब तक नहीं टूटी है।

फोन पर नहीं उठाया जेई ने रिसीवर, ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों ने बताया कि मीरपुर के जेई को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने एक बार भी कॉल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा। गांव के लोगों में इसे लेकर काफी रोष है।



उनका कहना है कि जब भी कोई समस्या होती है, जेई गायब हो जाते हैं। विभाग की यह लापरवाही अब बर्दाश्त के बाहर है।

एनआरआई ने जताई चिंता, एसडीओ से बात के बाद भी नहीं मिला समाधान

छजवां निवासी एनआरआई हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने जिले के वरीय अधिकारियों से बात करने की कोशिश की, लेकिन कहीं से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। आखिरकार बिजली विभाग के एसडीओ से फोन पर बात हुई, लेकिन वहां से भी सिर्फ आश्वासन ही मिला।

बिजली नहीं तो पेयजल भी संकट में

गांव में बिजली के अभाव का असर पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। हैंडपंप से पानी खींचना कठिन हो गया है और मोटर पंप नहीं चलने से कई घरों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है।

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया, तो वे बिजली कार्यालय का घेराव करेंगे। गांव के युवा अब सोशल मीडिया के जरिए भी प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं।

बिजली विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

ऐसे समय में जब सरकार हर गांव तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने का दावा कर रही है, एक ट्रांसफॉर्मर न बदल पाना विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब मीडिया के माध्यम से उनकी आवाज शासन तक पहुंचेगी और जल्द समाधान होगा।

नामांकन पत्रों की हुई संवीक्षा, सभी नामांकन वैध

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड अंतर्गत पंचायत उपचुनाव को लेकर विभिन्न पदों पर हुए नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा के दौरान भेड़िहरवा में सरपंच पद के सभी अभ्यर्थियो का नामांकन वैध पाया गया। उप चुनाव के निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि संवीक्षा में सभी नामांकन वैध पाए गए है। 24 एवं 25 जून को अभ्यर्थिता वापसी की तिथि निर्धारित है। अभ्यर्थिता वापसी के पश्चात 26 जून को अंतिम रूप से सूची का प्रकाशन एवं प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। बता दे कि भेड़िहरवा पंचायत से सरपंच पद के लिए एकबाल हुसैन, सतीश कुमार राय, नौशाद आलम, सेराज अहमद, बबिता देवी, साहिल कुमार वर्मा चुनावी मैदान में है।

उच्च मतदान प्रतिशत के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को और सशक्त बनाएगा औरंगाबाद : श्रीकांत शास्त्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। समाहरणालय के सभाकक्ष में मंडे फॉलोअप बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 की तैयारियों एवं जिला स्तर पर संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वीप नोडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका, समाज कल्याण, खेलकूद, महिला एवं बाल विकास, नेहरू युवा केंद्र, एनसीसी तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के समन्वय से मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी और व्यापक स्तर पर संचालित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव, पंचायत, विद्यालय, महाविद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं, ताकि जिले के हर मतदाता तक यह संदेश पहुंचे कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वीप कार्यक्रम केवल औपचारिकता न रहकर जनसरोकारों से जुड़ा, सहभागी और संप्रेषणीय बने, जिससे इसका सीधा प्रभाव मतदान प्रतिशत में वृद्धि के रूप में दिखाई दे। प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विशेष अभियान चलाए जाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से संदेशों को रोचक और संप्रेषणीय स्वरूप में प्रसारित किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि सभी शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता क्लब को सक्रिय किया जाए तथा विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, ईवीएम ईवीएम-वीवीपैट के संचालन और मतदाता सूची की जानकारी प्रदान की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, संवाद, रैली, सांस्कृतिक प्रतियोगिता, शपथ कार्यक्रम आदि को स्थानीय जन सहभागिता से जोड़ा जाए जिससे इन कार्यक्रमों की गूंज प्रत्येक घर तक पहुंचे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता केंद्रों पर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान यह तय किया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में स्वीप गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी तथा साप्ताहिक रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजी जाएगी। अंत में जिलाधिकारी ने विश्वास जताया कि औरंगाबाद जिला, मतदाता जागरूकता एवं जनभागीदारी के क्षेत्र में राज्य के अन्य जिलों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेगा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उच्च मतदान प्रतिशत के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को और सशक्त बनाएगा।

वज्रपात से बुजुर्ग की मौत, दो अन्य जख्मी

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। वज्रपात की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग जख्मी हो गए। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के अकौना गांव की है। मृतक की पहचान 60 वर्षीय शिव सिंह के रूप में की गई है। घायलों की पहचान नहीं हो सकी है, उनका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दरअसल सोमवार दोपहर शिव सिंह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे, इसी क्रम में बारिश होने लगी। वर्षा से बचने के लिए वे बेर के पेड़ के नीचे छिप गए, तभी अचानक वज्रपात की घटना घटित हुई जिसकी चपेट में वे आ गए। इस घटना में वे बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद आसपास के लोगों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया, इसके उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। उन्होंने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि वज्रपात से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है, जबकि दो लोग जख्मी हैं। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी स्थिति ठीक है।

नक्सलियों के नापाक मंसूबे को जिला पुलिस एवं सीआरपीएफ ने किया विफल

पहाड़ी इलाके से दो आईईडी बरामद


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप दो आईईडी बम बरामद किया गया है। यह कार्रवाई केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं औरंगाबाद पुलिस के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। मदनपुर थाना क्षेत्र के गोबरदाहा पहाड़ी क्षेत्रों के आस-पास संयुक्त कार्रवाई में पहाड़ी से एक प्रेशर एवं एक कमांड आईईडी बरामद किया गया। तत्पश्चात बरामद प्रेशर आईईडी को यथावत स्थान पर ही सुरक्षात्मक तरीके से विनष्ट कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नक्सलियों के खिलाफ यह एक बड़ी सफलता है। नक्सलियों ने बड़ी वारदात की मंशा से जमीन के अंदर आईईडी को प्लांट किया था। उनकी गतिविधियों की जानकारी के बाद सुरक्षा बलों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया और दो शक्तिशाली आईईडी बरामद किया। उन्होंने बताया कि नक्सली चुनावी समय में अपनी गतिविधियां तेज करने की फिराक में रहते है। इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाए जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।

कांग्रेस नेता ने दो कट्ठा जमीन पार्टी को देने की घोषणा की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। कांग्रेस पार्टी ने अपनी भू-सम्पदा को संरक्षण के लिए एक टीम गठित की है। रविवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के भू-सम्पदा के चेयरमैन सह कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम औरंगाबाद पहुंची। इस टीम में पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता संजय कुमार भारती, बैजनाथ शर्मा एवं मल्लू जी प्रमुख रूप से शामिल थे। सर्किट हाउस में औरंगाबाद जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में एक बैठक की गई, जिसमें पार्टी के पास भू-सम्पदा कैसे बढ़े इसके लिए लोगों से राय और विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता विजय पांडेय ने नबीनगर के जयनगरा में दो कट्ठा जमीन ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के नाम पर देने की घोषणा किया। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने विजय पांडेय को बधाई दी है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, अजय सिंह, जयसिंह, धमेन्द्र पासवान, विजय शंकर पाण्डेय, चुलबुल सिंह, एहसान सिद्धिकि, अजिम खां, इरफानुल्लाह, विनय सिंह, नवीन शर्मा, बब्लू सिंह, धीरेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

रेप कांड के आरोपित को उम्र कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में एक अभियुक्त को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पॉक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने महिला थाना के एक कांड में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए कारधीन अभियुक्त उपहारा थाना क्षेत्र के हसामपुर निवासी कौशल कुमार उर्फ नटवर को कड़ी सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त को 20.06.25 को दोषी करार दिया गया था। आज सजा के बिंदु पर अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है, जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भी आदेश दिया गया है कि पीड़िता को 3 लाख रूपये प्रतिकर दिलवायें। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक ने 29.11.23 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया गया कि नाबालिग लड़की बधार में घास काटने गई थी, इसी क्रम में अभियुक्त ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में पीड़िता लहूलुहान हो गई थी। घटना के बाद से अभियुक्त 1 साल 6 माह 21 दिनों से जेल में बंद है।

विभिन्न अपराधों में 50 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाईयों को अंजाम दिया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 50 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 11, शराब के शीर्ष कांडों में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 670 वाहनों की जांच की गई जिसमें 55500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 38 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या भी 02 है। इसी क्रम में 42 लीटर देसी, 4.68 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है, वहीं 2 बाइक एवं 1 ट्रैक्टर जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की मानें तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

पूर्व मंत्री ने एनएच 139 को फोरलेन में तब्दील करने की उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिखकर झारखंड और बिहार को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 को फोरलेन में तब्दील करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग न केवल औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा से भी इसका सीधा संबंध है। अपने पत्र में डॉ. पासवान ने बताया है कि एनएच139 झारखंड के पलामू से शुरू होकर बिहार के औरंगाबाद, अरवल होते हुए राजधानी पटना तक जाती है। पलामू से औरंगाबाद के कुटुंबा प्रखंड तक सड़क को फोरलेन में बदला जा रहा है, परंतु शेष खंड अब भी दो लेन का ही है, जो वर्तमान ट्रैफिक दबाव को वहन करने में असमर्थ है। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा वर्ष 2024 में कराए गए ट्रैफिक सर्वे के अनुसार इस मार्ग पर प्रतिदिन औसतन 18,077 पैसेंजर कार यूनिट दर्ज किए गए हैं, जबकि फोरलेन की न्यूनतम सीमा 15,000 पीसीयू तय है। इसके अतिरिक्त केवल छह महीने में औरंगाबाद व अरवल जिलों में 44 जानलेवा दुर्घटनाएं और 37 गंभीर घायल की घटनाएं सामने आई हैं। डॉ. पासवान ने यह भी स्मरण दिलाया कि केंद्रीय मंत्री ने जनवरी 2025 में बोधगया प्रवास के दौरान सार्वजनिक मंच से इस राजमार्ग को फोरलेन में तब्दील करने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक कार्य में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग खनिज, औद्योगिक और वाणिज्यिक परिवहन के लिए रीढ़ की हड्डी है और इस पर बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए इसे जल्द से जल्द फोरलेन में बदलना आवश्यक है। पूर्व मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि औरंगाबाद से पटना तक के खंड को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए और इस संबंध में उन्हें यथाशीघ्र कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए।

मुखिया के खिलाफ पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। एक महिला के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट करने के आरोपित पिपरा बगाही पंचायत के मुखिया मोहम्मद तौहिद आलम की गिरफ्तारी की मांग लेकर पंचायतवासियों ने सोमवार को जन आक्रोश मार्च निकाला और मुखिया का पुतला दहन किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने हाथों में तख्ती लेकर मुखिया के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। विदित हो कि गांव की ही सिंधु देवी ने मुखिया पर अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ अभद्र व्यवहार व छेड़खानी तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है।

अनुदानित दर पर किसानों को सुलभता से मिल रहा बीज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में शिविर आयोजित कर किसानों के बीच सरकारी अनुदानित दर पर बीज वितरण किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य भूमि संरक्षण निदेशक सुदामा महतो, कृषि अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार पासवान, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण भूमि संरक्षण पदाधिकारी मंटू कुमार एवं बीएओ के द्वारा किसानों के बीच धान बीज, तिल, अरहर और ढैंचा का वितरण किया गया। बीएओ सुरेन्द्र राम ने बताया कि राजकीय कृषि विभाग डीपीआर अंतर्गत दस वर्ष से कम अवधि के प्रभेद धान बीज 108 क्विंटल वितरण का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री तीव्र विस्तार बीज योजना अंतर्गत 242 क्विंटल, कृषोन्नत योजना अंतर्गत सामुहिक फसल, अरहर प्रत्यक्षण 12 क्विंटल, 10 वर्ष से कम आयु के प्रभेद अरहर अनुदानित बिज 16.88 क्विंटल, डीपीआर योजना के तहत मक्का बीज 9.04 क्विंटल तथा तिल भौतिक प्रत्यक्षण 1.92 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य है, जिसे किसानों के बीच सुलभता से उपलब्ध कराया जा रहा है। निदेशक सुदामा महतो ने बताया कि किसानों को हर हाल में दो दिनों के अंदर बीज उपलब्ध करा देना है ताकि समय पर खेतों में रोपणी कर सकें। किसान सलाहकारों, कृषि समन्वयकों को निर्देश दिया गया कि किसानों के घर-घर जा कर जागरूक कर समझाएं कि सरकार आपको आर्थिक रुप से सहयोग कर रही है।

बिहार सरकार
गर्म हवाएं / लू लगने पर
क्या करें?
लू लगे व्यक्ति को छांव में पैर ऊँचा कर लिटा दें।
तंग कपड़ों को ढीला कर दें।
शरीर के तापमान को कम करने के लिए कूलर, पंखे आदि से हवा करें।
ठंडे गीले कपड़े से शरीर को पोछें, ठंडे पानी से नहलायें।
रोगी को ओ.आर.एस. का घोल / नींबू-पानी / साधारण पानी / नमक-चीनी का घोल पिलाएँ।
यदि व्यक्ति पानी की उल्टियाँ करें या बेहोश हो तो उसे कुछ भी खाने व पीने को ना दें।
उपर्युक्त उपाय करने पर भी अगर आपकी तबियत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें।
कूलर, पंखे आदि का प्रयोग करें
पैरों को ऊँचा रखें।
गर्दन, पेट एवं सिर पर गीला तथा ठंडा कपड़ा रखें
व्यक्ति को छायादार स्थान पर लिटायें एवं कपड़ा ढ़ीला कर दें
PR No.- 004577 (Disaster)D. 2025-26
आपात स्थिति में संपर्क करें
राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र (SEOC)
दूरभाष: (91) 0612-2294204 / 205
टॉल फ्री नं.: 1070, मो.नं.: 7070290170
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)
हेल्प लाईन 101 112
डी-ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ, पटना- 800 023, दूरभाष: +91(0612) 2547232, वेबसाइट: www.bsdma.org, ईमेल: info@bsdma.org